www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 2 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-26 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





मोदी ने राजनीतिक लाभ के लिए की 'मंगलसूत्र'... 02

- करोड़ों लोगों की जान बचाने के लिए कोई बड़ा कदम...
- 'आप' व 'कांग्रेस' ने की कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक

03

- इजरायल गाजा समझौते के लिए बड़ी रियायतें ...
- पाक में हिंदुओं की बेटियों का जबरन किया जा ...

07

भाजपा आईसीयू में, विदाई तय : अखिलेश 09

## दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को बम की धमकी, हड़कंप

### अभिभावकों में फैली दहशत, जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला



ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी : वीके सक्सेना, उपराज्यपाल

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में कम से कम 100 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है, इसलिए दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।



- 100 स्कूलों को धमकी वाले ईमेल मिले
- पुलिस ने कहा घबराने की जरूरत नहीं

### विभिन्न स्कूलों से 97 फोन कॉल आए

*दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 97 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह छह बजे से ही फोन आने शुरू हो गए थे। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद भी कॉल आते रहे और दमकल कर्मी अभी क्षेत्र में हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।*

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

एक अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल ने जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है। साजिश और धमकी जैसे अपराधों के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने आगे कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इसकी गहनता से जांच होगी। धमकी अफवाह है। क्योंकि तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि धमकी अफवाह प्रतीत होती है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने उन सभी स्कूलों की गहन जांच की है जहां बम रखे होने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, जांच में कुछ नहीं मिला। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा दिल्ली के कुछ स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले। दिल्ली पुलिस ने प्रोटोकॉल के अनुसार ऐसे सभी स्कूलों की गहन जांच की है।

## केसीआर के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे की रोक

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने बीआरएस चीफ और तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से बैन दिया है. चुनाव आयोग ने आचार संहिता का उल्लंघन करने के बाद यह निर्णय लिया। उन पर चुनाव प्रचार को लेकर यह रोक बुधवार 1 मई से शुरू हो जाएगी। पोल पैनल ने कांग्रेस नेता जी निरंजन की ओर से दायर एक शिकायत के आधार पर कड़ी कार्रवाई की, जिसमें बीआरएस नेता पर पार्टी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। चुनाव आयोग ने 5 अप्रैल, 2024 को सिरसिला में दिए विवादित बयान को लेकर केसीआर को फटकार लगाई। आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 का हवाला देते हुए के चंद्रशेखर राव को एक मई 2024 की रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए किसी भी सार्वजनिक बैठक, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, शो और साक्षात्कार, मीडिया में सार्वजनिक भाषण देने से रोक दिया।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

### सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका

## वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बने

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। कोविशील्ड वैक्सीन के कथित दुष्प्रभावों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक की अध्यक्षता में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का निर्देश देने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है। कोविशील्ड निर्माता की यूनाइटेड किंगडम में टीके के दुष्प्रभावों की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने यहां यह याचिका दायर की है। यह याचिका 2021 की लंबित एक जनहित याचिका के मद्देनजर दायर की गई है।

उन्होंने अपनी याचिका में दलील देते हुए केंद्र सरकार को उन नागरिकों के लिए टीका क्षति भुगतान करने और उसके लिए एक टीका क्षति प्रणाली स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से विकलांग हो गए या जिनकी मृत्यु हो गई है। दलील देते हुए आवेदक ने आगे कहा कि सरकार द्वारा सुरक्षा के आश्वासन पर कोविड-19 वैक्सीन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कोविशील्ड की वैक्सीन दी गई। याचिका में कहा गया, कोविड-19 के टीके लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने और अचानक बेहोश होने से मौत के मामले बढ़े हैं। यहां तक कि युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है, अब कोविशील्ड के डेवलपर द्वारा यूके की एक अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेज के बाद हम भारत में बड़ी संख्या में नागरिकों को दी गई उस वैक्सीन के जोखिम और खतरनाक परिणामों के बारे में सोचने के लिए मजबूर हुए हैं। सरकार को इसके लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

याचिका में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के इस मामले से केंद्र सरकार को प्राथमिकता के आधार पर निपटना होगा ताकि, भविष्य में भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन को लेकर कोई खतरा उत्पन्न न हो। कुल मिलाकर, उच्च न्यायालय (यूके में) में 51 मामले दर्ज किए गए हैं।



यूके में टीके के दुष्प्रभावों की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट आई

## सार संक्षेप

### अतुल वर्मा हिमाचल प्रदेश के नए डीजीपी बने



**शिमला।** अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के महानिदेशक के पद पर तैनात 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अतुल वर्मा को बुधवार को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। उन्होंने संजय कुंडू का स्थान लिया है, जो मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे अतुल वर्मा को सबसे महत्वपूर्ण सीआईडी विंग का प्रभार दिया गया था।

### मिसाइल आधारित स्मार्ट टारपीडो का सफल परीक्षण




**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की मिसाइल आधारित हल्की टारपीडो प्रणाली स्मार्ट का बुधवार को सफल परीक्षण किया। ओड़िशा के तटीय क्षेत्र में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए। इस परीक्षण से नौसेना की पनडुब्बी रोधी मारक क्षमता में इजाफा होगा।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। नामांकन 15 सितंबर तक किए जा सकते हैं। गृह मंत्रालय ने आज एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन पुरस्कारों के लिए नामांकन तथा सिफारिशें मंत्रालय की वेबसाइट पर राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती हैं।

### अगले दो दिन भीषण गर्मी का अनुमान



**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया कि अगले दो दिन तक पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार होगा। आज गांगेय पश्चिम बंगाल के कई स्थानों, ओडिशा, बिहार के कुछ हिस्सों में और कल उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भीषण लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है।

## यौन शोषण मामलों में मोदी की खामोशी खतरनाक : राहुल

### प्रधानमंत्री मोदी के मूक समर्थन से देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ वीभत्स यौन अत्याचार हो रहे हैं, लेकिन श्री मोदी ने इस मामले में चुप्पी साधी हैं जो खतरनाक है। उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं लेकिन श्री मोदी हमेशा की तरह इन घटनाओं को लेकर खामोश हैं। कमाल तो यह है कि कर्नाटक में सब कुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी ने यौन शोषण के आरोपी के लिए जनता से वोट मांगे। श्री गांधी ने कहा, कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा- सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया। आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया।



कमाल तो यह है कि कर्नाटक में सब कुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री ने यौन शोषण के आरोपी के लिए जनता से वोट मांगे : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

## देश के उच्च न्यायालयों में जजों के 327 पद खाली

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। देश में न्यायिक प्रक्रिया को तेज करने की मांग लंबे समय से चल रही है। लेकिन कॉलेजियम प्रणाली के साथ केंद्र के टकराव के चलते देश के 25 उच्च न्यायालयों में न्यायधीशों 327 पर खाली चल रहे हैं। जिसके चलते विचाराधीन मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि न्यायधीशों के कुल खाली पदों में से 171 पद यानी 52 फीसदी से ज्यादा पद केवल इलाहाबाद, पंजाब और हरियाणा, गुजरात, बॉम्बे और कलकत्ता उच्च न्यायालय में ही रिक्त हैं। मालूम हो कि देश के विभिनन उच्च न्यायालयों में कुल न्यायधीशों के कुल 1114 पद स्वीकृत हैं।

- सभी उच्च न्यायालयों में कुल 1114 पद स्वीकृत
- जजों की कमी से विचाराधीन मामलों की संख्या बढ़ी

## छोटे पर्दे की अभिनेत्री रूपाली गांगुली भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच छोटे पर्दे टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने भी राजनीति की ओर कदम बढ़ा दिया है। टीवी शो अनुपमा से घर-घर महशूर हुई गांगुली ने बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### 4,568 करोड़ की संपत्ति के साथ भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी सबसे अमीर

## तेलंगाना के तीन सबसे अमीर उम्मीदवार चेवेल्ला में आमने-सामने

**हैदराबाद,** 1 मई (एजेंसियां)। तीन मुख्य राजनीतिक दलों के सबसे अमीर उम्मीदवार तेलंगाना के चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र में एक दिलचस्प मुकाबले में हैं। 4,568 करोड़ रुपए की पारिवारिक संपत्ति के साथ भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी राज्य के 17 लोकसभा क्षेत्रों के सभी उम्मीदवारों में सबसे अमीर हैं। दूसरे सबसे अमीर उम्मीदवार, कांग्रेस के जी रंजीत रेड्डी भी चेवेल्ला से चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी पारिवारिक संपत्ति 435.49 करोड़ रुपए है।

दिलचस्प बात यह है कि तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार कसानी ज्ञानेश्वर भी चेवेल्ला से अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। वो बीआरएस से चुनावी मैदान में हैं। कसानी ज्ञानेश्वर की पारिवारिक संपत्ति 228.47 करोड़ रुपए है। जी रंजीत रेड्डी राज्य में एकमात्र कांग्रेस उम्मीदवार हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। भाजपा की के. माधवी लता, जो हैदराबाद से चुनाव लड़ रही हैं, 221.40 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। खम्मम से दोबारा चुनाव लड़ रहे बीआरएस के नामा नागेश्वर राव 155.90 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। बीबी पाटिल, जो जहीरबाद से बीआरएस के टिकट पर चुने गए थे, लेकिन हाल ही में भाजपा में शामिल हुए, उनकी संपत्ति 151.69 करोड़ रुपए है। 2019 में उनकी संपत्ति 128.78 करोड़ रुपए थी। भोंगिर से बीआरएस उम्मीदवार क्यामा मल्लेश के पास 145.34 करोड़ की संपत्ति है। भाजपा के अरविंद धरमपुरी के पास 109.89 करोड़ की संपत्ति है। 2019 में उनके पास 87.69 करोड़ की संपत्ति थी। वह वर्तमान में निजामाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। नलगोंडा से बीआरएस उम्मीदवार के कृष्णा रेड्डी ने 83.66 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है।



- कांग्रेस केजी रंजीत रेड्डी की संपत्ति 435.49 करोड़
- बीआरएस से कसानी ज्ञानेश्वर की संपत्ति 228.47 करोड़



# देश

**उवाच**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी के बयान की आलोचना करते हुए कहा है कि घमंडिया गठबंधन नफरत और जहर की खेती कर रहा है, गड़बड़ी ईवीएम, वीवीपैट, चुनाव आयोग, भारतीय लोकतंत्र या सुप्रीम कोर्ट में नहीं है, गड़बड़ी इंडी गठबंधन में है: **गौरव भाटिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.5 | 21. 0 |
| मुंबई | 34.2 | 26.8 |
| कोलकाता | 41.6 | 30.0 |
| चेन्नई | 40.7 | 27.4 |

### पवन खेड़ा ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना, कहा

# लोकसभा चुनाव में भाजपा मुद्दाविहीन हो गई

**रायपुर,** 1 मई (एजेंसियां) कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा मुद्दाविहीन हो गया है। श्री खेड़ा ने यहां स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में इस आशय का दावा किया। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। श्री खेड़ा ने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है।

चुनाव आयोग की ओर से 10 दिनों बाद पहले चरण और दूसरे चरण के चुनाव के डेटा जारी करने के सवाल पर श्री खेड़ा ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि



मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। पिछले 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है। ना जाने कितने युवाओं ने, महिलाओं ने, किसानों ने और व्यवसायियों ने आत्महत्या की : पवन खेड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता

मतदान के आंकड़ों में भारी अंतर आया है। हम इसका अध्ययन करने के बाद चुनाव आयोग जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनीफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर श्री खेड़ा ने कहा कि पूरे घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का कही नाम नहीं है। मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो तो नहीं पता। श्री खेड़ा ने श्री मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री को भी चुनौती देने की भी बात कही।

भाजपा के 400 पार वाले नारे पर श्री खेड़ा ने कहा कि भाजपा 400 पार इसलिए कह रही है क्योंकि उसी नीयत में खोट है। भाजपा संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहती है जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी, लेकिन भाजपा ने विधेयक ही राजभवन में लंबित करवा दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। पिछले 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है।

## बिहार सरकार के सबसे उम्रदराज मंत्री ने ही हमपर केस करवाया था और आज जब हम बाहर हैं तो इन्हें समस्या हो रही है : तेजस्वी



**पटना,** 1 मई (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से एनडीए को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने बिहार सरकार के सबसे उम्रदराज मंत्री को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। तेजस्वी ने कहा कि इन्हीं लोगों ने तो हमपर केस करवाया था और आज जब हम बाहर हैं तो इन्हें समस्या हो रही है। इसके बाद अब तेजस्वी के इस बयान पर बिहार की सियासत की गर्मी एक बार फिर बढ़ने वाली है। दरअसल, जदयू नेता और बिहार सरकार के मंत्री ने तेजस्वी यादव पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वो जमानत पर घूम रहे हैं। उसके बाद अब इसका तेजस्वी ने अपने ही तरीके से जवाब दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि हमलोग जमानत पर घूम रहे हैं तो क्या समस्या हैं। वही केस करवाए थे तो उसके बाद कोर्ट ने हमको जमानत दिया है। इन्ही लोगों ने हमें फंसाया है। चार दिन पहले ये लोग क्या कह रहे थे। नीतीश जी क्या कह रहे थे। तो पहले उनको अपने नेता की बात सुननी चाहिए। वहीं, आरक्षण के विवाद को लेकर तेजस्वी ने कहा है कि पीएम मोदी को जानकारी का अभाव है। कर्पूरी ठाकुर जी को उन्होंने भारत रत्न जरूर दिया है, लेकिन उनके विचारों का ये लोग विरोध करते रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा कि जदयू के नेता से सवाल करना चाहिए कि कर्पूरी जी के निर्णय को गलत ठहराना सही है क्या? पहली बार उसी समय आरक्षण मिला था। चाहे वह किसी भी धर्म में सामाजिक तौर पर पिछड़ी जातियां थी। मंडल कमीशन में भी 84 से 85 ऐसी जातियां हैं जिन्हें आरक्षण का लाभ मिला था। इसकी सिफारिश हुई थी। तो सबसे पहले आरक्षण देने का काम कर्पूरी जी ने किया था। जिनको भाजपा के लोगों ने भारत रत्न दिया है और अब उन्हीं के विचारों का ये लोग विरोध भी कर रहे हैं। उधर, उन्होंने चिराग पासवान को लेकर कहा कि वो कहते थे कि जो थोड़ा सम्पन्न दलित हैं, उसको आरक्षण छोड़ देना चाहिए। तो अब वह क्यों नहीं छोड़ देते हैं। भाजपा के नेता बाबा साहब का संविधान बदल रहे हैं और चिराग पासवान कुछ नहीं बोल रहे हैं। हमें उनकी नसीहत की जरूरत नहीं है। इसलिए हम उनकी बातों पर हम अधिक ध्यान नहीं देते हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या,** 1 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया। श्रीमती मुर्मू ने यहां अपने संक्षिप्त दौरे की शुरुआत प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर से की जहां उन्होने रामभक्त हनुमान जी का दर्शन पूजन किया और आरती उतारी। बाद में उनका काफिला श्रीरामजन्मभूमि की ओर रवाना हो गया। राष्ट्रपति ने जन्मभूमि पर दिव्य और भव्य बन रहे राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### विपक्ष को राम के चरणों में आना ही पड़ेगा : ठाकुर

अयोध्या। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा कि विपक्ष के लोग वोट बैंक के लिए चाहे कितनी भी चादर चढ़ा लें पर आना उनको प्रभु श्रीराम के चरणों में ही पड़ेगा। श्री ठाकुर ने आज अयोध्या धाम पहुंचकर दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान श्री राम लला का दर्शन और पूजन कर समस्त देशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होने कहा कि वे और आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली हैं कि उनके जीवन काल में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद श्री राम लला को अपने धाम में विराजमान होते देखने का सौभाग्य मिला है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा 'कांग्रेस वह पार्टी है जिसने हमारे आराध्य प्रभु श्री राम के अस्तित्व को स्वीकारने से इनकार किया था।

## *प्रियंका गुरुवार को मुरैना में लेंगी चुनावी सभा*



***मुरैना।*** *कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मुरैना संसदीय क्षेत्र में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। कांग्रेस की स्थानीय इकाई के अनुसार श्रीमती वाड्रा दोपहर में यहां पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और वरिष्ठ नेता अजय सिंह भी मौजूद रहेंगे। मुरैना में राज्य के तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होगा।*

## सार संक्षेप

### महिला कांग्रेस ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ महिला आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस की पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और कर्नाटक से जनता दल-सेक्यूलर (जद-एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले में आज राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन सौंपा और जद-एस सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय महिला आयोग मुख्यालय पहुंचकर आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस की प्रतिनिधि मंडल ने आयोग की कार्यालय में ज्ञापन दिया और कहा कि भाजपा के सहयोगी दल जद- एस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### संदेशखाली मामले में सीबीआई ने शेख शाहजहां के फरार भाई को जारी किया समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शेख शाहजहां के फरार छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन को संदेशखाली में हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के मामले में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया। बुधवार सुबह सीएपीएफ कर्मियों के साथ सीबीआई अधिकारियों की एक टीम सिराजुद्दीन के आवास पर पहुंची और पूछताछ के लिए नोटिस चिपका दिया। 26 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शाहजहां के एक करीबी सहयोगी के आवास से हथियार, गोला बारूद विस्फोटक और बम बरामद किए गए थे। सिराजुद्दीन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहले उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। 25 अप्रैल को सीबीआई अधिकारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने संयुक्त छापेमारी और तलाशी अभियान के बाद भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद, विस्फोटक और बम बरामद किए थे।

### लोकसभा चुनाव : उत्तर प्रदेश में 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए चुनाव आयोग संजीदा है। 16 मार्च से 30 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4,694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 30 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 2 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 25,514 लोगों को पाबंद किया गया। साथ ही 167 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 127 कारतूस बरामद कर सीज किए गए।

## जदयू के महासचिव और जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत कुमार ने जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना,** 1 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बीच जदयू को एक बड़ा झटका लगा है। जदयू के महासचिव और जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत कुमार ने जदयू से इस्तीफा दे दिया है। अजीत कुमार ने पार्टी से नाराजगी जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को पत्र लिखकर जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का एलान किया है। अजीत कुमार ने पत्र के जरिए पार्टी के कामों और फैसलों पर कई बड़े सवाल भी खड़े किए हैं।

अजीत कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि 'हाल के राजनीतिक घटनाक्रम में पार्टी के द्वारा गठबंधन को लेकर दो बड़े फैसले पार्टी की सबसे निचली और मजबूत इकाई को विश्वास में लिए बगैर बहुत कम समय के अंतराल में ले लिए गए। जिससे पार्टी के



कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति लगातार बनी हुई है। ज्योंही कार्यकर्ता पार्टी की तरफ से कोई भी स्टैंड लेना शुरू करते हैं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से ठीक उल्टा निर्णय ले लिया जाता है। फिर भी हम सभी को लगा कि मुख्यमंत्री पार्टी और राज्यहित को देखते हुए कुछ उचित फैसला लिए होंगे। लेकिन चुनाव के दो चरण बीत जाने के बावजूद भी एनडीए गठबंधन की तरफ से बिहार हित को लेकर कोई भी बड़ी घोषणा अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सामान्यत: पिछले चुनावों में बिहार के हित को लेकर प्रधानमंत्री स्वयं ही कोई न कोई बड़ी घोषणा किया करते थे।

लेकिन इस बार बिहार के बारे में उनकी तरफ से विशेष राज्य का दर्जा सहित दर्जनों बड़े विषय पर अभी तक कोई वादा या चर्चा तक नहीं किया गया है। यहां तक कि भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात सार्वजनिक मंच से लगातार कर रहे हैं। जिस पर अंकुश न लगने की वजह से बीजेपी का एजेंडा देश के लोकतंत्र लिए खतरनाक रूप अख्तियार कर चुका है। नागरिक समाज में इस विषय को लेकर गहरी चिंता है। ऐसे में संगठन के पद धारक के तौर पर नैतिक रूप से लोगों के बीच जाकर एनडीए गठबंधन के लिए वोट मांगना ठीक प्रतीत नहीं हो रहा है। इसलिए जनता दल यूनाइटेड पार्टी के पद/सांगठनिक प्रभार सहित प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा इस पत्र के माध्यम से आपको सौंपता हूं।

## मोदी ने राजनीतिक लाभ के लिए की 'मंगलसूत्र' संबंधी टिप्पणी : सिद्दारमैया

**बेलगावी (कर्नाटक),** 1 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दावे को खारिज करते हुए, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लिया जायेगा, इसे वोट हासिल करने के उद्देश्य से राजनीति से प्रेरित मनगढ़ंत कहानी करार दिया। श्री सिद्दारमैया ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी के दावों का खंडन किया और कहा कि दशकों लंबे कांग्रेस शासन के दौरान ऐसी कोई मिसाल नहीं है, जब महिलाओं के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गयी हो। उन्होंने श्री मोदी के कार्यकाल के दौरान अधूरे वादों और अधूरी प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए श्री मोदी के इस तरह के बयान देने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने पांच दशकों तक देश पर शासन किया। उन्होंने कभी भी महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने का सहारा नहीं लिया। प्रधानमंत्री मोदी इस तरह के झूठ का सहारा क्यों ले रहे हैं?' श्री मोदी की ओर से कर्नाटक सरकार की आलोचना के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया तथा ऐसे उदाहरणों की ओर इशारा किया, जहां केंद्र सरकार राज्य के विभिन्न मामलों में कार्रवाई करने में विफल रही। श्री



मोदी के दावों का खंडन किया और कहा कि दशकों लंबे कांग्रेस शासन के दौरान ऐसी कोई मिसाल नहीं है, जब महिलाओं के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गयी हो : सिद्दारमैया

सिद्दारमैया ने मोदी के दावों में विसंगतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'मणिपुर में हिंसा के संबंध में केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाये हैं? अल्पसंख्यकों को 30 साल तक आरक्षण देने का वादा किया गया है।'

उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले पर चिंताओं का जवाब देते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

भारतीय जनता पार्टी के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने बुधवार को कांग्रेस सरकार के दौरान पीड़ित किसानों के लिये आवंटित धन के दुरुपयोग पर चिंता जतायी। श्री विजयेंद्र ने 'एक्स' पर लिखा कि यह जांच का विषय है कि राज्य में गंभीर सूखे के बीच दलितों, पिछड़े वर्ग और किसानों के लिए आवंटित धन का राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए दुरुपयोग किया गया? उन्होंने राज्य भर में सूखे से पीड़ित किसानों की स्थिति पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता के बावजूद, राहत प्रयास कम हो गए हैं। राज्य में सूखे से उत्पन्न चुनौतियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, राज्य में अत्यधिक सूखे के बावजूद, एक भी गौशाला नहीं खोली गई। चारा किट वितरित नहीं किये गये। कांग्रेस सरकार, जो बेंगलुरु में पीने के पानी के टैंकर माफिया पर रोक लगाने में विफल रही है और राज्य के किसानों के साथ खड़े होने में भी विफल रही है, जो गंभीर सूखे से पीड़ित है। किसानों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए, श्री विजयेंद्र ने पिछले सात महीनों में सरकार द्वारा किए गए खोखले वादों की निंदा की।

## चुनाव आयोग ने भाजपा सहयोगियों के फायदे के लिए अनंतनाग-राजौरी चुनाव टाला : महबूबा

**श्रीनगर,** 1 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के सहयोगियों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए जानबूझकर अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव टाला है। सुश्री मुफ्ती ने यह भी आरोप लगाया कि यह कदम लोगों को जम्मू-कश्मीर की पहचान और संसाधनों पर चल रहे हमले के खिलाफ अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने से डराने के लिए था। चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण साजो-सामान संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर मतदान की तारीख सात मई से बढ़ाकर 25 मई कर दी थी।



चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के सहयोगियों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव टाला है, यह कदम लोगों को जम्मू-कश्मीर की पहचान और संसाधनों पर चल रहे हमले के खिलाफ अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने से डराने के लिए था : महबूबा मुफ्ती

चुनाव आयोग की फैसले पर केन्द्रशासि प्रदेश की दो प्रमुख पार्टियों नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पीडीपी अध्यक्ष ने राजौरी की मनियाल गली में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान की सुरक्षा के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव केंद्र सरकार को एक स्पष्ट संदेश भेजने का अवसर प्रदान करेंगे कि पांच अगस्त, 2019 को और उसके बाद लिए गए निर्णयों को रद्द किया जाना चाहिए।

सुश्री मुफ्ती ने कहा कि ऐसा लगता है कि चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करने के लिए अधिकारियों और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत है। उन्होंने कहा, 'सरकार ने मेरे लिए यह रास्ता और खतरनाक बनाने के वास्ते जानबूझकर यहां चुनाव की तारीख बढ़ा दी है और जिन अधिकारियों ने चुनाव में देरी की है, उन्होंने इसके लिए कोई कारण नहीं बताया है।

## सलमान खान फायरिंग मामला: पुलिस लॉकअप में आरोपी ने लगाई फांसी

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। एक सनसनीखेज घटनाक्रम में सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के मुख्य आरोपी अनुज थापन ने बुधवार को मुंबई पुलिस लॉकअप में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार दोपहर से कुछ देर पहले क्राइम ब्रांच लॉकअप में हुई, जहां आरोपी थापन को 8 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया था। एक पुलिसकर्मी ने थापन को अपने कमरे के अंदर चादर के सहारे लटका हुआ पाया और तुरंत शोर मचाया। गंभीर हालत में उसे पास के सेंट जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। 32 वर्षीय थापन को 25 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। उस पर सोनू बिश्नोई के साथ 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर सुबह-सुबह हुई गोलीबारी के लिए इस्तेमाल किए गए हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने आरोप था।

## पूर्व आईपीएस करूणा सागर का राजद से मोहभंग, थामा कांग्रेस का 'हाथ'

**पटना,** 1 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल से मोहभंग होने के बाद तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी करुणा सागर अपनी पत्नी के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। करूणा सागर मूल रूप से बिहार से ही हैं। वो देश के सम्मानित आईपीएस अधिकारियों में गिने जाते हैं। करूणा सागर राजद से नाता तोड़कर कांग्रेस में ऐसे वक्त में शामिल हुए हैं, जब दोनों ही पार्टियां एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद करुणा सागर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश का आभार जताया। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा, 'आज कांग्रेस जो लड़ाई लड़ रही है, उसमें मैं अपने आपको एक गिलहरी के रूप में देखता हूं।' उन्होंने कहा, 'आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर मुझे काफी खुशी हो रही है। आज का दिन मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा दिन है। मैं ब्यूरोक्रेसी से आता हूं, मुझे पता है कि किस तरह से मेरे जैसे अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूदा समय में असहाय महसूस कर रहे हैं।' करुणा सागर ने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास की पढ़ाई की। इसके बाद वो प्रशासनिक अधिकारी बने। उनके पिता भी सरकारी सर्विस में थे। वो भी अपने समय में गांधीवादी विचारधारा के पैरोकारी रहे। करुणा सागर ने ही देश में सबसे पहले ग्रीन कॉरिडोर की शुरुआत की थी।



### चुनाव | *बिहार में कांग्रेस को कई लोकसभा सीटों पर सता रहा भीतरघात का भय*

# महागठबंधन ने लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाने को लेकर पूरी ताकत झोंकी

**पटना, 1 मई (एजेंसियां)। बिहार महागठबंधन ने लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाने को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच महागठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस को कई सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर हो रहे विरोध के चलते भीतरघात का भय सताने लगा है। बिहार महागठबंधन में कांग्रेस के खाते में नौ सीटें आई हैं।**

कांग्रेस ने अपने सभी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने महाराजगंज से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश प्रसाद सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, समस्तीपुर से नीतीश सरकार के मंत्री के बेटे सन्नी हजारी को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतार दिया है। कहा जा रहा है कि दोनों प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में नाराजगी के स्वर फूट रहे हैं।



महाराजगंज से आकाश सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज कांग्रेस के नेता भी खुलकर सामने आ रहे हैं। दरअसल, पिछले लोकसभा

- **कांग्रेस का कई सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर हो रहा विरोध**
- **कांग्रेस ने अपने सभी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी**

चुनाव में आकाश सिंह ने मोतिहारी संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएसपी के टिकट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। अब इसी को लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेता विरोध कर रहे हैं। स्थानीय कांग्रेस नेता डॉ. कमल देव नारायण शुक्ला सहित अन्य पार्टी नेताओं ने सोनिया गांधी को पत्र भी लिखा है। विरोध में खड़े कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि आकाश सिंह इस क्षेत्र से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं, ऐसे में उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया जाना चाहिए था। समस्तीपुर से जदयू के नेता के पुत्र सन्नी हजारी को प्रत्याशी बनाने से भी कांग्रेस के नेता नाराज बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ठीक चुनाव से पहले पार्टी में शामिल नेता को टिकट दिया गया।

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार इसे बड़ा मुद्दा नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में ऐसी बातें होती हैं। व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर सभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नाम पर इंडिया गठबंधन को जिताने का काम करेंगे। यह देश बचाने का चुनाव है। जो भी लोगों की नाराजगी है, उसे दूर कर लिया जाएगा।

**उल्टा पुल्टा**

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।

### कोरोना वैक्सीन मामला

# करोड़ों लोगों की जान बचाने के लिए कोई बड़ा कदम उठाएं भारत सरकार : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले दो-तीन सालों में हम सभी ने सैकड़ो ऐसे वीडियो देखे हैं, जिसमें एक जवान लड़का अचानक चलते-चलते गिर जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है, ऐसे ही एक युवती शादी के वक्त वरमाला के लिए खड़ी हुई है और अचानक से गिर जाती है और उसकी मृत्यु हो जाती है, गरबा आयोजन में जवान युवक और युक्तियां नृत्य कर रहे हैं और अचानक से उनमें से कोई गिर जाता है और पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो गई है, कोई व्यक्ति रामलीला में किसी पात्र का किरदार निभा रहा है और अचानक गिर जाता है और पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने कहा कि ये सभी वीडियो पब्लिक के बीच इस कारण से आ सके क्योंकि यह सभी लोग कुछ ना कुछ ऐसा काम कर रहे थे जिसका कि वीडियो बनाया जा रहा था, परंतु हजारों ऐसे लोग होंगे जिनकी मृत्यु हुई परंतु पता नहीं चल सका। क्योंकि वह कुछ ऐसा काम कर रहे होंगे, कि जिस समय उनकी वीडियो नहीं बन रहा था।



हमारे देश के करोड़ों नागरिकों के लिए यह बड़ी ही चिंता का विषय बना : भारद्वाज

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब-जब कहीं भी इस प्रकार से किसी की मृत्यु हुई, तो लोगों मन में एक शक पैदा हुआ, कहीं यह कोरोना वैक्सीन के कारण तो नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप गूगल पर इस बात की जांच कर सकते हैं, कि दर्जनों न्यूज़ चैनलों ने और अखबारों ने इस विषय पर खबर चलाई है, कि देश में अचानक से बढ़ते हार्ट अटैक मामलों का कारण कहीं कोरोना वैक्सीन तो नहीं है। उन्होंने कहा कि अब तक यह लोगों के मन में केवल एक शक था, परंतु अब यह बात सच साबित होती नजर आ रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम के एक कोर्ट में कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजैनिका पर लगभग एक हजार करोड़ रूपए का एक दावा वहां के लोगों द्वारा डाला गया है। उन्होंने बताया कि यह दावा उन लोगों ने डाला है जिनके घरों में इस वैक्सीन को लगवाने के बाद या तो किसी की मृत्यु हो गई या फिर गंभीर रूप से बीमार हो गए। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दो दिन पहले यूके के कोर्ट में इस कंपनी एस्ट्राजैनिका ने इस बात को स्वीकार किया है, कि उनके द्वारा बनाई गई कोरोना वैक्सीन को लगाने के बाद कुछ साइडइफेक्ट होते हैं । कंपनी ने स्वीकार किया है कि इस कोरोना वैक्सीन को लगाने के बाद रेयर मामलों में ब्लड में क्लॉट बनते हैं और प्लेटलेट कम होती हैं, जिसके कारण ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक हो सकता है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चिंता वाली बात यह है कि जो कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजैनिका कंपनी ने बनाई थी, बिल्कुल हूबहू वही वैक्सीन भारत में आदार पूनावाला की कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया में कोविशील्ड के नाम से बनाई गई और जिसे भारत सरकार ने खूब प्रचारित किया और पूरे देश में लोगों को वह कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के करोड़ों नागरिकों के लिए यह बड़ी ही चिंता का विषय है और सबके सामने एक बहुत बड़ा प्रश्न है, कि अब उन्हें क्या करना चाहिए? न केवल लोगों के सामने बल्कि भारत सरकार के सामने भी यह एक बड़ा प्रश्न है, कि अब सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए, जिससे कि यह पता चल सके की कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने के बाद कहीं भारत के लोगों में भी ब्लड क्लोट बनने की समस्या तो पैदा नहीं हो गई है। उन्होंने कहा कि अब इस मामले पर भारत सरकार को युद्ध स्तर पर काम करना पड़ेगा, एस्ट्राजैनिका कंपनी से बात करनी पड़ेगी, डॉक्टर से विचार विमर्श करना पड़ेगा और देखना पड़ेगा कि कौन सी ऐसी जांच हैं जो करवाई जाए और इस बात का पता लगाया जाए की यदि किसी व्यक्ति में इस वैक्सीन के साइड इफेक्ट हो रहे हैं, तो उसके क्या सिंप्टोम्स हैं, और किस प्रकार से उसकी जान बचाई जा सके।

# अमेठी-रायबरेली के उम्मीदवारों के नाम आज होंगे तय

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया है। इन दोनों सीटों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाने की सिफारिश की है। इस बीच कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा कि अगले 24 घंटे में इन दोनों सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पूरा अधिकार सौंपा है कि वे जल्द से जल्द अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा करें। उन्होंने कहाकि वे समझते हैं कि अगले 24 घंटे के अंदर कांग्रेस अध्यक्ष इसकी घोषणा कर देंगे।

प्रत्याशियों के नाम घोषित करने क्यों देरी हो रही है, इस सवाल का जवाब दते हुए रमेश ने कहाकि कोई देरी नहीं हो रही है। भाजपा ने भी रायबरेली में अभी तक अपना उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। अभी समय है। तीन मई नामांकन की अतिम तिथि है। बातचीत चल रही है, कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकार सौंपा गया है। रायबरेली कांग्रेस



- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे करेंगे उम्मीदवारों पर फैसला
- चुनाव समिति ने किया कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत

का गढ माना जाता है। लेकिन 2019 में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। हालांकि केरल के वायनाड से जीतकर वे लोकसभा पहुंच गए थे। इस बार भी वे वायनाड से उम्मीदवार हैं और दूसरे चरण में वहां मतदान सम्पन्न हो चुका है। चर्चा हैं कि इस बार वे अमेठी या रायबरेली से चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं प्रियंका गांधी के पति राबर्ट ने भी अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

## सार संक्षेप

### धन वितरण व विरासत कर को लेकर कांग्रेस के खिलाफ छात्रों ने निकाला मार्च

**नई दिल्ली।** धन वितरण और विरासत कर को लेकर कांग्रेस के विचारों के खिलाफ दिल्ली में कांग्रेस दफ्तर के बाहर छात्रों ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करने के लिए मार्च निकाला। हालांकि, छात्रों को कांग्रेस दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करने से पहले ही रोक लिया गया। छात्र कांग्रेस के खिलाफ कई तरह के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। तख्तियों को हाथों में थामे छात्र कांग्रेस दफ्तर की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन, उन्हें पहले ही रोक दिया गया। इस प्रदर्शन में विभिन्न संस्थानों के करीब 700 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधते हुए धन वितरण को एक दमनकारी विचार बताया। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना था कि हम खून-पसीने से संपत्ति इसलिए नहीं जमा कर रहे हैं ताकि सरकार इसे हमसे छीन ले। विरोध-प्रदर्शन में शामिल एक छात्र ने कहा कि कांग्रेस आखिर किस हक से हमारी संपत्ति को सीज करना चाहती है। वहीं, इस प्रदर्शन में शामिल एक अन्य छात्र ने कहा कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो में साफ-साफ लिखा हुआ है कि नॉन मुस्लिम्स से पैसे लेकर मुसलमानों के बीच बांटा जाएगा, यह गलत फैसला है। प्रदर्शन में शामिल एक अन्य छात्र ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इनका पूरा मेनिफेस्टो मध्यमवर्गीय लोगों को परेशान करने के लिए बनाया गया है।

### भाजपा के मनोज तिवारी व हर्ष मल्होत्रा ने किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को भाजपा के दो लोकसभा उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वालों में उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी और पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा शामिल रहे। मनोज तिवारी उत्तर पूर्वी दिल्ली से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। नामांकन से पहले मनोज तिवारी और हर्ष मल्होत्रा ने अपने-अपने क्षेत्रों में रोड शो निकाला। रोड शो में मनोज तिवारी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और हर्ष मल्होत्रा के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी चाहते थे कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर दिया जाए। कांग्रेस ने महात्मा गांधी की बात नहीं मानी। उन्हें विश्वास है कि अब जनता महात्मा गांधी की मंशा को पूरा करेगी। नामांकन से पहले मनोज तिवारी ने पुरानी दिल्ली स्थित यमुना बाज़ार के मरघट वाले हनुमान मंदिर में दर्शन किए। नामांकन के लिए जाते हुए मनोज तिवारी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं का बड़ा हुजूम उमड़ा। भाजपा नेताओं के मुताबिक करीब 20,000 लोग अलग-अलग स्थान पर रोड शो का हिस्सा बने। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोज तिवारी के रोड शो में शामिल रहे।

### कन्हैया कुमार ने की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसे लेकर तमाम प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भी एक-दूसरे के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। कन्हैया ने इस मुलाकात को आत्मीय और वैचारिक बताया। सुनीता केजरीवाल से मुलाकात के बाद कन्हैया कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम पिछले कई सालों से तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। मैंने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें इस बात का भरोसा दिया है कि तानाशाही के खिलाफ इस लड़ाई में हम सब एक साथ हैं। हम देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेंगे। कन्हैया कुमार ने कहा कि हम चार नहीं बल्कि 543 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। हम सब इंडिया ब्लॉक के घटक दल हैं। इंडिया ब्लॉक पूरी तरह से एकजुट है।

# डेंगू-मलेरिया का आंकडा पहुंचा 120 के पार

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में मच्छरजनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, लेकिन एमसीडी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दिल्ली में डेंगू के 120 मरीज आ चुके हैं। जबकि 2022 में इन मरीजों का आंकड़ा 25, 2020 में 8 और 2021 में 3 मामले थे। यह बात निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक ओर निगम परेशानियों से जूझ रहा है। वहीं आप सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। भाजपा की सरकार में मच्छरजनित बीमारियों की



तीन साल की तुलना में कई गुणा आ रहे हैं डेंगू और मलेरिया के मरीज, हाथ पर हाथ रखें बैठा है निगम प्रशासन : राजा इकबाल सिंह

रोकथाम की तैयारी पहले ही शुरू हो जाती थी लेकिन इस वर्ष कोई तैयारी शुरू नही हुई है। इसकी वजह से आम जन को पिछले साल की तुलना में ज्यादा मच्छर अपने आस-पास भी नजर आ रहे हैं जिससे डेंगू के मरीज भी बढ़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप सरकार ने जानबूझकर दिल्ली नगर निगम की मलेरिया स्थायी समिति के साथ मलेरिया निरोधक कमेटी का भी गठन रोक रखा है। यह कमेटी होती तो इससे न केवल अफसरों की जवाबदेही तय होती बल्कि लोगों को मच्छरों के प्रकोप से भी बचाया जा सकता था। बीते वर्ष की तुलना में नालों की सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है।

# भाजपा हमेशा रही है आरक्षण विरोधी : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने बुधवार को आरक्षण के मुद्दे पर देश के लोगों को भाजपा और आरएसएस से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने कहा कि आरएसएस और भाजपा वाले हमेशा आरक्षण विरोधी रहे हैं। अगर गलती से भी ये लोग 2024 का लोकसभा चुनाव जीत गए तो फिर आरक्षण खत्म कर देंगे। भाजपा बाबा साहब का संविधान खत्म कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण और देश के अंदर चुनाव खत्म कर देगी। भाजपा-आरएसएस के विचारों को फैलाने वाला मुख्य व्यक्ति अमित मालवीय खुलेआम कह रहा है कि आरक्षण खत्म होना चाहिए। भाजपा ने अब तक कई राज्यों में सरकारें गिराकर अपनी सरकार बना ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में वोटों की बेइमानी की और दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं होने दिया। अब पीएम मोदी और अमित शाह चाहे जितनी सफाई दे लें, लेकिन बात उनके हाथ से निकल चुकी है।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह का कहना है कि बीजेपी ने आरक्षण का सदैव विरोध किया है। अमित मालवीय जो बीजेपी और आरएसएस के विचारों को फैलाने वाला प्रमुख व्यक्ति है। वो यह कहता है कि आरक्षण ने हमें



भाजपा संविधान खत्म कर दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण और देश के अंदर चुनाव खत्म कर देगी : संजय सिंह

फेल किया है। जो व्यक्ति बीजेपी और मोदी के विचारों को फैलाता है, वो कह रहा है कि आरक्षण ने हमें फेल किया है। वो कह रहा है कि पिछड़ा वर्ग का जो व्यक्ति 50 हजार रुपए हर महीने कमा रहा है, उसे आरक्षण की जरूरत नहीं है। वो महिला आरक्षण के खिलाफ बोल रहा है, वो हर तरह के आरक्षण खत्म करने की बात कर रहा है। यही बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है।

संजय सिंह ने कहा कि पूरा देश यह बात जान चुका है कि अगर बीजेपी गलती से भी जीती तो इस देश से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का संविधान खत्म करेगी। भाजपा दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिलने वाली आरक्षण की व्यवस्था करेगी और इस देश के अंदर चुनाव को खत्म करेगी। इसके एक नहीं, अनेक प्रमाण हैं। संघ के प्रमुख मोहन भागवत कह चुके हैं कि आरक्षण खत्म होना चाहिए। आरएसएस के संयुक्त महासचिव मोहन वैद्य कह चुके हैं कि आरक्षण से अलगाववाद फैलता है। अमित मालवीय जो बीजेपी, मोदी और आरएसएस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाता है। उसने तो यहां तक कहा है कि आरक्षण ने हमें फेल किया है। आरक्षण ने हमें पीछे किया है। ओबीसी का आरक्षण नहीं होना चाहिए। हर तरह का आरक्षण खत्म होना चाहिए।

संजय सिंह ने कहा कि अमित शाह की किसी सफाई से कोई बात बनने वाली नहीं है। इस देश के दलित, आदिवासी, पिछड़े और देश का हर नागरिक बीजेपी की नीयत और उनकी मंशा जान चुके हैं। सूरत में चुनाव खत्म हुआ। इन्होंने 5-6 राज्यों की सरकार गिराकर तोड़फोड़ करके सरकारें बनाई। ये चंडीगढ़ में बगैर वोट के ही चुनाव जीत जाते हैं।

# 'आप' व 'कांग्रेस' ने की कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कोऑर्डिनेशन कमिटी की अहम बैठक हुई। मंगलवार को हुई इस बैठक में दोनों पार्टियों के बीच आगे की चुनाव प्रचार की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। कोऑर्डिनेशन कमिटी की इस बैठक में आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक, एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेश गुप्ता शामिल हुए। कांग्रेस की तरफ से इस बैठक में दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव समेत दिल्ली और हरियाणा कांग्रेस के कई शीर्ष नेता मौजूद रहे।




साझा चुनाव प्रचार पर हुई चर्चा

कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक पर राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच पहले भी कई बैठक हो चुकी हैं, मंगलवार को हमारे बीच फिर से बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से दिल्ली और हरियाणा का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। हमने निचले स्तर पर चुनाव प्रचार कोऑर्डिनेशन को शुरू करने के लिए बैठक की। हमने एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। हमने एक सिस्टम बनाया है जिसमें हम एक-दूसरे के लिए चुनाव प्रचार करने में सहयोग करेंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसको पहले लोकसभा स्तर पर लागू करेंगे। उसके बाद विधानसभा स्तर पर कोऑर्डिनेशन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल देश के प्रजातंत्र को बचाना है। मोदी सरकार की तानाशाही से देश को मुक्ति दिलाना है। केंद्र सरकार एक-एक करके सरकारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। सारी एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं। देश को मोदी सरकार की तानाशाही से बचाने के लिए हमें एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है।

# मोदी सरकार ने किया श्रमिकों पर भारी अन्याय : जयराम रमेश

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मोदी सरकार के दस साल के शासन को श्रमिकों के लिए अन्याय काल बताया है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र में श्रमिक न्याय के तहत दी गई पांच गारंटियों का भी जिक्र किया।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि साल 2014-2023 के बीच में श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी स्थिर हो गई है। खासकर मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है। जबकि मनमोहन सिंह के कार्यकाल (2004-2014) में खेत मजदूरों की वास्तविक मजदूरी दर में हर साल 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

श्रमिकों के साथ हो रहे इस अन्याय को देखते हुए कांग्रेस ने श्रमिक न्याय को लेकर पांच गारंटियां दीं है, वह विशेष महत्व रखती है। श्रम का सम्मान के तहत दैनिक मजदूरी कम से कम 400 रुपए, जो मनरेगा में भी लागू



भाजपा के 400 पार का असली मकसद है संविधान बदलना

होगी। सबको स्वास्थ्य अधिकार के तहत 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर, जिसमें मुफ्त इलाज, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी शामिल है। शहरी रोजगार गारंटी के तहत शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना लाई जाएगी। सामाजिक सुरक्षा के तहत असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। सुरक्षित रोजगार के तहत मुख्य सरकारी कार्यों में ठेका प्रथा से मजदूरी बंद होगी। जयराम रमेश ने भाजपा नेताओं द्वारा संविधान बदलने के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के 400 पार का असली मकसद यह है कि उन्हें संविधान बदलने का अधिकार मिले।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा,
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0 प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 508, 5th Floor, Tower-Aster, Area-92-90 Sqm., SKA Greenarch Sector-16B, Greater Noida जो कि Mrs. Suruchi Thakur निवासी Mohalla Jathiyahi Pokhar, Mirjapur, Post Lalbagh, Darbhanga, Bihar-846004 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, दादरी, गौतमबुद्धनगर में दिनांक-08.01.2021 को पंजीकृत है। Mrs. Sujeet Kumar Thakur की मृत्यु के उपरान्त उनके पति/पुत्री है। Mr. Sujeet Kumar Thakur & Ms. Arya Kumari (Minor 16 Years) & Ms. Vartika Kumari (Minor 9 Years) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mr. Sujeet Kumar Thakur S/o Sh. Umesh Thakur & Ms. Arya Kumari (Minor 16 Years) D/o Mr. Sujeet Kumar Thakur & Ms. Vartika Kumari (Minor 9 Years) D/o Mr. Sujeet Kumar Thakur का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति : 30-ELECT-17-T-2024-25-E3
सी एंड डब्ल्यू एनडीएलएस, एचएनजेडएम और एसएसबी डिपो में बिजली आपूर्ति के प्रावधान, सामान्य प्रकाश व्यवस्था में सुधार के साथ अन्य संबंधित कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य।
निविदा की अनुमानित लागत : रु. 181.80 लाख
कार्यालय का पता : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि : रु. 2,40,900.00
निविदा निवेदन की दिनांक व समय : 27.05.2024, 12.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय : 27.05.2024, 12.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली
1299/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स-ब्लाक पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1,
ग्रेटर नोएडा, सिटी गौतमबुद्धनगर- उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-1, पॉकेट-एल, सैक्टर-20, क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-YEA012691, के आवंटी Late Sh. Pawan Kumar Bajaj, की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Rohit Bajaj & Lakshay Both द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस म्युटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Late Sh. Pawan Kumar Bajaj की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Rohit Bajaj & Lakshay Both का नाम दर्ज कर दिया जायेंगा।

विशेष कार्याधिकारी

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सीनियर डीईएन-II के एडी-ईएन/एम.यू.टी. क्षेत्राधिकार के तहत SSE/W/MUT और SSE/W/MOZ के अनुभाग में रेलवे हिस्से में ROB पर एंटी-क्रैश बैरियर का प्रावधान। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 24.05.2024 को 15.00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-डब्ल्यू/280/ई-निविदा सूचना/एनआईटी-07-24-25-डब्ल्यू-2 दिनांक: 30.04.2024
1293/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. 08/2024-2025 दिनांक 01.05.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08235677A | आर सी टेंडर फॉर 6 क्वैड 0.9 एम एम केबल | 1579 किलोमीटर | 27.05.24 |
| 02 | 07243457A | सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर) | 597 नग | 29.05.24 |
| 03 | 02241756 | कंडेंसर फैन मोटर 0.75 KW/1.0 HP | 1012 नग | 03.06.24 |
| 04 | 07241931 | ग्रेवीटी कोक | 95686 नग | 05.06.24 |
| 05 | 09243052 | एल्युमिनियम पेन्ट | 118400 लीटर | 10.06.24 |
| 06 | 07230314A | बॉल ज्वॉइन्ट रोल लिंक फॉर फिएट बोगी | 6716 नग | 18.06.24 |
| 07 | 07243475 | ट्रैक्शन लीवर फॉर एल एच बी कोचेस | 1910 नग | 28.06.24 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
1313/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

पुलिस को सूचना मिली थी कि शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्थित देहली कांवेंट स्कूल व डीएवी, लिंक रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल चंद्रनगर और इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेटी इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन को ऐसा ई मेल मिला है, जिसमें उन स्कूलों में बम रखे जाने की धमकी दी गई है।

**निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ट्रांस हिंडन**

## गृहकर जमा कर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का प्राप्त करे लाभ

**खोड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। खोड़ा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने भवन स्वामियों को गृहकर का बिल भेजकर जल्द गृहकर जमा करवाने की अपील की है। जल्द ही बकाया गृहकर न जमा कराने वाले भवन स्वामियों को मिलने वाली दस प्रतिशत अतिरिक्त छूट से वंचित रह जाएंगे। निर्धारित समयावधि के अंदर गृहकर न जमा करने वाले उपभोक्ताओं से बारह प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज भी वसूला जाएगा। परिषद के कर अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर के अंतर्गत लगभग छियालीस हजार बावन भवन बन चुके है। लगभग चार हजार से ज्यादा मंदिर मस्जिद चर्च स्कूल गुरुद्वारा और सरकारी इमारतें है। मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च शमशान आदि से गृहकर नहीं वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद बोर्ड द्वारा वर्ष 2018 से गृहकर वसूल किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। साल 2023-2024 तक लगभग दस हजार भवन स्वामियों ने चार करोड़ सैंतीस लाख चौवन हजार रुपया बतौर गृहकर जमा करवाया है। लगभग तीस हजार भवन मालिकों ने अभी तक गृहकर नहीं जमा कराया है। उन्होंने बताया कि परिषद के सभी चौतीस वार्डो में गृहकर न जमा कराने वाले भवन मालिकों को बिल भिजवा कर गृहकर जमा कराने के लिए अपील की गई है। शीघ्र ही गृहकर न जमा करवाने वाले भवन मालिक को दस प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ नहीं मिलेगा। बारह प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज के साथ गृह कर की वसूली की जाएगी।

## सार संक्षेप

### लापता युवती का नहीं लगा सुराग, अनहोनी की आशंका

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र से करीब एक सप्ताह पूर्व लापता युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। कोतवाली से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे परिजन किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कह रहे हैं। उधर पुलिस युवती को जल्द बरामद करने का दावा कर रही है। जानकारी अनुसार गत 25 अप्रैल को कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवती अचानक घर से लापता हो गई थी। काफी तलाश के बावजूद भी कोई सुराग नहीं लगने पर युवती के परिजनों ने जिला बुलन्दशहर के गांव निवासी युवक पर अपने साथियों के सहयोग से युवती को अगवा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया और अब पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हो रही। पीड़ित का दावा है कि पुलिस बजाय कार्रवाई करने के उल्टा पीड़ित को धमका रही है। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत अनुरूप रिपोर्ट दर्ज कर लापता युवती की तलाश की जा रही है तथा जल्द ही युवती को सहकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### अश्लील फोटो भेजकर युवती से मांगी रंगदारी

**नोएडा।** सॉफ्टवेयर के माध्यम से तस्वीर को अश्लील बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवती से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर सेक्टर-126 पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर -125 स्थित एक कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने उसकी एक फर्जी आईडी जनरेट की तथा उसने युवती की अश्लील फोटो भेजी। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### श्रमिक दिवस पर विद्यालय के कर्मचारियों का प्रकट किया गया आभार



**ग्रेटर नोएडा।** समसारा विद्यालय में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समसारा विद्यालय व समाज में काम करने वाले श्रमिक वर्ग के प्रति आभार व्यक्त किया गया और उनके द्वारा जो हम एक स्वच्छ वातावरण में सांस ले रहे हैं उसके लिए उनको धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर समसारा विद्यालय में काम करने वाले दीदी और भैया को मैनेजमेंट की तरफसे विद्यालय की यूनिफॉर्म दी गई। समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टेन प्रवीन राय ने विद्यार्थियों को इस दिन की गरिमा से अवगत कराया।

# बम के 'फर्जी' मेल से स्कूलों में हड़कंप

**■ 5 घंटे चला सर्च आपरेशन, बच्चों को भेजा गया घर ■ पैनिक न हो इसलिए भेजा गया इमरजेंसी मैसेज**







**नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों में बुधवार को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली। ये धमकी एक मेल के जरिए दी गई। इन स्कूलों में नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के एक दर्जन से ज्यादा स्कूल शामिल है। मेल पर सबसे पहले डीपीएस नोएडा ने रिस्पांस किया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को सूचना मिली। मौके पर एटीएस, बाम्ब स्कायड, डॉग स्कावयड, पुलिस के आला अधिकारी के साथ फायर बिग्रेड की टीम पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने अलग-अलग करीब 40 से ज्यादा टीम बनाई। रेस्क्यू के साथ सर्च ऑपरेशन प्लांट किया गया।

अलग-अलग स्कूलों में टीम पहुंची। स्टूडेंट, टीचर स्टॉफ कर सुरक्षा को प्राथमिकता दी और सर्च किया गया। सभी स्कूलों में करीब पांच घंटे तक सर्च ऑपरेशन चला। जिन स्कूलों में बच्चे अंदर थे उनके बैग तक चेक किए। इसके बाद सर्च को क्लीन करते हुए बच्चों और स्टाफ के लिए ग्रीन सिग्नल दिया गया। सभी बच्चों को बस के जरिए घर भेज दिया गया। पैनिक न हो इसके लिए स्कूलों में अभिभावकों को इमरजेंसी बताकर स्कूल में छुट्टी की मैसेज दिया गया। हालांकि मामला मीडिया में आने के बाद अभिभावक परेशान हुए।

नोएडा में डीपीएस की दो ब्रांच है। पहली सेक्टर-30 और दूसरी सेक्टर-122। सुबह करीब पांच बजकर 36 मिनट पर डीपीएस की मेल आईडी पर एक मेल आया। सुबह करीब आठ बजे स्कूल प्रबंधन मेल लॉगिन किया। मेल ओपन करते ही आपत्तिजनक मैसेज और स्कूल में एक्सप्लोसिव रखने की बात सामने आई। तत्काल स्कूल प्रबंधन पुलिस को जानकारी दी। पैनिक न हो इसलिए इमरजेंसी का एक मैसेज सभी अभिभावकों को भेजा गया।

जूनियर विंग के बच्चों की बसों को स्कूल में एंट्री से पहले ही वापस भेज दिया गया। इसके बाद एक-एक करके पुलिस, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड, एंबुलेंस और अन्य दस्ते स्कूल में पहुंचे। अनहोनी न हो इसके लिए अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। पहले पुलिस की मदद से रस्सी लगाकर स्कूल को बाहर से ब्लॉक किया गया। स्कूल के अंदर दमकल के पाइप डाले गए।

इसके बाद स्कूल के अंदर जा चुके बच्चे जिन्हें निर्देश के अनुसार ग्राउंड पर एकत्रित किया गया था। उनको धीरे-धीरे करके बाहर लाया गया। यहां से अभिभावकों और बसों के जरिए उनके घर भेजा गया। इसके बाद सर्च टीम ने पहले गार्डन, फिर एक-एक कमरे की तलाशी की। करीब 5 घंटे तक सर्च किया गया। लेकिन कुछ नहीं मिला।

**पुलिस की गाइड लाइन का किया पालन**

स्कूल मैनेजमेंट ने बताया कि हम नहीं समझ पा रहे थे कि ये क्या है और कैसे हो हुआ। पुलिस के अधिकारियों ने हमें गाइड किया। उन्होंने जैसा कहा हमने वैसा किया। ऐसे में आसानी से बच्चों को वापस भेजा गया। पैनिक क्रिएट नहीं हुआ। अन्यथा काफी स्थित खराब हो सकती थी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि सारे स्कूल सुरक्षित हैं SPAM/HOAX मेल पर ध्यान न दें।

### पैनिक न हो इसलिए पुलिस कमिश्नर ने खुद किया ट्वीट

डीपीएस में सर्च चल ही रहा था। इस दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अन्य स्कूलों से फोन भी पुलिस को आने लगे। अलग-अलग टीम वहां पहुंची और बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया और सर्च किया गया। लेकिन कुछ नहीं मिला। हालांकि कुछ एक स्कूलों में अभिभावक और प्रबंधन के बीच नोकझोंक हुई। वहीं कई स्कूलों में पैनिक मैसेज फारवर्ड हुए। जिसके बाद स्कूल के साथ-साथ पुलिस कमिश्नर की ओर से एक मैसेज फॉरवर्ड किया गया। इस मैसेज को ट्वीट किया गया। जिसमें साफ संदेश था कि घबराए नहीं सब ठीक है।

**अभिभावकों को मिला इमरजेंसी मैसेज**

स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को इमरजेंसी मैसेज भेजा गया। पहले अभिभावक समझ नहीं पाए। लेकिन मीडिया में मामला आते ही वे समझ गए। कुछ ही देर में स्कूलों के बाहर भीड़ जमा होने लगी। पुलिस ने सभी स्कूलों को अलर्ट जारी किया। जिसके बाद नोएडा के अधिकांश स्कूलों में आज छुट्टी कर दी गई।

## गाजियाबाद में कुछ स्कूलों को भी मिला मेल, घबराए अभिभावक स्कूल पहुंचे

**गाजियाबाद,** 1 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में मिले धमकी भरे ई-मेल का प्रभाव गाजियाबाद के स्कूलों में भी देखने को मिला। पुलिस ने ट्रांस हिंडन क्षेत्र के कुछ स्कूलों को धमकी वाला मेल मिलने की बात कही है। जैसे ही यह खबर अभिभावकों को मिली तो उन्होंने भी स्कूलों में फोन करने शुरू कर दिए। स्कूलों ने अभिभावकों का समझाने का भी प्रयास किया कि स्कूल में ऐसी कोई बात नहीं है, वह चिंता न करें, बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन अभिभावक अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों में पहुंचने शुरू हो गए, ऐसे में स्कूलों ने भी बच्चों को अभिभावकों के साथ भेजना ही सही समझा। अभिभावक काफी संख्या में अपने बच्चों को स्कूल से बीच में ही ले गए।



डीपीएस मेरठ रोड की प्रिंसीपल कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में घटना के बाद से सभी अभिभावकों को मोबाइल पर पैनिक न होने के मैसेज भेजे गए थे, लेकिन कोई अभिभावक को लेने पहुंचा तो बच्चों को उनके साथ भेज दिया गया। स्कूल पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन फिर भी सुरक्षा और बढ़ा दी गई है, बाहरी लोगों के प्रवेश पूरी तरह से पाबंदी है। सिर्फ अभिभावकों को पूरी तरह तस्दीक करने के बाद ही प्रवेश दिया जाता है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश श्रीवास ने बताया कि स्कूलों को कहा गया है कि अगर उनके पास कोई मैसेज आता है तो तत्काल पुलिस का सूचित करें।

धमकी की सूचना मिलते ही सीपी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में तीनों जोन के डीसीपी और हर थाने की पुलिस तुरंत ही अलर्ट मोड़ पर आ गई। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देशन में तीनों सर्किलों के एसीपी व संबंधित थानों के एसएचओ ने डॉग व बम स्कवाड के साथ उन स्कूलों में सर्च अभियान चलाया। पुलिस के मताबिक कहीं कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्थित देहली कांवेंट स्कूल व डीएवी, लिंक रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल चंद्रनगर और इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेटी इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन को ऐसा ई मेल मिला है, जिसमें उन स्कूलों में बम रखे जाने की धमकी दी गई है। श्री पाटिल ने बताया कि उपरोक्त स्कूलों की गहन जांच करने के बाद भी कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली कि जिसे संदिग्ध कहा जा सके।

# बंद हो सकती है नोएडा हेलीपोर्ट योजना

**■ दो बार ग्लोबल टेंडर के बाद भी आई सिर्फ एक कंपनी**
**■ इकोनॉमिक वायबिलिटी नहीं होने से योजना को किया जा सकता है बंद**

**क्या कारण है यहां उपयोगिता कम होने की**

- नोएडा एयरपोर्ट और प्रस्तावित हेलीपोर्ट का नजदीक होना
- जिन स्थानों का हवाई सफर बनाया गया वो महज 100 से 500 किमी के रेंज में है।
- यहां सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है।
- शर्तो में जो कंपनी इसका निर्माण करेगी वह सिर्फ 30 साल तक ही संचालन करेगी।
- टेंडर शर्तों में कई ऐसे क्लाज है जिनका पालन करना कंपनियों के लिए मुश्किल है।

**नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी हेलीपोर्ट योजना को बंद किया जा सकता है। इसके संकेत मिलने लगे हैं, क्योंकि नोएडा में इस योजना की इकोनॉमिक वायबिलिटी नहीं है। हेलीकॉप्टर संचालन करने वाली कई कंपनियों ने बातचीत के बाद इस परियोजना के नोएडा में सफल होने की संभावना को कम आंका था। इसलिए परियोजना को ठंडे बस्ते में डालने का निर्णय लिया गया है। दो बार परियोजना का टेंडर निकालने पर भी सिर्फ एक ही कंपनी ने आवेदन किया है। इसलिए इस परियोजना को रोक दिया गया है। नोएडा की ये परियोजना सेक्टर-151ए में प्रस्तावित है। इसके निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाने है। इसका डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी। इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपातकाल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा। हालांकि अब ये योजना ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। योजना के लिए दो बार ग्लोबल टेंडर जारी किए गए। लेकिन दोनों ही बार एक ही कंपनी आई। एक बार भी फाइनेंसिएशल बिड नहीं खोली जा सकी। इसकी बड़ी वजह ये थी कि फाइनेंशियल बिड खोलने को लेकर प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ ने रूचि नहीं दिखाई। लंबे समय तक फाइल को अपने पास रोके रखा। खामियाजा यह हुआ कि फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए 180 दिन की निर्धारित समय सीमा पार हो गई, 210 दिन बाद इसकी बिड खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया, जो परियोजना का टेंडर रद करने का भी कारण बना।

**सुझाव के दौरान ही बताया गया था नहीं है आर्थिक हितकारी योजना**

हेलीपोर्ट निर्माण व संचालन कंपनियों को आर्थिक रूप से यह परियोजना हितकर नहीं लगी है। इसमें टेंडर नियम शर्त को उनके सुझाव के आधार पर तैयार नहीं किया गया। जबकि कई बार प्राधिकरण कार्यालय पर हेलीकॉप्टर संचालन करने वाली कंपनियों को बुलाया कर सुझाव लिया गया था, लेकिन उनके सुझाव पर ठीक से अधिकारियों ने अमल नहीं किया। यही कारण रहा की कंपनियों ने टेंडर में रुचि नहीं दिखाई। दो बार ग्लोबल टेंडर जारी होने के बाद भी सिर्फ एक ही कंपनी आई।

# 15 हजार करोड़ जीएसटी ठगी में तीन उद्यमी गिरफ्तार

**नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जीएसटी फ्राड मामले में नोएडा पुलिस और सीआरटी ने 25 हजार रुपए के तीन इनामी उद्योगपतियों को गिरफ्तार किया है। तीनों एक ही परिवार के है। इन तीनों ने 9 फर्जी कंपनियों से करीब 68.15 करोड़ का आईटीसी लाभ लिया था। इन तीनों को नोएडा के डीएनडी से पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान संजय ढीगरा, कनिका ढीगरा और मंयक ढीगरा है। ये सभी पंजाबी बाग दिल्ली के निवासी है। जीएसटी फ्राड मामले में अब तक 41 गिरफ्तारी हो चुकी है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इन तीनों को ईडी/सीबीआई पहले जेल भेज चुकी थी। वहां से ये बाहर थे और नौ महीने से हमारे केस में फरार थे। डीसीपी ने बताया कि इनके पास से छह लग्जरी कार बरामद की गई। जिसे रोजाना ये अपने ट्रैवल के दौरान बदलते थे। ताकि



**■ 9 फर्जी फर्म से लगाया 68 करोड़ का चूना**
**■ रडार पर न आए इसलिए रोजाना बदलते थे कार**

पुलिस की रडार में न आए। आमतौर ये कार ऐसी है इनको जल्दी कोई रोकता नहीं है। इनके पास से मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, हुंडई आई-20, किया कॉरेन्स जैसी कार थी। इसके अलावा 7 मोबाइल फोन और 1 लाख 41 हजार नगद बरामद किए गए।

उन्होंने बताया कि ये पिछले पांच साल से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल के जरिए जीएसटी रिफंड कर (इंपुट टैक्स क्रेडिट) लेते थे। इनके जरिए 9 फर्जी कंपनियों से आईटीसी का क्लेम लिया गया। उन्होंने बताया कि इन फर्जी कंपनियों से गुड हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कुल 68.15 करोड़ का आईटीसी का लाभ प्राप्त किया। इस मामले में सीबीआई और ईडी के द्वारा जांच कर कार्यवाही की गई है। जिसमें संजय ढींगरा को डीजीजीआई मेरठ, गाजियाबाद द्वारा जेल भेजा गया था।

**कार बदलने में थे माहिर**

ये तीनो पति पत्नी और पुत्र है। तीनों शातिर है। पुलिस की रडार में न आए इसके लिए रोजाना कार बदलकर ही ट्रैवल करते थे। इसके अलावा तीनों कभी एक साथ बाहर नहीं निकलते थे। जब भी पकड़े गए तत्काल ही अपनी कंपनी का नाम बदल लिया करते थे। दस्तावेज बनाने में एक्पर्ट है। इनसे सघन पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अभी और गिरफ्तारी हो सकती है।

# सड़क के बीच बनी पुलिया टूटी, राहगीर परेशान

**खोड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। अनिल विहार स्थित सड़क की पुलिया बीच से टूट जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के टूटने से लोग चोटिल हो चुके है। दो पहिया चार पहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। स्थानीय निवासी राजेंद्र द्विवेदी ने बताया की अनिल विहार स्थित सड़क की पुलिया चार माह से बीच में टूटकर छतिग्रस्त हो गई है। चार पहिया वाहनों को हिचकोले खाते हुए निकलना पड़ता है। स्कूली छात्र पुलिया के बीच में फंसकर चोटिल हो चुके है। दुपहिया वाहन से आने जाने वाले राहगीर चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त पुलिया के बीच में ईंट पत्थर रखकर रास्ता बनाया गया है। पुलिया के टूटने से नाली की सफाई भी नहीं हो रही है। नाली में गंदा और दूषित जल जमाव होने से बदबू का सामना करना पड़ता है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कांत मिश्र का कहना है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से निर्माण नहीं कराया गया है। जून माह में पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

# हैकथॉन में दिल्ली एनसीआर से 29 टीमों ने लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में तीन दिवसीय 'द माइंड इंस्टालर हैकथॉन का बुधवार को समापन हो गया। जिसमें दिल्ली-एनसीआर सहित देश से 215 छात्रों की टीम ने पंजीकरण कराया। 24 घंटे के हैकथॉन के लिए 29 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया। दो दिन ऑनलाइन और एक दिन चले प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप

**■ हैकथॉन से छात्रों को प्रोग्रामिंग व कोडिंग जैसे क्षेत्र में आने वाले अवसरों के प्रति करेगा तैयार**



में आईइए के वाइस प्रेजिडेंट विशाल गोयल, आईइए के जनरल सेक्रेटरी संजीव शर्मा और एडोबी प्राइवेट लिमिटेड के प्रिंसिपल टेक्निकल प्रोग्राम मैनेजर अमित जैन ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत कॉलेज ऑफग्रुप के डॉयरेक्टर डॉ. के.के. पालीवाल व आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डॉयरेक्टर डॉ. एसएस त्यागी ने किया। इस मौके पर विशाल गोयल ने कहा कि आज के समय में छात्रों के लिए हैकथॉन के अंतर्गत इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा साइंस के क्षेत्र में रोजगार और रिसर्च के असीम अवसर है। संजीव शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से छात्र कॉलेज स्तर पर ही समस्याओं को हल करने के लिए अपने कौशल और नॉलेज का प्रयोग कर रहे हैं। अमित जैन ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हैकथॉन छात्रों को प्रतियोगी क्षमता को बढ़ाने का काम करेगा साथ ही प्रोग्रामिंग और कोडिंग जैसे क्षेत्र में आने वाले अवसरों के लिए भी तैयार करेगा। कार्यक्रम के अंत में एनआईईटी कॉलेज की टीम 'टेक एनईआरडीएस' के अभय प्रताप सिंह, अमित श्रीवास्तव, शुभम जोशी, व ऋषभ डिमरी को ने प्रथम स्थान, भगवान परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम (बिट ब्लॉकर्स) के संचिता भारद्वाज, अतुल कुमार सिंह, और शिवांश तोमर, को दूसरा स्थान और आईआईएमटी ग्रुप ऑफकॉलेज की टीम( सीसीसी) के छात्र राम आशीष मौर्य, रिया तिवारी, शिवम उपाध्याय, और शैल राठौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर छात्रों को सर्टिफिकेट और नगद राशि दी गई।

# एक्शन में जीडीए अधिकारी : सचिव ने किया मधुबन बापूधाम का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 1 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष के रुख के बाद जीडीए के अन्य अधिकारी भी एक्शन मोड में आ गए हैं। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को मधुबन बापूधाम योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अभियंत्रण एवं अर्जन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने सेक्टर बी में विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जीडीए सचिव ने बताया कि मधुबन बापूधाम योजना का सेक्टर ए और भी दोनों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सेक्टर ए में केवल एक खसरा जो विवादित है। सेक्टर बी में कोई भी खसरे में कोई लिटिगेशन नहीं है। अत: अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया गया कि वह तेजी से यहां विकास का कार्य करें। उन्ह विकास के कार्य में सड़कों का बनाना सीवर लाइन डालना पेयजल की सुविधा और विद्युतीकरण इनमें से कई कार्य पूर्व में हो गए हैं और कई कार्य प्रगतिशील हैं। उन्होंने बताया कि मधुबन बापूधाम के मधुबन बापूधाम डिस्टिक सेंटर जो व्यावसायिक भूखंड है यह छोटे भूखंड है जिनका आवंटन पूर्व में हो चुका है इनमें से जिन व्यक्तियों ने अपनी पूर्ण धनराशि जमा कर दी हो वह प्राधिकरण में पंजीकरण के लिये अपना आवेदन दे दें। अपने आवेदन पत्र के साथ जो धनराशि जमा की है उसका साक्ष्य भी जमा कर दें। प्रयास किया जा रहा है कि 4 मई से पंजीकरण रजिस्ट्री का कार्य शुरू हो जाए। इसके साथ ही ऐसे किसान बंधु जिनका मुआवजा गौतमबुद्ध नगर कोर्ट में जमा है वे अपना मुआवजा वहां से प्राप्त कर लें। यदि इसमें कोई समस्या आती है या मार्गदर्शन की जरूरत है है तो सीधे शैलेन्द्र भाटिया अपर जिलाधिकारी से अथवा उनसे तत्काल संपर्क कर सकते हैं।



**सेक्टर बी में विकास कार्य तेज किये जाए : राजेश कुमार सिंह**

# उद्यान विभाग की टीम ने बिना यातायात बाधित किए सड़क से हटाया विशाल वृक्ष

**गाजियाबाद,** 1 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम समस्याओं के समाधान को लेकर जुटा हुआ है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को बेहतर तरीके से कर रहे हैं। इसी क्रम में उद्यान विभाग टीम ने बुधवार को राज नगर सेक्टर-2 के पास गिरे हुए विशाल वृक्ष को उद्यान विभाग के मालियों तथा हेड मालियों व सुपरवाइजर की टीम ने बिना यातायात बाधित किया तत्काल मार्ग को खाली कराया। जिसको देखकर सभी ने उद्यान विभाग के कार्यों की प्रशंसा की।। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने टीम को शाबासी दी है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि राजनगर सेक्टर 2 में किसी बड़े वाहन के द्वारा एक विशाल वृक्ष को गिरा दिया गया था। कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। यातायात पूर्ण रूप से अस्त व्यस्त हो गया था किंतु समय से उद्यान विभाग की टीम ने जेसीबी व अन्य उपकरणों के माध्यम से मौके पर पहुंच कर समस्या का समाधान कराया पेड़ बहुत ही बड़ा था। जिसको उठाया नहीं जा सकता था। वही मौके पर आवश्यकता अनुसार कटिंग कर सड़क से वृक्ष को हटाया गया तथा यातायात भी चल रहा और कम समय में एक अच्छा कार्य उद्यान विभाग द्वारा किया गया जिसके लिए मौके पर टीम की सभी ने प्रशंसा की।



**■ नगर आयुक्त ने दी शाबासी**

उवाच

मजदूर दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है। किसी भी राज्य और देश के विकास में मजदूरों का योगदान अतुलनीय है। मजदूर दिवस के अवसर पर सिरसा स्थित ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। सुबह प्रार्थना सभा में श्रमिक वर्ग के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया।

**प्रीति फोगाट, प्रभारी उपप्रधानाचार्या**

# कैपिटल ज़ोन



# स्कूलों को धमकी भरा मेल मिलने पर हड़कंप

**सूचना मिलने पर बच्चों को लेने के लिए स्कूलों में पहुंचने लगे अभिभावक**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर के डीपीएस स्कूल के साथ अन्य स्कूलों धमकी भरा मेल आने से हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन ने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी, सूचना पाते ही पुलिस की टीम अलर्ट हो गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरु कर दी। स्कूलों में धमकी भरा मेल आने की खबर आग की तरह फैल गई। सूचना मिलने के बाद अन्य स्कूलों के साथ अभिभावकों में बेचैनी बढ़ गई। ग्रेटर नोएडा के कई स्कूलों की तरफ से अभिभावकों में मैजेस भेजे जाने लगे कि अपने बच्चों को तुरंत ले जाइये वहीं कुछ स्कूल सामान्य रूप से भी चलते रहे। अफवाह की सूचना मिलने के बाद ग्रेनो वेस्ट के पैसेफिक स्कूल पर पहुंचे अभिभावक अपने बच्चों को ले जाने के लिए पहुंच गए। स्कूल के सुरक्षा कर्मियों के तरफसे अभिभावकों को रोके जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों व अभिभावकों के बीच झड़प भी हुई। एस्टर स्कूल प्रबंधन ने बताया कि एक मेल आया था, जिसको देखकर सभी घबरा गए, इस बात की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली, स्कूल में किसी प्रकार की आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मेल आने के बाद सभी बच्चों को सामान्य तरीके से स्कूल के फील्ड में बुला लिया गया, धीरे धीरे अभिभावकों को बच्चों को शौंपा गया। डीपीएस स्कूल ग्रेटर नोएडा ने बताया कि इस केन्द्र पर कोई मेल नहीं आया था, खबर मिलने के बाद शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ, अभिभावक आ रहे थे और अपने बच्चों को ले जा रहे थे। ग्रेटर नोएडा के लगभग सभी स्कूलों में समय से पहले छुट्टी हो गई।

### स्कूल में अचानक छुट्टी होने को लेकर बच्चे थे हैरान

स्कूलों में अचानक छुट्टी घोषित होने की सूचना से बच्चे हैरान थे, आखिर क्यों घर भेजा जा रहा है, यहां तक की कुछ अध्यापक को भी नहीं सूचना था। स्कूल में किसी प्रकार की पैनिक स्थिति न बने उसको लेकर स्कूल प्रशासन बच्चों को धमकी वाले मेल की सूचना नहीं दी, बल्कि अभिभावकों क मैजेज किया गया कि कुछ संदेहास्पद मैसेज आया है, आप अपने बच्चों को स्कूल से ले जाएं।

### बच्चों को लेने को लेकर अभिभावक व सुरक्षा कर्मी से हुई नोकझोक

स्कूलों में बम की सूचना पाते हुए कई स्कूलों में अभिभावकों की भीड़ लग गई, ऐसे में स्कूल के सामने भी समस्या खड़ी हो गई, इस दौरान पैसेफिक स्कूल के गेट पर अभिभावकों व सुरक्षाकर्मियों के बीच नोकझोक भी हुई, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामने को शांत कराया। वहीं कई स्कूलों ने बच्चों को आराम से निकाला ताकि किसी प्रकार की अफरातफरी न मचे। पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर शिवहारी मीणा ने बम निरोधक दस्ते और दमकल के साथ चलाया सर्च ऑपरेशन, जांच के बाद घटना को अफवाह बताया तब जाकर अभिभावकों ने राहत की सांस ली।

# ग्रेनो वेस्ट चार मूर्ति गोलचक्कर पर जाम से निजात मिलने में लग सकता समय

- चार मूर्ति गोलचक्कर बनने वाले अंडरपास का काम अगले माह शुरू होने की उम्मीद
- ग्रेनो प्राधिकरण ने निर्माणकर्ता एजेंसी को जारी किया वर्क ऑर्डर

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गोलचक्कर पर बनने वाले अंडरपास का काम अगले माह शुरू होगा। इसके लिए चयनित की गई एजेंसी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वर्क ऑर्डर (कार्य आदेश) जारी कर दिया गया है। काम शुरू करने के लिए फिलहाल सर्वे किया जा रहा है। लगभग 80 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस अंडरपास के तैयार हो जाने के बाद जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। इसको देखते हुए अंडरपास के निर्माण को लेकर प्राधिकरण काफी गंभीर है। साथ ही जाम की समस्या से निपटने के लिए अन्य विकल्प तलाशे जा रहे हैं। दरअसल ग्रेटर नोएडा वेस्ट का चारमूर्ति गोचल चक्कर पर वाहनों का सबसे अधिक दबाव रहता है। जिसके चलते यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा कई बार प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बन रही। सूरजपुर से गौर सिटी और गाजियाबाद जाने वाले वाहन नोएडा के तरफ बने यूटर्न का प्रयोग कर वापस चारमूर्ति गोल चक्कर पर आकर गौर सिटी और गाजियाबाद की ओर निकलते हैं। वहीं गौर सिटी और गाजियाबाद से आने वाले वाहन गौर सिटी मॉल के सामने बने यूटर्न का उपयोग कर वापस चारमूर्ति चौराहे पर आकर सूरजपुर की तरफ से आते हैं। इसका स्थायी समाधान निकालने के लिए ही प्राधिकरण ने अंडरपास बनाने का फैसला लिया है। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। अंडरपास के निर्माण पर लगभग 80 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। निर्माण शुरू होने के 18 माह में काम पूरा करने का लक्ष्य कंपनी को दिया गया है। बता दें अंडरपास के निर्माण के लिए प्राधिकरण ने बीते साल 7 दिसम्बर को निविदा जारी की थी। कंपनी का चयन 18 जनवरी को किया गया था।

> अंडरपास का निर्माण करने वाली एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर सर्वे का काम किया जा रहा है। आगामी जून माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। इस अंडरपास के बनने से जाम की समस्या से काफी निजात मिलेगी।
>
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेनो प्राधिकरण**

# फर्जी रिपोर्ट तैयार करने वाले डॉक्टर सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर थाने ने बादलपुर सरकारी अस्पताल के डाक्टर समेत 6 लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पक्ष के लोगों के कहने पर डॉक्टर ने फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार की। जिससे आरोपी पक्ष ने गांव के ही रहने वाले दो लोगों के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लखनावली गांव में रहने वाले अधिवक्ता सुनील चपराना व उनके परिजनों का बच्चों के झगड़े को लेकर दो साल पहले गांव के ही रहने वाले सुनील फागना से विवाद हो गया था। जिसके बाद सुनील फागना पक्ष ने वकील सुनील चपराना और उनके बुजुर्ग पिता और दो अन्य पर झूठे मुकदमें में फंसाने के लिए बादलपुर सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टरों से सांठ-गांठ कर अपनी नाबालिग भतीजी की पसली टूटने का मेडिकल बनवा लिया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित सुनील चपराना ने जिलाधिकारी से की। जिलाधिकारी ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए। सीएमओ ने डॉक्टरों की टीम जांच के लिए गठित की, जिसमें बच्ची की पसली टूटने की बात झूठी पाई गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर डॉ. अशोक कुमार, सुनील फागना और उसके चचेरे भाई महेश, रोहित, अजय और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ग्रेटर नोएडा में गंगा जल की आपूर्ति हुई बेपटरी, सेक्टरवासी परेशान

- गंगाजल परियोजना के उद्घाटन के डेढ़ साल बाद भी पर्याप्त व शुद्ध पानी की सप्लाई की समस्या
- ग्रेनो वेस्ट में मार्च 2024 तक पहुंचना था गंगाजल, अधर में लटकी पड़ी है परियोजना

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। शहर के लिए अति महत्वपूर्ण गंगाजल परियोजना के उद्घाटन को डेढ़ साल हो गए, लेकिन ग्रेटर नोएडावासियों को शुद्ध व पर्याप्त पानी मुहैया कराने के दावे धरातल पर नहीं दिख रहे हैं। गर्मी के इस सीजन में आपूर्ति और अधिक प्रभावित हो रही है। ऐसे में गंगाजल के स्वाद का तो पता नहीं, लेकिन प्रेशर कम होने से टंकियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। गंदे पानी की आपूर्ति होने से लोग बोतल बंद पानी पीने को मजबूर हैं। बिना आरओ के काम चलने वाला नहीं है। उम्मीद थी कि गंगाजल की सप्लाई शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार होगा, लेकिन हालात जस के तस हैं। यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में परेशानी और अधिक बढ़ेगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

दरअसल गंगाजल परियोजना का उद्घाटन 1 नवम्बर 2022 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। ग्रेटर नोएडावासियों को 85 क्यूसेक गंगाजल की बड़ी सौगात दी थी। गंगाजल का शहरवासियों पिछले 17 सालों से कम रहे थे। प्रथम चरण में 25 से अधिक सेक्टरों में सप्लाई शुरू किए जाने का दावा किया गया था। शहर के अन्य सेक्टरों के अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी मार्च 2024 तक गंगाजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था, जो अधर में ही लटका पड़ा है। पाइप लाइन बिछाने का काम ही पूरा नहीं हो पाया है। पानी की पाइन लाइन फटने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं।

### इन सेक्टरों में हो रही गंगा जल की सप्लाई

सेक्टर अल्फा-1, 2, बीटा-1, 2, नॉलेज पार्क-1, 2, 3, पी-3, 4, 7, डेल्टा-1,2,3 व गामा- 1 व 2 आदि सेक्टरों में गंगा जल की सप्लाई की जा रही है। शहर में पानी की जरूरत पूरा करने के लिए अभी 40 प्रतिशत गंगाजल को 60 प्रतिशत भूजल के साथ मिलाया जा रहा है।

### प्रेशर कम चलानी पड़ रही मोटर

शहरवासी गंदे पानी की सप्लाई से ही नहीं कम प्रशर की समस्या से भी जूझ रहे हैं। कम प्रेशर के चलते पहली, दूसरी व तीसरी मंजिल पर पानी नहीं पहुंच रहा है। मोटर चलाने के बाद ही पानी ऊपर पहुंचता है। जिनके यहां मोटर नहीं है, उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### गंगाजल परियोजना एक नजर में

- वर्ष 2005 में गंगाजल परियोजना की घोषणा
- फरवरी 2019 में दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के नीचे काम करने की अनुमति
- जुलाई 2019 में एनटीपीसी दादरी से मिली एनओसी
- जून 2021 में वन विभाग ने दी काम करने की अनुमति
- जुलाई 2021 में आईओसीएल से पाइप लाइन डालने की मिली अनुमति
- अक्टूबर 2021 में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के नीचे से लाइन डालने की अनुमति
- दिसम्बर 2021 में पल्ला के डब्ल्यूटीपी तक पहुंचा गंगाजल
- किसानों के विरोध के चलते दिसम्बर 2021 से 1 जुलाई 2022 तक काम अटका
- 2 सितम्बर 2022 को जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्ववायर तक पहुंचा गंगाजल

ग्रेटर नोएडावासियों के लिए 85 क्यूसेक गंगाजल लाने का प्रस्ताव सबसे पहले 2005 में बना और 2010 से 2012 के बीच लगभग 176 किमी जलापूर्ति नेटवर्क तैयार कर लिया गया।

वर्ष 2017 के बाद देहरा पर इंटेक व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के गांव पल्ला में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व जैतपुर तक 23 किमी की पाइपलाइन पर निर्माण के कार्य शुरू किए गए। गंगाजल परियोजना की कुल लागत लगभग 900 करोड़ रुपए है। देहरा से 7.4 किमी की पाइप लाइन सिंचाई विभाग की जमीन पर जानी थी, जिसको प्राधिकरण ने 2018 तक पूरा कर लिया। उसके बाद भूमि अधिग्रहण से जुड़े अनेक चुनौतियों को पार करते किसानों से बातचीत कर पाइपलाइन का कार्य पूर्ण किया गया, जिसमें एनटीपीसी की जमीन पर लगभग डेढ़ किमी की पाइपलाइन डाली गई। इस बीच कई जगह गैस पाइपलाइन के नीचे से गंगाजल की पाइपलाइन डालने का काम चुनौतीपूर्ण रहा। इसके अतिरिक्त वन विभाग व रेलवे विभाग से अनापत्ति प्राप्त कर पाइपलाइन डाली गई। इसके बाद पल्ला के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के नीचे से पाइपलाइन डालने का काम हुआ। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के नीचे से भी पाइपलाइन को पार करते हुए दिसम्बर 2021 में गंगाजल पल्ला के डब्ल्यूटीपी तक पहुंच गया। पल्ला व जैतपुर के बीच करीब पांच किलोमीटर दूरी में हावड़ा ब्रिज के नीचे से होते हुए पाइपलाइन बिछाई गई। इस कार्य को लगभग 360 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया। 2010 से 2012 के बीच 176 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क, पांच एरिया रिजर्ववायर व 19 रिजर्ववायर का निर्माण कर घर-घर गंगाजल पहुंचाया गया, जिस पर करीब 376 करोड़ रुपए खर्च हुए। अब तक ट्यूबवेल के जरिए भूजल को शोधित कर जलापूर्ति की जा रही थी।

### क्या कहते हैं शहरवासी

गंगाजल परियोजना सिर्फ कागजों में चल रही है। धरातल पर कुछ नहीं है। पाइप लाइन जगह- जगह फट रही है, जिससे पानी बर्बाद हो रहा है। पिछले कई महीनों से प्रेशर कम हो गया है। बिना मोटर चलाए प्रथम मंजिल पर भी पानी नहीं चढ़ता है। ऐसे में जिनके घरों में मोटर नहीं लगी है, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है।

**- आलोक नागर, निवासी सेक्टर डेल्टा-2**

दिन में पानी नहीं आता है। प्रेशर कम होने के साथ गंदा पानी आता है। प्राधिकरण गंगाजल की सप्लाई किए जाने की बात करता है, लेकिन पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। आरओ व बोतल बंद पानी का ही सहारा है।

**- अनिल चौधरी, निवासी सेक्टर अल्फा- 2**

# माफिया रवि काना को पुलिस रिमांड पर लेकर कर रही है पूछताछ

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। गैंगस्टर स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना को बुधवार को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने पांच दिन की रिमांड पर लिया। इस दौरान पुलिस ने रवि काना के कारोबार और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटाने की कवायद की। पुलिस रवि को बिसरख और ईकोटेक-1 स्थित उसके स्क्रैप गोदामों पर भी ले गई और वहां दस्तावेज खंगाले। रवि को पुलिस ने अज्ञात जगह पर रखा है। बुधवार की सुबह 10 बजे थाना नॉलेज पार्क पुलिस लुक्सर स्थित जिला कारागार पहुंची। डाक्टरी परीक्षण के बाद जिला कारागार ने रवि काना को पुलिस के सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस रवि काना को बिसरख और ईकोटेक-1 स्थित स्क्रैप गोदामों पर ले गई। यहां पर कुछ दस्तावेज मिले जिनके संबंध में पूछताछ की गई। रवि काना को पुलिस ने अज्ञात जगह पर रखा है। साथ ही उसके खानपान को लेकर भी बेहद सावधानी बरती जा रही है। गत 23 अप्रैल को रवि काना और उसकी महिला सहयोगी काजल झा को थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया गया था। 26 अप्रैल को दोनों को भारत लाया गया था। वहीं पुलिस रवि काना की महिला सहयोगी काजल झा की भी रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है। काजल झा रवि की कंपनियों और गोदामों का फाइनेंस का काम देखती थी। पुलिस का मानना है कि काजल झा का रिमांड मिलने के बाद वित्तीय लेन देन की और स्थिति साफ हो पाएगी।

# श्रमिक दिवस पर सोसाइटी के श्रमिकों को किया गया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। यूनिटेक कास्केड सोसायटी में श्रमिक दिवस बड़ी उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। अपार्टमेंट ओनर असोसिएशन द्वारा श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोसाइटी में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों एवं सोसाइटी के निवासियों ने हिस्सा लिया। सोसाइटी के कर्मचारियों के लिये खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम आने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। सभी कर्मचारियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपार्टमेंट आना एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक अरोरा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सोसाइटी में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना एवम उनका उत्साहवर्धन करना है। उनको बताया कि वो हमारी सोसाइटी के परिवार का एक हिस्सा है। सिर्फकर्मचारी मात्र नहीं हैं। जैसे कि वह निवासियों के



सुख दुःख मे साथ खड़े रहते हैं। एसे ही हम निवासी उनके सुख दुख में उनके साथ है। कार्यक्रम मे सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी, माली, रखरखाव कर्मचारी लगभग चालीस कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। निवासियों में अपार्टमेंट ऑर्नर एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक अरोरा, कोषाध्यक्ष गगन मिश्रा, इंद्रजीत कौर, प्रभात, सुनील अरोरा, अंकित, प्रदीप गुप्ता, अशोक सिंह, अजय गुप्ता, राजेश सिंह, प्रशांत कुमार, अभिषेक कालरा, मीनाक्ष पंत आदि निवासी मौजूद रहे।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0 प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. B-14/13, 14th Floor, Tower-B, Area-88.07 sqm., Himalaya Pride, Sector Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Minhaj Alam निवासी House No. 199, Alamganj, Balkishun Ganj Ghera, Near S.R.P. College, Alamganj, Sampatchak, Patna, Bihar-800007 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-11.02.2020 को पंजीकृत है। Sh. Minhaj Alam की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Talat Kauser W/o Late Sh. Minhaj Alam ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Talat Kauser W/o Late Sh. Minhaj Alam का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



देशबन्धु (पत्र नहीं मित्र)
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009


# छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एनटीपीसी दादरी क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से छात्रा की मौके पर हो मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एनटीपीसी दादरी के पटाड़ी गांव के सड़क पर बुधवार की सुबह स्कूटी से छात्रा स्कूल जा रही थी।

तभी ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्रा की तड़प-तड़प कर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है हादसे में मरने वाली छात्रा डीएवी स्कूल एनटीपीसी की थी। वहीं स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाई शुरु कर दी।

पुलिस के मुताबिक, थाना जारचा क्षेत्र के हनुमानपुरी निवासी राकेश कुमार की बेटी मनेहा शाह बुधवार की सुबह की स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी समय सड़क पार करते हुए ट्रक से एक्सीडेंट हो जाने के कारण मृत्यु हो गई है। मौके पर पहुचे परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस का कहना है कि चालक को ट्रक सहित हिरासत में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# तीन दिन से ई रिक्शा चालक लापता



**दनकौर,** 1 मई (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के धनौरी कला गांव से एक ई रिक्शा चालक पिछले तीन दिनों से लापता है। इस संबंध में उसके परिजनों ने पुलिस से बुधवार को मामले की शिकायत की है। गांव निवासी राजेश ने पुलिस को दी है। शिकायत में कहा है कि उनका बेटा ललित 28 अप्रैल को घर से ई रिक्शा लेकर दनकौर कस्बे की कहकर गया था। जो वापस नहीं लौटा। जिसका फोन भी उसी दिन से बंद जा रहा है। काफी तलाश के बाद भी उसके बेटे का कोई सुराग नहीं चल पाया है। जिसके चलते परिवार के लोग काफी परेशान है। जिन्होंने इस संबंध में पुलिस से मामले की शिकायत कोतवाली पहुंचकर की है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि जल्द ही गायब युवक का सुराग लगा लिया जाएगा।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Stellar Park Pvt. Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या- A3-203 at Plot No.- 74, Sector-Sigma-IV, Greater Noida, Distt-Gautam Budh Nagar (UP), क्षेत्रफल-167.22 वर्गमी0 Dr. Narendra Singh S/o Mr. Sardar Singh & Mrs. Asha Singh W/o Dr. Narendra Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Dr. Narendra Singh S/o Mr. Sardar Singh की मृत्यु दिनांक-30.06.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Asha Singh W/o Late Sh. Narendra Singh) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्युटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Dr. Narendra Singh S/o Mr. Sardar Singh के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Asha Singh W/o Late Sh. Narendra Singh के नाम पर दर्ज कर दिया आयेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



देशबन्धु (पत्र नहीं मित्र)
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# स्कूल में काम करने वाली सहायिकाओं को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मई (देशबन्धु)। सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण व कविताएं प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि देश के विकास में मजदूरों की अहम भूमिका है। छात्राओं ने इस अवसर पर सुंदर कार्ड बनाकर विद्यालय के कर्मचारियों को भेंट दिए गए। विद्यालय द्वारा उन्हें उपहार दिए गए और जलपान भी कराया गया। प्रभारी उपप्रधानाचार्या प्रीति फोगाट ने कहा कि मजदूर दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है। किसी भी राज्य और देश के विकास में मजदूरों का योगदान



अतुलनीय है। मजदूर दिवस के अवसर पर सिरसा स्थित ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। सुबह प्रार्थना सभा में श्रमिक वर्ग के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय में उनकी पढ़ाई में अपनी भूमिका का निर्वहन करने वाले स्कूल बस के चालकों, परिचालकों, विद्यालय में स्वच्छता रखने वाली दीदियों और अन्य सहायक कार्यों में संलग्न सहायकों को अपनी ओर से उपहार देकर उनके कार्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने शिक्षण कार्य में सहायता करने वाले श्रमिकों का योगदान उनसे बिलकुल भी कम नहीं होता। आज विद्यार्थियों ने ऐसे सभी लोगों के कार्यों को महत्व देते हुए जो उनको उपहार देकर उनके कार्यों का मान बढ़ाया है, बच्चों में ऐसे संस्कार आगे चलकर भी श्रम का सम्मान करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय भी आप सभी सहयोगियों का सदैव साथ देगा और आपके श्रम को सदा सम्मान मिलेगा।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भांकडी में कार्यालय उप मण्डल अधिकारी (ना) फरीदाबाद द्वारा पत्रांक 445/नाजर दिनांक 04.07.2016 मृतक श्री लिखीराम पुत्र स्व0 श्री फकीरा, निवासी ग्राम भांकडी, तहसील व जिला फरीदाबाद की मृत्यु दिनांक 24.05.2012 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 367 | श्री लिखीराम पुत्र स्व0 श्री फकीरा, निवासी ग्राम भांकडी, तहसील व जिला फरीदाबाद | श्री राजवीर | पुत्र | 65 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 02 मई 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## घबराई भाजपा संविधान की शरण में

लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में हुए मतदान को लेकर जो अनुमान लगाये जा रहे हैं उनमें भारतीय जनता पार्टी और उसके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) की हालत पस्त बताई जा रही है। तीसरे चक्र का मतदान जो 7 मई को होने जा रहा है, उसके बारे में भी कहते हैं कि रूझान कुछ ऐसे ही होंगे। फिर, भाजपा की मुख्य विपक्षी कांग्रेस एवं उसके गठबन्धन इंडिया के सहयोगी दल लोकतंत्र और संविधान को लेकर जिस तरह से हमलावर हैं, उसके कारण भाजपा अब संविधान की दुहाई जोर-शोर से दे रही है। उसके सबसे प्रमुख बिन्दु आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ न करने का वह बारम्बार वादा भी कर रही है। यह अलग बात है कि उसके कहे पर कोई भरोसा नहीं कर रहा है और लोग मानने लगे हैं कि यदि तीसरी बार भाजपा-एनडीए की सरकार आई तो संविधान निश्चित रूप से बदल दिया जायेगा और इसकी पहली मार आरक्षण व्यवस्था पर ही पड़ेगी।

कांग्रेस व इंडिया जिस जोरदार तरीके से जातिगत जनगणना कराये जाने का भरोसा जनता को दिला रहे हैं, उससे भाजपा की बेचैनी बढ़ चली है। इस बात को पहली बार उठाने तथा उस पर दमदारी से टिके रहने वाले राहुल गांधी की लोकप्रियता का राज इसी में छिपा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने इस मामले को उठाया था। यह मुद्दा उनकी दूसरी यात्रा के दौरान और ताकतवर बन गया। कांग्रेस के घोषणापत्र का प्रस्थान बिन्दु, जिसे 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है- यही जातिगत जनगणना है। सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने का जरिया जातिवार जनसंख्या तो है ही, आरक्षण को बनाये रखने को भी वही औचित्यपूर्ण व तर्कसंगत बनाता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज की सरंचना के लिये आरक्षण के महत्व से तो सभी अवगत थे लेकिन भाजपा तथा उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को यह व्यवस्था कभी भी स्वीकार्य नहीं रही। 26 नवम्बर, 1950 को देश ने इस संविधान को लागू किया था। केवल 5 दिनों के बाद संघ ने अपने मुखपत्र 'ऑर्गेनाइज़र' में एक लेख लिखा था जिसमें संविधान को यह कहकर अस्वीकृत किया था कि इसमें देश की परम्परागत व्यवस्था के लिये स्थान नहीं है। उसका यह भी मानना रहा है कि भारत के पास मनुस्मृति जैसी संहिता पहले से मौजूद है जिसके आधार पर देश चलना चाहिये।

संविधान के लागू होने के वक्त से ही संघ एवं उसके अनुषांगिक संगठन इस संविधान में विश्वास या श्रद्धा दोनों ही नहीं रखते आये हैं। वैसे बाद के वर्षों में इसकी बहुत सी व्यवस्थाएं व प्रावधान अपना लिये जाने के बावजूद आरक्षण का विरोध संघ, पूर्ववर्ती जनसंघ व मौजूदा भाजपा करती रही है। उसके द्वारा एक तरह से यह धारणा फैलाई गयी है कि इसके चलते अयोग्य व प्रतिभाहीन लोगों को अवसर मिलते हैं तथा प्रतिभा व योग्यता उससे वंचित रह जाती है। इसका आशय साफ तौर पर आरक्षण के जरिये शिक्षा, नौकरियों तथा प्रतिनिधि सभाओं में बहुजनों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि को मिलने वाले अवसरों से होता है।

दो बार केन्द्र में सरकार बनाने के बाद तीसरी मर्तबा पूर्ण बहुमत हासिल करने हेतु अपने दम पर 370 तथा एनडीए के जरिये 400 सीटें पाने का लक्ष्य भाजपा की संविधान बदलने की मंशा से जुड़ा है। जब चुनाव प्रचार हुआ तब भाजपा एवं उसके नेता व उम्मीदवार इस नारे को जोर-शोर से उठाते थे, लेकिन जब उन्होंने पाया कि प्रतिकार स्वरूप कांग्रेस व इंडिया आरक्षण बचाने के लिये मजबूती से खड़े हैं; और जनता उनका साथ भी दे रही है तो भाजपा के हाथ-पांव ढीले पड़ गये। कांग्रेस-इंडिया ने एक कुशल रणनीति के तहत आरक्षण बचाने की लड़ाई को संविधान व लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बना दिया है। इसके कारण लोकसभा चुनाव में उसे बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। अब भाजपा के पास इसके अलावा कोई चारा नहीं रह गया है कि वह लोगों को सफाई देती फिरे कि संविधान नहीं बदला जाएगा। उसे कहना पड़ रहा है कि आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या गृह मंत्री अमित शाह या अन्य नेतागण- हर चुनावी सभा में कहते सुनाई पड़ रहे हैं कि यह कांग्रेस व इंडिया का फैलाया गया झूठ है।

वैसे भाजपा द्वारा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता हासिल होने पर उसके द्वारा संविधान खत्म करने की आशंका को इसलिये बल मिला कि खुद उसके कई नेता कह चुके हैं कि मोदी को इसलिये 400 सीटें चाहिये क्योंकि उन्हें संविधान बदलना है। अनंत हेगड़े, मेरठ से उसके प्रत्याशी अरूण गोविल, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा आदि इस आशय का बयान दे चुके हैं। लोग तो अब यह भी कहने लगे हैं कि अगर भाजपा का ऐसा कोई इरादा नहीं है तो उसने ऐसा बयान देने वाले उपरोक्त नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

भाजपा की पतली हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब खुद संघ प्रमुख मोहन भागवत यह कहने के लिये उतर पड़े हैं कि 'समाज में जब तक भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिये।' हैदराबाद में एक कार्यक्रम में तो उन्होंने यह भी मान लिया है कि 'देश में भेदभाव चाहे ऊपर से दिखलाई न दे परन्तु यह मौजूद है।' यदि कोई सोचे कि संघ में वैचारिक परिवर्तन आया है और वह उदार हो चला है, तो उसे यह गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिये। संविधान विरोध के चक्कर में आरक्षण का लाभ पाने वाले वर्ग व उसकी महत्ता जानने वाले यदि भाजपा के खिलाफ गये तो चुनाव के सम्भावित परिणाम की कल्पना से दहशत में आने को यह घबराहट है।

# देश के लिए शर्मिंदगी और अफसोस मुमकिन हुए

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

दस साल पहले जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद पर बैठने के लिए देश के लोगों से कई वादे किए थे। वो सारे वादे, जुमले साबित हो गए, एक भी पूरा नहीं हुआ। चलिए, कोई बात नहीं। अपनी बात पर खरा न उतरने के लिए वो देश के लोगों से माफी नहीं मांगेगे, यह भी स्वीकार्य है। लेकिन क्या वे इस बात के लिए कभी माफी मांगेंगे कि उनके पद पर रहते हुए इस देश में महिलाओं के साथ ऐसे भयावह कृत्य हुए, जिन्हें सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। या महिलाओं का सम्मान भी श्री मोदी के लिए राजनैतिक मुद्दे और नारे से अधिक की कीमत नहीं रखता है।

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करवाकर जातीय उन्माद में डूबी भीड़ ने उनका जुलूस निकाला था और इस शर्मनाक घटना की चर्चा पूरी दुनिया में हुई थी। अब इसमें सीबीआई ने एक और भयानक खुलासा किया है कि पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से सहायता मांगी थी। पुलिस की गाड़ी तक वे महिलाएं पहुंच गई थीं, लेकिन गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मी ने कह दिया कि उसके पास गाड़ी की चाबी नहीं है और फिर उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया। अगर यह किस्सा-कहानी होता तो भी उसे पूरा पढ़ने में डर लगता। लेकिन मणिपुर में जो कुछ हुआ, वो वास्तविक घटना है और फिर भी प्रधानमंत्री इसके लिए शर्मिंदगी महसूस नहीं करते, तो फिर उनकी संवेदनशीलता और नारी शक्ति के लिए अंतिम सांस तक काम करने के दावे पर सवाल उठने लाजिमी हैं।

यहां फिलहाल प्रधानमंत्री से ही सवाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मणिपुर में पिछले साल शुरु हुए जातीय दंगों के बाद वे आज तक मणिपुर नहीं गए। शायद इसलिए कि इसके बाद उन्हें और मणिपुर की भाजपा सरकार को कुछ कठिन सवालों का सामना करना पड़ता। मगर संदेशखाली प्रधानमंत्री मोदी गए, क्योंकि प.बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी की सरकार है और यहां श्री मोदी को पीड़ित महिलाओं के बहाने टीएमसी पर हमला बोलने और अपनी राजनीति गर्माने का मौका मिल गया।

मणिपुर और संदेशखाली से पहले बिल्किस बानो प्रकरण भी हुआ था, प्रधानमंत्री ने उस पर भी कुछ नहीं कहा, हाथरस, उन्नाव और कठुआ मामलों पर भी उनका रवैया न कुछ सुनना है, न देखना है, न बोलना है, वाला रहा। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह को हटाने की हिम्मत भी श्री मोदी ने नहीं दिखाई। अब कर्नाटक से फिर एक डरावना मामला सामने आ गया है। यहां की हासन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद और एनडीए के मौजूदा उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना पर एक-दो नहीं, हजारों महिलाओं के यौन शोषण और उनका वीडियो जारी करने का गंभीर आरोप लगा है। कम से कम 29 सौ वीडियो सामने आ चुके हैं, जिनमें महिलाओं के साथ जबरदस्ती की जा रही है और ये महिलाएं कमजोर तबके की हैं या जेडीएस की कार्यकर्ता हैं। प्रज्ज्वल के ये वीडियो पिछले साल से ही सामने आने शुरु हो गए थे, लेकिन तब उसने इन्हें झूठा बताते हुए प्रेस और टीवी में इसकी जानकारी देने से रोका था।

> भाजपा अब भी जेडीएस के साथ गठबंधन में है, मानो प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों का जेडीएस या भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। जेडीएस ने प्रज्ज्वल को निलंबित करने की औपचारिकता निभा ली है। लेकिन यह काम पिछले साल ही क्यों नहीं किया गया, जब आरोप पहली बार लगे थे। प्रज्ज्वल के खिलाफ कर्नाटक सरकार ने राज्य महिला आयोग की शिकायत के बाद विशेष जांच समिति गठित कर ली, लेकिन इससे पहले की जांच शुरु हो, 26 अप्रैल को हुए मतदान के अगले ही दिन सुबह प्रज्ज्वल रेवन्ना जर्मनी भाग गया।

इस मामले को उजागर करने में भाजपा नेता देवराज गौड़ा की बड़ी भूमिका रही है। प्रज्ज्वल पर लगे गंभीर आरोपों के बावजूद भाजपा और जेडीएस गठबंधन ने उसे उम्मीदवार बनाया, शायद इसकी वजह यह है कि प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पोता, पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी का भतीजा और विधायक एच डी रेवन्ना का बेटा है।

कर्नाटक की राजनीति में रसूख रखने वाले इस परिवार के साथ प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें हैं। 26 अप्रैल को हासन में दूसरे चरण में मतदान हुआ और इसके पहले प्रज्ज्वल के प्रचार के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से अपील की थी कि प्रज्ज्वल को दिया हुआ हरेक वोट उन्हें मजबूती देगा।

सवाल ये है कि जब प्रज्ज्वल पर यौन शोषण के आरोप पहले से लग रहे थे, तो प्रधानमंत्री मोदी उसका प्रचार करने क्यों पहुंचे। क्या उन्हें इस बारे में पता नहीं था। अगर ऐसा है तो क्या उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए, क्योंकि उनकी अनभिज्ञता कमजोरी की निशानी है। क्या देश को कमजोर प्रधानमंत्री के हवाले किया जाना चाहिए। और अगर प्रधानमंत्री को प्रज्ज्वल पर लगे आरोपों की जानकारी थी, तब भी उन्हें प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि एक यौन शोषण के आरोपी के लिए उन्होंने वोट मांगे। जबकि उनकी पहली जिम्मेदारी देश के लोगों की सुरक्षा और उनके आत्मसम्मान को बनाए और बचाए रखने की है।

हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने पद से इस्तीफा देना तो दूर, इस मसले पर कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। एक बार भी उन्होंने इस बात के लिए अफसोस नहीं जताया कि उनकी तस्वीर एक बलात्कार के आरोपी के साथ है, जिसके साथ उन्होंने मंच साझा किया। भाजपा अब भी जेडीएस के साथ गठबंधन में है, मानो प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों का जेडीएस या भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। जेडीएस ने प्रज्ज्वल को निलंबित करने की औपचारिकता निभा ली है। लेकिन यह काम पिछले साल ही क्यों नहीं किया गया, जब आरोप पहली बार लगे थे। प्रज्ज्वल के खिलाफ कर्नाटक सरकार ने राज्य महिला आयोग की शिकायत के बाद विशेष जांच समिति गठित कर ली, लेकिन इससे पहले की जांच शुरु हो, 26 अप्रैल को हुए मतदान के अगले ही दिन सुबह प्रज्ज्वल रेवन्ना जर्मनी भाग गया। हालांकि उसके परिवार का कहना है कि उसका दौरा पहले से तय था। मान लिया दौरे का कार्यक्रम पहले से बना हुआ था, लेकिन जब हजारों महिलाओं के यौन शोषण का आरोप लगा है, और जांच शुरु हो गई है, तो एक जिम्मेदार नागरिक और सांसद होने के नाते प्रज्ज्वल को दौरा रद्द करके देश वापस नहीं आ जाना चाहिए था। अगर हजारों महिलाओं की शिकायतें झूठी हैं, सारे वीडियो गलत हैं, तो फिर जांच-पड़ताल से दूरी क्यों बनाई जा रही है।

इस मामले में भाजपा का रवैया भी बेहद शर्मनाक है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा ने अब तक कुछ नहीं कहा, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी खामोश हैं और गृहमंत्री अमित शाह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि यह राज्य की कानून-व्यवस्था का मामला है। क्या श्री शाह यह नहीं जानते कि देश भर के विमानतल किसके अधीन आते हैं और वहां से किसी आरोपी या किसी अपराधी को भागने से रोकने की जिम्मेदारी किसकी है। विजय माल्या, नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी ये सारे लोग तो देश के लोगों का पैसा लूटकर भाजपा सरकार में भागने में कामयाब हो गए, अब मोदीजी ने इस बात को भी मुमकिन कर दिखाया है कि देश में सबसे भयानक और सबसे बड़े कहे जा रहे सेक्स स्कैंडल का आरोपी भी आराम से भाग गया।

कांग्रेस की यूपीए सरकार के वक्त जब निर्भया कांड हुआ था, उस पर भी कई सवाल उठे थे। लेकिन तब न देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह या दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने सवालों और आलोचनाओं से बचने की कोशिश की। लोगों की नाराजगी को उन लोगों ने सुना और साथ ही निर्भया के इलाज से लेकर उसके दोषियों को सजा दिलवाने और उसके परिजनों की मदद तक सारी जिम्मेदारी निभाई।

नरेन्द्र मोदी हमेशा दावा करते हैं कि पिछली सरकारों ने कुछ नहीं किया और देश में सारे काम उन्होंने ही किए हैं। किस सरकार ने क्या किया और क्या नहीं, इसका लेखा-जोखा तो जनता की स्मृति में दर्ज है ही, और जनता उसका हिसाब वक्त आने पर कर लेगी। लेकिन पिछली सरकार और पिछले प्रधानमंत्री में जो नैतिक बल था, नरेन्द्र मोदी अपने कथित 56 इंची सीने से कभी उस बल का प्रदर्शन नहीं कर पाए। यहां मोदी है तो मुमकिन है, नहीं कह पाए। देश इसके लिए हमेशा अफसोस करेगा, हमेशा शर्मिंदा रहेगा।

# बढ़ती असमानता पर बहस से बचाव के लिए कांग्रेस घोषणापत्र की विकृत आलोचना

■ नित्य चक्रवर्ती

इस पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी भी आम लोगों, विशेषकर हिंदुओं से उनके सोने, अचल संपत्ति और अन्य कड़ी मेहनत से कमाई गई संपत्ति को कांग्रेस पार्टी द्वारा लूटने और उसे पुनर्वितरण करने की योजना का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री उस बात के आधार पर आरोप लगा रहे हैं जो कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में नहीं है।

वह अठारह साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक भाषण को शरारतपूर्ण ढंग से तोड़-मरोड़कर मुसलमानों के पक्ष में धन के पुनर्वितरण के मुद्दे को लगातार ला रहे हैं। केवल वही नहीं, अमित शाह, राजनाथ सिंह और अनुराग ठाकुर जैसे अन्य वरिष्ठ नेता भी अधिक प्रतिशोध के साथ अपने नेता का अनुसरण कर रहे हैं। अब यह स्पष्ट है कि इस प्रकार का सांप्रदायिक प्रचार वर्तमान लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरणों में भाजपा के चुनाव अभियान की मुख्य विशेषता होगी।

लेकिन क्यों? भाजपा एक बड़ी पार्टी है जिसमें कई सदस्य हैं जो उच्च शिक्षित हैं और कांग्रेस के घोषणापत्र में वास्तव में क्या लिखा है और राहुल गांधी अपने अभियान में क्या कह रहे हैं उसे भली-भाति जानते हैं। भाजपा का 2024 का चुनाव घोषणापत्र 14 अप्रैल को जारी किया गया था और आम तौर पर यह भाजपा के अभियान का मुख्य फोकस होना चाहिए था जिसका लक्ष्य इस बार - 400 पार है।

> महत्वपूर्ण बात यह है कि विकासशील देश भी वंचितों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध कराने के लिए अमीरों पर अधिक कर लगाने की संभावना पर चर्चा कर रहे हैं। जी-20 के अध्यक्ष के रूप में ब्राजील ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा दौर में अमीरों और गरीबों के बीच असमानता के स्तर को कम करने के लिए अत्यधिक धनियों पर वैश्विक कर लगाने का प्रस्ताव रखा है।

लेकिन मजे की बात है कि दूसरे चरण के चुनाव के बाद पिछले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री अपनी सभी चुनावी सभाओं में भाजपा के संकल्प पत्र की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह कांग्रेस के घोषणापत्र के अलिखित हिस्से की बात कर रहे हैं और मुसलमानों को भविष्य में इसके लाभार्थी के रूप में पेश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रचार अभियान की शैली में यह अचानक बदलाव इस तथ्य के कारण हो सकता है कि प्रधानमंत्री और उनके सलाहकार इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संकल्प पत्र में दी गयी मोदी की गारंटी काम नहीं कर रही है, बल्कि कांग्रेस के घोषणापत्र में दी गयी राहुल की गारंटी अधिक आकर्षक है। इसके अलावा, भाजपा शासन के पिछले दस वर्षों में बढ़ती असमानता का मुद्दा हिंदू मतदाताओं के मन में है, और इसलिए कांग्रेस के घोषणापत्र के कार्यक्रम गैर-अमीर हिंदुओं के लिए अधिक अनुकूल हैं। इसलिए प्रधानमंत्री असमानता के मुद्दे पर बहस से बचने के लिए कांग्रेस या इंडिया गुट पर सांप्रदायिक पुनर्वितरण के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कथित तुष्टिकरण की ओर माहौल को मोड़ना चाहते हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि विकासशील देश भी वंचितों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध कराने के लिए अमीरों पर अधिक कर लगाने की संभावना पर चर्चा कर रहे हैं।

जी-20 के अध्यक्ष के रूप में ब्राजील ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा दौर में अमीरों और गरीबों के बीच असमानता के स्तर को कम करने के लिए अत्यधिक धनियों पर वैश्विक कर लगाने का प्रस्ताव रखा है। भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल/मई 2024 में होने वाले आम चुनावों की पूर्व संध्या पर भारतीयों को प्रभावित करने के लिए अपनी अध्यक्षता कार्यकाल का बड़ा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने ब्राजील की तरह कोई पहल नहीं की।

वकालत समूह टैक्स जस्टिस नेटवर्क के 2023 के एक अध्ययन के अनुसार, टैक्स हेवेन के कारण दुनिया भर के देशों को अगले दशक में कर राजस्व में 4.8 ट्रिलियन (3.8 ट्रिलियन) तक का नुकसान हो सकता है। इन पनाहगाहों को वैश्विक कंपनियों और उनमें से कई भारत के अमीरों द्वारा संरक्षण प्राप्त है। इस साल की शुरुआत में ईयू टैक्स ऑब्जर्वेटरी की एक रिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया भर के अरबपतियों पर प्रभावी कर दरें उनकी संपत्ति के 0 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत के बीच हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि महामारी के वर्षों के दौरान, जबकि गरीबों और अन्य लोगों को नुकसान उठाना पड़ा और अनेकों की मृत्यु हो गयी, बड़ी कंपनियों और अमीर व्यक्तियों की कमाई काफी बढ़ गयी। वास्तव में महामारी के वर्षों में असमानता और अधिक बढ़ जाती है।

भारत के लिए, अति अमीरों पर विशेष कर लगाना समुचित है क्योंकि इस साल जनवरी में जारी नवीनतम ऑक्सफैम रिपोर्ट सहित सभी हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि असमानता लगातार बढ़ रही है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत केवल पांच हाथों में बढ़ती औद्योगिक एकाग्रता का सामना कर रहा है, और अरबपतियों, निजी इक्विटी फंडों और क्रोनी पूंजीपतियों को समृद्ध कर रहा है, जिससे लोगों के बीच अभूतपूर्व स्तर की असमानताएं और गरीबी बढ़ रही है। रिपोर्ट बताती है, कॉर्पोरेट शक्ति चार तरीकों से असमानता को बढ़ावा देती है- अमीरों को पुरस्कृत करना, श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं देना; करों से बचना; सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण; और ड्राइविंग क्लाइमेट ब्रेकडाउन। निगम मज़दूरी को कम करके और अति-अमीर लोगों को सीधे मुनाफ़ा देकर असमानता को बढ़ावा देते हैं। ऑक्सफैम के विश्लेषण से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर 791 मिलियन श्रमिकों का वेतन मुद्रास्फीति के अनुरूप नहीं रह गया है और इसके परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों में प्रत्येक कर्मचारी को लगभग एक महीने (25 दिन) का वेतन खोना पड़ा है। इसके अलावा, निगमों ने अपने प्रभाव का उपयोग श्रम कानूनों और नीतियों का विरोध करने के लिए किया है जिनके माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाया जा सकता है, जैसे कि न्यूनतम वेतन वृद्धि। उन्होंने उन सुधारों का समर्थन किया जो श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करते हैं, और ट्रेड यूनियन गतिविधियों पर राजनीतिक प्रतिबंध भी लगाते हैं।

निजीकरण महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं में असमानताओं को और बढ़ा सकता है, जिससे अमीर और गरीब के बीच की खाई और बढ़ा सकती है। जो लोग भुगतान नहीं कर सकते उन्हें सेवा से बाहर कर दिया जायेगा और गरीब बना दिया जायेगा, जबकि जो लोग भुगतान कर सकते हैं वे अच्छी स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। निजीकरण लिंग, नस्ल और जाति के आधार पर असमानताओं को भी बढ़ा सकता है।

भारत में, जहां निजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र अब 236 अरब अमेरिकी डॉलर का है और तेजी से बढ़ रहा है, विश्व बैंक की निजी क्षेत्र शाखा, अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने देश की कुछ सबसे बड़ी कॉर्पोरेट अस्पताल श्रृंखलाओं में सीधे तौर पर आधा अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इनमें कुछ सबसे अमीर अरबपतियों के स्वामित्व में हैं। फिर भी जून 2023 में, ऑक्सफैम ने पाया कि आईएफसी ने 25 साल पहले शुरू होने के बाद से भारत में अपनी स्वास्थ्य परियोजनाओं का एक भी मूल्यांकन प्रकाशित नहीं किया है। भारतीय स्वास्थ्य नियामकों ने कई शिकायतों को सही ठहराया है, जिनमें अस्पतालों द्वारा अधिक कीमत वसूलने, कीमतों में हेराफेरी और सरकारी जमीन मुफ्त में मिलने की शर्त होने के बावजूद गरीबी में रहने वाले मरीजों का मुफ्त में इलाज करने से इनकार करने के मामले शामिल हैं। इसके अलावा, वित्त पोषित 144 अस्पतालों में से केवल एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है।

चूंकि भारतीय जन 18वीं लोकसभा चुनाव में भाग ले रहे हैं, इसलिए वंचितों की जीवन स्थितियों का मुद्दा महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की तमाम कोशिशों के बावजूद इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी सही हैं जब वह साठगांठ वाले पूंजीपतियों की बात करते हैं और कैसे नरेंद्र मोदी राज में कुछ परिवारों की रक्षा की जा रही है जो अपनी संपत्ति बेतहाशा खर्च बढ़ा रहे हैं जबकि सामान्य श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी भी गिर रही है। इंडिया ब्लॉक के नेताओं के लिए अच्छा होगा कि वे रोजी-रोटी के मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने में प्रधानमंत्री और भाजपा के खेल का पर्दाफाश करें। प्रधानमंत्री को लोगों को झांसा देकर बच निकलने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए।

# गुरवाणी विचार

## सतगुरु चरणी लगिआ, हरि नाम नित जपनी

बिन सतगुरु सेवे सांति न आवई दूजी नांही जाये
जे बहुतेरा लोचिये, बिन करमे न पाइआ जाये
जिना अंतर लोभ विकार है भाये खुआये
जनम मरण न चूकई हऊमे विच दुख जाये
जिना सतगुरु सिओ चित लाएआ सो खाली कोय नाहे
जिन जम की तलब न होवई न आये दुख सहाये
नानक गुरमुख उबरै सचै संबद समाहे।

इन शब्द की पंक्तियों द्वारा गुरदेव मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि परमात्मा से मन को जोड़े बिना कभी आत्मिक शांति प्राप्त नहीं हो सकती और हम चाहे कहीं भी धक्के खाते रहें मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों, गिरजाघरों में घूमते रहें, भटकते रहें पीर फकीरों के इर्द-गिर्द चक्कर लगाते रहें हमें कहीं भी चैन नहीं मिल सकता जब तक हमारा मन प्रभु सिमरन बंदगी में रम न जाए। प्रभु बंदगी कर हमें हमारे घट में विराजमान प्रभु मूरत को खोज निकालता है। इसके लिए कहीं हमें वन, कंदराओं में जाने की जरूरत नहीं है। प्रभु तो हर घट में संसार के जर्रे जर्रे में विराजमान है ठीक उसी तरह जिस तरह फूल में सुगंध महसूस कर सकते हैं। दर्पण में अपनी छवि देख सकते हैं। वैसे ही हमारे घट में परमात्मा विराजमान हैं-

पुहुप मधजिओ वास बसत है मुकर मोह जैसे छाइ।
तैसे ही हरि बसै निरंतर घटि ही खोजो भाई।।

हम लाख जतन करते रहें। लोगों से ठगी बेईमानी कर अपने लाभ की पूर्ति हेतु धन इकट्ठा करते रहें, लोगों से ठगी-बेईमानी इत्यादि का सहारा लेते रहें पर हमें प्राप्ति उतनी ही होनी है जितनी हमारे भाग्य में है। हमारे भाग्य में जो कुछ परमात्मा ने लिख दिया है हमें उतना ही मिलने वाला है और इस तरह करने से परमात्मा की प्रसन्नता भी प्राप्त नहीं की जा सकती। हम हर वक्त सांसारिक मोह माया में विषय विकारों की अग्नि में जलते रहते हैं। माया के मोह में गलतान रहते हैं। धन-कमाने हेतु हर वक्त पागल हुए रहते हैं। लाख मिलने पर दस लाख पाने की तरफ दौड़ते हैं। माया चीज ही ऐसी है तृष्णा हमारी कभी खत्म नहीं हो पाती।

सहस्त्र खटे लखि को उठि धावै,
तृप्त न आवै माया पाछै पावै।

इन सबसे हमें सच्चा सुख मिलने वाला नहीं है। गलत तरीके से इकट्ठी की गई माया भी हमारे दुख का एक कारण बन जाती है। मानव मन की कृष्णा के कारण ही बार-बार जन्म लेता है। मृत्यु को प्राप्त होता है फिर जन्म लेता है। मगर जब तक उसके अंदर हृदय में शांति प्राप्त नहीं हो जाती। संतोष नहीं आ जाता तब तक उसका यह जनम-मरण के चक्कर से छुटकारा पाने हेतु प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाना चाहिए। सांसारिक दृष्टि से मनुष्य चाहे जितनी भी उन्नति कर ले उसे सच्चा सुख आनन्द की प्राप्ति नहीं हो सो सकती। मनुष्य को संसार के किसी भी उच्च से उच्च पद अथवा संसार के समस्त धन पदार्थों की प्राप्ति क्यों न हो जाए। उसकी भूख जब तक नहीं मिटती तब तक उसे चैन नहीं पड़ता। जब तक वह परम लक्ष्य की प्राप्ति न कर ले। वह परम लक्ष्य है प्रभु की सिमरन बंदगी कर उसकी प्राप्ति करना। इसलिए इंसान किसी क्षेत्र में उन्नति कर भी ले तो सुख आनंद प्राप्त कर ले तो भी वह चिरस्थिायी नहीं रहता परन्तु यदि वह प्रभु बंदगी कर प्रभु की कृपा प्राप्त करने में सफल हो जाता है तो फिर वह संसार के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच जाता है और उसका लोक परलोक सुहेला हो जाता है फिर उसके आनंद की कोई सीमा नहीं रहती।

इसलिए गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि इस संसार समुद्र से वही पार उतर सकता है जो साचे मन से प्रभु बंदगी करता रहे। हमारा मन इधर उधर भटकता रहता है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

सतगुरु चरणी लगिआ, हरि नाम नित जपनी।
जो इच्छे सो फल पाऐसी सब घरे विच जचनी।।
इस बात की ताईद गुरुवाणी द्वारा कुछ इस तरह भी की गई है-
इच्छा पूरक सरब सुख दाता हरि जाके वस है कामधेना।
सो ऐसा हरि धिआइये मेरे जीअड़े, तां सरब सुख पावै मेरे मना।।

इसलिए हमें प्रभु सिमरन बंदगी में हर वक्त मन को रमाना चाहिए तभी हम इस संसार में सुखपूर्वक जीवन यापन कर पाएंगे और प्रभु के सांचे दरबार में भी हमें स्थान की प्राप्ति हो सकेगी। जहां फिर हमें सदा आनन्द ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी।

**इंदर सिंह आहुजा**

# आपके पत्र

## देश मे कई राज्यो में हिटवेव, बढ़ता पारा जनजीवन बेहाल

देश के कई राज्य हिटवेव की चपेट में है। गर्मी के तेवर तीखे है। बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन पर भारी असर देखने को मिल रहा है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार और उत्तरप्रदेश के कई जिले रेड अलर्ट पर है। घर से बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। 39 से 43 डिग्री तापमान में जनजीवन पर असर होता दिखाई दे रहा है। कई जिलों में गर्मी के कारण मौतें भी हुई है। कानपुर की बढ़ती गर्मी से हाल बेहाल है। वाराणसी का 43 डिग्री तापमान और कानपुर में 43.6 डिग्री तापमान से गले सूख रहे है। चमड़ी जल रही है, गर्मी में लोग घर से बाहर निकलना पसंद नहीं कर रहे है। शीतलता की आवश्यकता है। शीतल पेय और आइस डिश, आइस गोले, आइसक्रीम और गन्ने के जूस की दुकानें और हाथ लारियों पर लोगों की कतार दिखाई दे रही है। गर्मी में लू से बचने के लिए सूती कपड़े और दोपहरी में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है। बढ़ते तापमान से इस वर्ष बारिश जल्द आने के संकेत मौसम विभाग दे रहा है। कई जिलों में आंधी, बारिश के आसार है। गर्मी की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। दोपहर को मार्ग पर आवाजाही बन्द रहती है। गर्मी से और लू से बचने के जतन करना चाहिए। गर्मी के कारण अटैक की कई घटना अखबार में पढ़ने को मिल रही है। शीतलपेय, नारियल पानी और छाछ का इस्तेमाल भरपूर करना चाहिए। बासी भोजन से बचना चाहिए। खुराक का नियमित ध्यान रखा जाना चाहिए। बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग का असर जलवायु पर देखने को मिल रहा है। बिन मौसम बारिश और अचानक बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। बढ़ती गर्मी जानलेवा है। कई जगह अंधड़ और बारिश की बौछारों से वातावरण में ठंडक पसर गई है, लेकिन गर्मी से लोगों के स्वास्थ्य पर असर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में भीड़ बढ़ रही है। तबियत का ध्यान रखा जाना चाहिए। अयोध्या में दो लोगो की मौत हो गई। 42 डिग्री गर्मी से मूक पशु पक्षियों पर प्रभाव पड़ रहा है। लोग घरों के बाहर पानी के परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। हाई राइजिंग बिल्डिंगों के कारण पंक्षियों के लिए पानी दूर-दूर तक कहीं नहीं मिलता। लुप्त होती प्रजाति से पक्षियों की कलरव कम सुनाई देती है। लोग गर्मियों में पानी के परिंडे लगाकर अबोल पक्षियों के लिए सेवा दे रहे हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 34,535 हुआ

**गाजा,** 1 मई (एजेंसियां)। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में हो रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,535 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने 47 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 61 अन्य घायल हुए हैं। इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,535 हो गई और घायलों की संख्या 77,704 है। भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए मिले। इजरायली सेना ने गाजा में सुरंग प्रवेश द्वार और एक मिसाइल लॉन्च प्लेटफॉर्म सहित 24 लक्ष्यों पर हमला करने की सूचना दी।

# इजरायल गाजा समझौते के लिए बड़ी रियायतें देने को तैयार : रिपोर्ट

**काहिरा/तेल अवीव,** 1 मई (एजेंसियां)। गाजा युद्ध में संघर्ष विराम पर काहिरा में चल रही वार्ता के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा पेश एक समझौते के प्रस्ताव के बारे में विवरण सामने आया है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को मिस्र के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि जिस प्रस्ताव को तैयार करने में इजरायल शामिल था, उसे अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। प्रस्ताव में दो चरणों की परिकल्पना की गई है। पहले चरण में फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में तीन हफ्ते के भीतर कम से कम 20 बंधकों की रिहाई शामिल होगी।

टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा कि इजरायल किसी समझौते पर पहुंचने के लिए लचीलापन दिखाने में आगे बढ़ गया है। उदाहरण के लिए, पहले चरण में हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या कम कर दी गई है। इजरायल उन फिलिस्तीनियों की संभावना के लिए भी खुला है जो गाजा पट्टी के दक्षिण में लड़ाई से भाग गए थे और इजरायली सुरक्षा जांच के बिना उत्तर में लौट आए।

इजरायली अखबार के अनुसार वर्तमान में जिन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, उनमें से एक विकल्प यह है कि मिस्र सुरक्षा जांच अपने हाथ में ले। इजरायली सरकार हमास से लेटेस्ट प्रस्ताव पर बुधवार शाम को प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रही है।



वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इजरायली और मिस्र के अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल आने वाले दिनों में काहिरा में अप्रत्यक्ष वार्ता के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए तैयार है।

**अगर हमास के साथ जल्द ही समझौता नहीं हुआ, तो रफा में जमीनी आक्रमण शुरू हो जाएगा : इजरायल**

इजरायल लेटेस्ट प्रस्ताव को आखिरी मौका के रूप में देख रहा है। इजरायली मीडिया ने हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा कि अगर हमास के साथ जल्द ही समझौता नहीं हुआ, तो दक्षिणी गाजा के रफा शहर में जमीनी आक्रमण शुरू हो जाएगा। एक अधिकारी ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि रफा में हमले की तैयारी जारी है।

## संयुक्त राष्ट्र ने की राफा को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव की अपील



**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू राफा में सेना भेजने के अपने दृढ़ संकल्प पर दृढ़ता से खड़े हैं, उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस क्षेत्र पर हमले को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव की अपील की, जहां 12 लाख से अधिक फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं। गुटेरेस ने मंगलवार को कहा कि मैं इजरायल पर प्रभाव रखने वाले सभी लोगों से इसे रोकने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने की अपील करता हूं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राफा पर सैन्य हमला असहनीय है, जिसमें हजारों नागरिक मारे जाएंगे और हजारों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वह क्षेत्र जहां 12 लाख से अधिक लोग अब राफा गवर्नरेट में शरण मांग रहे हैं, उनमें से अधिकांश इजरायली बमबारी के कारण भाग रहे हैं। कथित तौर पर 34,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।इस बीच, नेतन्याहू ने कहा कि हम राफा में प्रवेश करेंगे और हम पूरी जीत हासिल करने के लिए समझौते के साथ या उसके बिना, हमास की बटालियनों को खत्म कर देंगे।

## युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाने ब्लिंकन पहुंचे इजरायल

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजरायल पहुंचे। यहां पर वह गाजा युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए बुधवार को देश के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है।



इजरायल के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने मंगलवार रात एक बयान में कहा कि इसहाक हर्जोग के साथ बैठक तेल अवीव में होगी, जबकि ब्लिंकन नेतन्याहू के साथ यरूशलम में उनके कार्यालय में बातचीत करेंगे। वह इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी से भी मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन बंधकों के परिवारों से भी मुलाकात करेंगे।

शीर्ष अमेरिकी राजनयिक सोमवार को मध्य पूर्व पहुंचे थे और क्षेत्र में शांति के संबंध में जॉर्डन और सऊदी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। इजरायल ने इजरायली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है।

## सुडोकू 6540

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 30 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। काम में सफलता भी शीघ्र नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृषभ - आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

मिथुन - आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क - किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह - साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें।

तुला - आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक - परिजनों के साथ मनदु-ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ - आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन - आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1598-अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन।
1789-जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1837-महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष हरि सिंह नलवा का निधन।
1870-भारतीय सिनेमा के पितामह धुंदीराज फाल्के उर्फ दादा साहब फाल्के का जन्म।
1896-आनंदमयी मां का जन्म।
1908-खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए।
1927-भारत में सर्वोच्च न्यायालय की भूतपूर्व न्यायाधीश फ़ातिमा बीबी का जन्म।
1936-महात्मा गांधी ने अपना आवास बदला और वर्धा में सेवाग्राम आश्रम में रहने लगे।
1945-जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की।
1967-भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ और सक्रिय राजनेता मीनाक्षी लेखी का जन्म।
1973-अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने देश के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कॉँड की ज़िम्मेदारी ली हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।
1975-वियतनाम युद्ध का अंत हुआ। तीन दिन के सत्तारूढ़ राष्ट्रपति दुओंग वैन मिन्ह ने अपनी सेनाओं से समर्पण करने और उत्तरी वियतनामियों से हमले रोकने को कहा।
1985-अमेरिकी पर्वतारोही रिचर्ड डिक बास (55 वर्ष) माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक उम्र में चढ़ने वाले व्यक्ति बने।

## रूसी यूरेनियम के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित

**वाशिंगटन,** 1 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी सीनेट ने रूसी यूरेनियम के अमेरिकी आयात पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को पारित कर दिया है। सीनेट ने मंगलवार रात सर्वसम्मति से यह विधेयक पारित कर दिया और इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को भेज दिया।



यह विधेयक विशेष रूप से रूस में या रूसी इकाई द्वारा उत्पादित गैर-विकिरणित कम-संवर्धित यूरेनियम के अमेरिकी आयात पर प्रतिबंध लगाता है। विधेयक अप्रकाशित निम्न के अमेरिकी आयात पर भी प्रतिबंध लगाता है। हालांकि, विधेयक में कहा गया है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग इस प्रतिबंध से छूट जारी कर सकता है यदि यह निर्धारित करता है कि अमेरिकी परमाणु रिएक्टर या परमाणु ऊर्जा कंपनी के निरंतर संचालन को बनाए रखने के लिए कम समृद्ध यूरेनियम का कोई वैकल्पिक व्यवहार्य स्रोत उपलब्ध नहीं है, या यदि यह यह भी निर्धारित करता है कि यूरेनियम का अमेरिकी आयात राष्ट्रीय हित में है।

# पाक में हिंदुओं की बेटियों का जबरन किया जा रहा धर्मांतरण : दानेश कुमार

■ राजनीतिक दलों के समर्थन से हो रहा अपहरण व धर्मांतरण
■ संयुक्त राष्ट्र ने 'खतरनाक स्थिति' बताते हुए की पाकिस्तान की आलोचना

**इस्लामाबाद,** 1 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सीनेटर दानेश कुमार ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के जबरन अपहरण और धर्मांतरण की ओर लोगों का ध्यान खींचा है।

दानेश ने सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं हैं कि कोई जबरन उनका धर्म बदलवा दे। सिंध में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराया जा रहा है। मासूम पूजा कुमारी का अपहरण हुए दो साल हो गए। सरकार इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने कहा कि हिंदू लड़कियों का जबरन अपहरण और धर्मांतरण प्रभावशाली लोगों और धार्मिक समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है। उनका अपहरण कर जबरन इस्लाम कबूल करवाया जाता है और उनकी शादी मुस्लिम पुरुषों से करा दी जाती है। दानेश ने कहा कि बहाना बनाया जा रहा है कि नाबालिग हिंदू लड़कियां अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावशाली धार्मिक समूहों को लगता है कि धर्मांतरण से वो ये साबित करना चाहते हैं कि इस्लाम के प्रति उनका पक्का समर्पण है, जबकि इस्लाम की शिक्षा इसकी इजाजत नहीं देती। दानेश ने एक ऐसा मुद्दा उठाया है जो वर्षों से पाकिस्तान में चल रहा है। कई वैश्विक निकायों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की चल रही पीड़ा पर गंभीर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं।



**हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं हैं कि जबरन उनका धर्म बदलवा दे : दानेश**

# आतंकवादी पन्नू को बचाने के लिए भारत पर दबाव बढ़ा रहा अमेरिका

**वाशिंगटन,** 1 मई (एजेंसियां)। अमेरिका खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहा है और वाशिंगटन पोस्ट की खबर के बाद अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी चिंताओं को सीधे तौर पर और उच्च स्तर पर भारत सरकार के साथ उठाता रहेगा तथा भारत की जवाबदेही की उम्मीद करता है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नियमित ब्रीफिंग में कहा कि वह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच के संबंध में भारत सरकार से 'जवाबदेही की उम्मीद करते हैं' और अमेरिकी प्रशासन इस मामले को लेकर भारत के साथ मिलकर काम कर रहा है।

वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर में एक रॉ अधिकारी का नाम कथित तौर पर पन्नू को खत्म करने की साजिश में शामिल बताया गया था।

पटेल ने कहा कि इसलिए हम भारतीय जांच समिति के काम के परिणामों के आधार पर भारत सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं, और हम नियमित रूप से उनके साथ काम कर रहे हैं और अतिरिक्त अपडेट के लिए पूछताछ कर रहे हैं। हम भारत सरकार के साथ उच्च स्तर पर सीधे तौर पर अपनी चिंताओं को उठाना जारी रखेंगे। लेकिन इससे आगे मैं इस पर अधिक विस्तार से कुछ नहीं कहूंगा। यह मामला न्याय विभाग देख रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब भारत ने मंगलवार को वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को निराधार एवं अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुख्यालय व्हाइट हाउस ने भी कहा कि वह मामले को 'बहुत गंभीरता' से ले रहा है।



**हम भारतीय जांच समिति के काम के परिणामों के आधार पर भारत सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं : वेदांत पटेल**

## सोनी मैक्स 2 ने पूरा किया एक दशक का सफर

**नई दिल्ली।** सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये 'सदाबहार फिल्में' समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं, जिन्हें विभिन्न पीढ़ियों द्वारा पसंद किया जाता रहा है। इनमें से प्रत्येक सदाबहार फिल्म को चैनल सिनेमा प्रेमियों के जुनून को पूरा करने के उद्देश्य से सावधानीपूर्वक चयनित और क्यूरेट करता है। ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह 'सूर्यवंशम' का सदाबहार आकर्षण हो या फिर, 'शान', 'सत्ते पे सत्ता', 'सड़क', और 'मिस्टर नटवरलाल' जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स, सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है।



## वर्ग पहेली 6540

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. प्राचीन कालीन, प्राचीनकाल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों से निमा4णया अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिसे किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हटना पड़ा हो पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुन: प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२२. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**
१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ा कर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी पुल आदि का निचोड़, आनंद, मज़ा

### वर्ग पहेली-6539

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स | २ मा | जि | ३ क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | न |
| ट्ट | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | न | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | र्दि | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्षे | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ह | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ न | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आपदा — झेलम व डूड़गंडा नदियों के उफनते किनारे बन गए आकर्षण का केंद्र

# कश्मीर में 2014 की विनाशकारी बाढ़ की यादें हो गई ताजा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 1 मई (देशबन्धु)। जैसे ही लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया, कश्मीर में 2014 की विनाशकारी बाढ़ की यादें फिर से ताजा हो गई। झेलम और डूड़गंडा नदियों के उफनते किनारे एक बार फिर निवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए। '2014 में, हमने प्रकृति की पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उस आपदा के निशान अभी भी गहरे हैं' राजबाग में झेलम नदी के तट पर बैठे एक बूढ़े व्यक्ति ने कहा, जोखिमों को समझे बिना लोगों को नदी के किनारे आते देखना निराशाजनक है।**

एक अन्य युवक, उमर, जो लगभग 20 वर्ष का था, ने कहा कि बाढ़ की यादें अभी भी हमारे दिमाग में ताज़ा हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम चेतावनियों पर ध्यान दें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। इसी तरह, कश्मीर के केसर शहर के नाम से जाने जाने वाले पंपोर के निवासी पूरी रात सो नहीं सके क्योंकि गरजती हुई झेलम और पास में बहती जलधाराओं ने 2014 के जलप्रलय की भयानक यादें ताजा कर दीं। एक दशक बाद, पंपोर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी जिनमें कदलाबल, द्रंगबल, नंबलबल, तन्चे बाग, फ्रेस्टबल और कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं, का मानना है कि पिछली सरकारों और वर्तमान प्रशासन द्वारा नदी-तटबंधों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कुछ भी नहीं किया गया था। द्रंगबल के निवासी मुहम्मद सुल्तान के बकौल, मुझ पर भरोसा करें, हम पूरी रात (29/30 अप्रैल) सो नहीं सके। क्योंकि जेहलम नदी में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा था। सितंबर 2014 में आए जलप्रलय में सुल्तान का घर जमींदोज हो गया था।

**हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते, लेकिन निवारक उपाय कर सकते हैं : अब्दुल समद**

सुल्तान का कहना था कि मैंने अपना घर खो दिया और 10 साल बीत जाने के बावजूद, मैं इसे ठीक से पुनर्निर्माण नहीं कर पाया। हालांकि मुझे सरकार से कुछ राहत और मुआवजा मिला, लेकिन पहले जैसा घर बनाना आसान नहीं है, क्योंकि कई चुनौतियां हैं। चूंकि बारिश तो रुक गई थी लेकिन जलस्तर अभी भी बढ़ रहा था। मैं ऊपरवाले से प्रार्थना करता रहा कि इस बार हमें बाढ़ से बचा ले।

पंपोर के अन्य लोगों का कहना था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्य शहर पंपोर में नदी तटबंध की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई। वर्ष 2014 में काम बीच में ही छोड़ दिया गया था और तब से तटबंध की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है।

अब्दुल समद ने कहा कि द्रंगबल से फ्रेस्टबल तक नदी के तटबंध को संरेखित करने की सख्त ज़रूरत है क्योंकि इस खंड में 2014 की बाढ़ में कई दरारें देखी गई थीं। अगर बारिश आज भी जारी रहती, तो बाढ़ आना तय था। सर्वशक्तिमान ने हमें बचाया... हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते, लेकिन हम निवारक उपाय कर सकते हैं।

## दुनिया को जानें

# एस्ट्राजेनेका ने माना कि कोविशील्ड से बढ़ता है टीटीएस का खतरा

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। एस्ट्राजेनेका कंपनी की कोविड वैक्सीन से होने वाले ब्लड क्लॉट डिसऑर्डर को लेकर डॉक्टरों ने कहा कि यह एस्ट्राजेनेका के कोविड वैक्सीन का एक दुर्लभ दुष्प्रभाव है, और इसके लाभ जोखिम से कहीं अधिक हैं। यह उन रिपोर्टों के बाद आया जिनमें कहा गया था कि एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किया कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी में विकसित उसका टीका दुर्लभ और गंभीर ब्लड क्लॉट का खतरा पैदा कर सकता है।

भारत में कोविशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया के नाम से बेची जाने वाली ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे संशोधित चिंपैंजी एडेनोवायरस का उपयोग कर विकसित किया गया है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ साझेदारी में भारत में निर्मित और विपणन की जाने वाली कोविशील्ड को देश में लगभग 90 प्रतिशत भारतीय आबादी तक व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस ने मारा हिमाचल में श्रमिकों का हक : अनुराग ठाकुर

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज मजदूर दिवस के मौके पर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा श्रमिकों ही हित में भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को बंद करने पर कांग्रेस को श्रमिक विरोधी कहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने श्रमिकों के उत्थान व कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाईं। हिमाचल में श्रमिकों के हितों के लिए 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल जी द्वारा हिमाचली मजदूरों के कल्याण हेतु गठित हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का गठन किया था। आदरणीय धूमल जी द्वारा शुरू इस कार्यक्रम को आदरणीय जयराम ठाकुर जी ने भी चालू रखा था जिससे अब तक प्रदेश के श्रमिकों को कई तरह की मदद मिलती थी जैसे बेटियों की शादी और बच्चों की पढ़ाई लिखाई हेतु आर्थिक मदद, साइकिल, सौर लालटेन, सिलाई मशीन इत्यादि।

# आबादी वाले क्षेत्रों में जल भराव और भू-कटाव मामले पर सुनवाई

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी जानकारी

■ मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तिथि नियत की गई है



> सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया ने कोर्ट को आरटीआई की प्रति पेश की। जिसमें कहा गया कि 1 मार्च 2023 से अभी तक बाढ़ से बचाव के लिए संवेदनशील क्षेत्र नंधौर, पचोनिया, सुखी नदी, ढोका, वन परिसर चोरगलिया समेत सुनारगड़ा में जमा मलबा और सिल्ट को नहीं हटाया गया।

**नैनीताल,** 1 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नंधौर नदी समेत गौला, कोसी, गंगा और दाबका में बरसात में हो रहे भू-कटाव और बाढ़ से नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण आबादी वाले क्षेत्रों में जल भराव, भू कटाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि जो सूचना याचिकाकर्ता ने कोर्ट में पेश की है उसका अवलोकन कर कोर्ट को बताएं कि बाढ़ राहत के लिए क्या कदम अभी तक उठाये गए हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तिथि नियत की गई है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया ने कोर्ट को आरटीआई की प्रति पेश की। जिसमें कहा गया कि 1 मार्च 2023 से अभी तक बाढ़ से बचाव के लिए संवेदनशील क्षेत्र नंधौर, पचोनिया, सुखी नदी, ढोका, वन परिसर चोरगलिया समेत सुनारगड़ा में जमा मलबा और सिल्ट को नहीं हटाया गया। जबकि जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा 6 जनवरी 2024 को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ से बचाव हेतु बजट स्वीकृत नहीं किया गया, जबकि सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेशों का पालन किया जा रहा है। नदियों में जमा सिल्ट व मलबा को हटाया जा रहा है। याचिकाकर्ता द्वारा आरटीआई दिखाने पर साफ हो गया कि इसमें कोई कार्य हुआ ही नहीं है, इसलिए सरकार आरटीआई का अवलोकन करें। मामले के अनुसार हल्द्वानी चोरगलिया निवासी भुवन चंद्र पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में बरसात की वजह से नदियां उफान पर आती हैं। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ और भू-कटाव होता है। जिसके चलते आबादी क्षेत्र में जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हेक्टेयर वन भूमि, पेड़ और सरकारी योजनाएं बह गई हैं। नदियों का चौनेलाइज नहीं होने के कारण नदियों ने अपना रुख आबादी की तरफ कर दिया है। जिसकी वजह से उधम सिंह नगर, हरिद्वार , हल्द्वानी, रामनगर,रुड़की, देहरादून में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाढ़ से कई पुल बह गए हैं। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर, मलबा नहीं हटाया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14 फरवरी 2023 का पालन नहीं किया है। जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार संबंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद, मलबा और बोल्डर हटाकर उन्हें चौनलाइज किया जाए, ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रुकावट के बह सके, जो सरकार ने नहीं किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि सरकार द्वारा समय-समय पर नदियों से गाद, मलबा और बोल्डर हटाकर उन्हें चौनलाइज का कार्य किया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं को जायजा



■ पुलिस कार्मिकों की सुविधाओं के अनुरूप व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए

**रुद्रप्रयाग,** 1 मई (देशबन्धु)।। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डा. विशाखा अशोक भदाणे ने रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, कुण्ड, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग होते हुए गौरीकुण्ड तक की यात्रा व्यवस्थाओं एवं पुलिस व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा यात्रा मार्ग पर स्थापित स्थाई व अस्थाई पुलिस चौकियों, पुलिस थाने, पर्यटन पुलिस सहायता केन्द्रों का निरीक्षण कर की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत पर्यटन पुलिस केन्द्रों व यातायात बूथों को आकर्षक बनाये जाने व इनमें ड्यूटीरत होने वाले पुलिस कार्मिकों की सुविधाओं के अनुरूप व्यवस्थायें बनाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली सोनप्रयाग में भोजनालय, कर्मचारी बैरक इत्यादि का सौन्दर्यीकरण किये जाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली सोनप्रयाग के भोजनालय की क्षमता बढ़ाये जाने, अतिरिक्त पुलिस बल की आवासीय व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस कार्मिकों का सम्मेलन लेकर आगामी यात्राकाल अवधि में सही ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। सोनप्रयाग व सीतापुर स्थित पार्किंगों के एन्ट्री व एग्जिट प्वाइंट खाली रखने व यहां पर आने व जाने वाले वाहनों को मूवेबल बनाये रखने के निर्देश दिए गए। सोनप्रयाग शटल पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराने हेतु बनी बैरिकेडिंग्स को सही ढंग से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक के सड़क मार्ग व गौरीकुण्ड की छोटी पार्किंग का निरीक्षण कर यात्रा रूट को क्लियर रखे जाने व यात्रियों हेतु जागरुकता साइनेजज लगाए जाने के निर्देश दिए गए। गौरीकुण्ड घोड़ा पड़ाव से लेकर गौरीकुण्ड गेट तक का क्षेत्र यात्रा काल में भीड़ भाड़ रहित रखे जाने व इस क्षेत्र में घोड़ा-खच्चर को किसी भी दशा में खड़ा न कराये जाने के निर्देश दिए गए। गौरीकुण्ड पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण कर किये जा रहे सत्यापन व यहां पर बनाए गए रजिस्टर को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस चौकी गौरीकुण्ड पहुंचकर बैरकों व भोजनालय का सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित पुलिस बल का सम्मेलन लेकर अपना कर्तव्य निर्वहन सही ढंग से करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित सभी प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि आगामी दिनों में यात्रा व्यवस्था के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी जायेगी।

इस हेतु सभी सम्बन्धित प्रभारियों को पुलिस कार्मिकों के रुकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यात्राकाल में सड़क किनारे के क्षेत्र बिल्कुल खाली रखे जाने व पार्किंगों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए गए।

**सार संक्षेप**


## पांच गौ तस्कर दबोचे, पांच गौवंशीय पशु जिन्दा बरामद

**हरिद्वार।** गौवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे पांच लोगों को गौ स्क्वाड व पुलिस ने सयुंक्त कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से पांच जिन्दा गौवंशीय पशु भारी मात्रा में गौमांस व गौकशी में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीती रात उत्तराखंड गौ स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र हरिद्वार की टीम को सूचना मिली कि फुरकान एवं सनव्वर पुत्र खलील निवासी ग्राम खाताखेडी के घर पर गौकशी की जा रही है। सूचना पर गौ स्क्वायड द्वारा मामले की सूचना थाना झबरेड़ा पुलिस को दी गयी। जिसके बाद गौ स्क्वायड व पुलिस द्वारा आरोपियों के घरों में अलग-अलग दबिश दी गई। मौके पर गौकशी करते हुए पांच आरोपियों कुर्बान पुत्र खलील, सनव्वर पुत्र खलील, तसव्वर पुत्र खलील, लुकमान पुत्र गुफरान व साजिद उर्फ टोला पुत्र सकूर मौके पर पकडा गया। मौके से लगभग 6 कुंतल गौमांस मय गौकशी उपकरण, गौमांस परिवहन हेतु प्रयुक्त की जाने वाले 6 मोटरसाइकिल बरामद की गई। साथ ही 5 जीवित गौवंशीय पशुओं (4 गाय 1 बछिया) को गौकशी से पूर्व ही बचा लिया गया। मौके से बरामद खाल-मांस के पशु चिकित्साधिकारी द्वारा प्रयोगशाला परीक्षण हेतु सैम्पल लिये गये। बरामद गौमांस घटनास्थल से बाहर खाली स्थान पर उचित अम्लीय छिडकाव कर नष्ट किया गया। हालांकि इस दौरान मची अफरा तफरी का फायदा उठाते हुए एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश जारी है।

## बाल आयोग के निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिली कई खामियां

**देहरादून।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने विकासनगर के कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक निजी स्कूल में लगी शिकायत पेटी को खोला गया तो उसमें कई शिकायतें मिली। जिसमें एक छात्रा



ने साल 2019 में शिकायत कर स्कूल के शिक्षक पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, लेकिन स्कूल प्रशासन ने इसकी जांच नहीं करवाई। जिस पर डॉक्टर गीता खन्ना ने आक्रोश जताते हुए शिक्षा विभाग और पुलिस को शिकायत की जांच करने को कहा है।

दरअसल, विकासनगर के एक निजी स्कूल के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद बाल आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने टीम के साथ स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में उन्हें कई खामियां मिली। स्कूल के कक्ष में एक बच्चा उन्हें बीमार अवस्था में अकेला बैठा दिखा। बीमार बच्चे ने बताया कि शिक्षक ने वहां पर विश्राम करने को कहा है।

## सुडोकू 6540 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

# आपदा में केन्द्र से मिले 2000 करोड़, प्रदेश ने खर्च किए केवल 1820 करोड़ : रणधीर

### भान्नुपली रेल की रफ्तार रोकने वाली कांग्रेस

**शिमला,** 1 मई (देशबन्धु) । भारतीय जनता पार्टी विधायक नैना देवी एंव मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने शिमला में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आने पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री और सभी मंत्री अपनी पीठ थपथपाने से पीछे नहीं हटते, लेकिन सच्चाई यह है कि आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के माध्यम से प्रदेश का अलग-अलग किश्तों में 1782 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता की, लेकिन प्रदेश सरकार ने हिमाचल की जनता से 252 करोड़ रूपये आपदा राहत कोष के नाम पर भी जमा किए, परन्तु अभी तक हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने 1820 करोड़ रूपये ही खर्च किए है। केंद्र सरकार से आई राहत राशि और जनता से इकट्ठा किया गया धन भी पूरा खर्च नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि 7 लाख रूपये मकान बनाने की घोषणा करने वालों ने अभीतक जनता को 3 लाख रूपये ही इस सरकार ने दिए, जिन लोगों की पूरी जमीन बर्बाद हो गई उनको नई जमीर देने का वायदा करके भी अभीतक किसी को जमीन नहीं दी, किराये के मकान का किराया देने वालों के साथ वायदा करके किसी को कराया नहीं दिया जा रहा है और जो राहत राशि प्रभावितों को दी गई उसमें भी भाई-भतिजावाद और भ्रष्ट्राचार हो रहा है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने अपने इस कार्यकाल में केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में शुरू किए गए विकास कार्यों और प्रोजेक्टों में रोड़ा अटकाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में केंद्र सरकार के प्रयास से कार्यरत भान्नुपली रेलवे निर्माणाधीन है। केंद्र सरकार ने इस रेलवे निर्माण के लिए 4938 करोड़ रूपए खर्च किए हैं और ये रेलवे लाइन 75:25 की औसत में काम करने के लिए प्रस्तावित हैं, इस रेलवे लाइन के लिए जमीन प्रदेश सरकार ने उपलब्ध करवानी है, लेकिन जब से कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में आई तब से अपने हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। पिछली भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल की सरकार ने 800 करोड़ रूपये लगभग देनदारी अदा की थी, परंतु इस कांग्रेस सरकार के समय एक भी पैसा नहीं देने के कारण अब यह देनदारी 1243 करोड़ पहुंच गई है जिसके कारण केंद्र सरकार विचार कर रही है कि इस पर निर्माण कार्य आगे शुरू रखा जाए या नहीं रखा जाए।

# वन विभाग के नए मुखिया के तौर पर धनंजय मोहन ने संभाला मोर्चा

जंगलों की आग को बताया सबसे बड़ी चुनौती



> प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष भी एक बड़ी समस्या है और इसके लिए भी आम लोगों से जंगल का जुड़ाव और जागरूकता ही एकमात्र सबसे बड़ा उपाय है : धनंजय मोहन

**देहरादून,** 1 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में वन विभाग के मुखिया के तौर पर सीनियर आईएफएस अधिकारी धनंजय मोहन ने आज चार्ज ले लिया है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग से स्थाई तैनाती को लेकर अनुमति नहीं मिल पाने के चलते फिलहाल उन्हें प्रभारी हॉफ बनाया गया है। महकमे की कमान संभालने के बाद प्रमुख वन संरक्षक हॉफ के तौर पर धनंजय मोहन ने अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होंने मौजूदा समय में फॉरेस्ट फायर को सबसे बड़ी चुनौती बताया, साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम और कर्मचारियों की समस्याओं पर भी काम करने की बात कही।

उत्तराखंड में नए हॉफ के तौर पर धनंजय मोहन के सामने कई बड़ी चुनौतियां दिखाई दे रही है। इस वक्त की सबसे बड़ी चुनौती फारेस्ट फायर है। जिससे निपटने के लिए विभाग से लेकर शासन और सरकार तक की मशीनरी जुटी हुई है। ऐसे में प्रमुख वन संरक्षक हॉफ की कुर्सी पर बैठने के बाद धनंजय मोहन ने फिलहाल वनाग्नि पर पूरा फोकस किया जाने की बात कही। इसके लिए लोगों की सहभागिता को बढ़ाने पर ज्यादा से ज्यादा काम करने को अपनी प्राथमिकता में जोड़ा। धनंजय मोहन ने कहा कि वैसे प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष भी एक बड़ी समस्या है और इसके लिए भी आम लोगों से जंगल का जुड़ाव और जागरूकता ही एकमात्र सबसे बड़ा उपाय है। ऐसे में लंबे वक्त की योजना के रूप में लोगों को जंगल से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। वन विभाग की कोशिश होगी कि लोगों की सोच को बदल जाए और जंगल केवल वन विभाग की जिम्मेदारी है, इस विचारधारा में बदलाव लाया जाए। वन विभाग के नए मुखिया धनंजय मोहन ने कर्मचारियों की समस्याओं को भी अपनी प्राथमिकता में जोड़ा। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट गार्ड, फॉरेस्टर और डिप्टी रेंजर विभाग के फ्रंटलाइन में काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारी हैं, इसलिए उनकी समस्याओं पर भी पूरा फोकस किया जाएगा।

# रुड़की में सब्जी की दुकान में लगी भयंकर आग

दमकल कर्मियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**रुड़की,** 1 मई (देशबन्धु)। शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब सब्जी की दुकान में आग लग गई। समय रहते दमकल की टीम द्वारा अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पास की दुकानों के लिए भी खतरा बन सकता था। इस घटना से दुकान में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

फायर स्टेशन रुड़की को बीती देर रात्रि सूचना मिली कि लाल कुर्ती मार्केट में एक दुकान में आग लगी हुई है। इस सूचना पर फायर स्टेशन रुड़की की फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल पर पहुंचकर टीम द्वारा हाई प्रेशर वाहन से होजरील फैलाकर पंपिंग के माध्यम से कड़ी मशक्कत के बाद उक्त आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। बताया गया है कि अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो पास की दुकानों और बाजार के लिए भी ये आग खतरा बन सकती थी।

दुकान में लगी इस आग से सब्जी की दुकान में रखी सब्जियां, ट्रे, रेहड़ी, बल्लियां और अन्य सामान जलकर राख हो गये। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल विभाग के अधिकारी अतर सिंह राणा ने बताया कि दुकान स्वामी सरवरी निवासी लाल कुर्ती परिजनों के साथ मौके पर मौजूद थीं।

उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौके पर व्यवस्था बनाने के लिए कोतवाली रुड़की में नियुक्त फोर्स द्वारा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है।

बताते चलें, जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे ही आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। हाल ही में पिरान कलियर थाना क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के बाहर बनी झोपड़ियों में आग लग गई थी। वहीं रुड़की के रामनगर में एक मकान में भी आग लग गई थी। इसी के साथ रुड़की के जादूगर रोड पर स्थित एक मकान में भी आग लगने की घटना सामने आई थी।

# विक्रमादित्य सिंह ने साझा किया मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास का विजन

**शिमला,** 1 मई (देशबन्धु)। मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने मंडी शहर के साथ साथ मंडी संसदीय हलके के विकास को लेकर अपना विजन साझा किया है। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ।में एक पत्रकार रत में ऐलान किया कि लोक सभाचुनाव जीतने की स्थिति में वह मंडी शहर के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडी इस संसदीय क्षेत्र का दिल है और यहां का आधारभूत विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी ।उन्होंने कहा कि मंडी के ऐतिहासिक मंदिरों को जहां कॉरिडोर से जोडने़ का काम किया जाएगा वहीं शहर में इलैक्ट्रिक व्हीकल व कॉर्ट चलाने की व्यवस्था होगी। साथ ही पुराने मंदिरों की ऐतिहासिकता को बरकरार रखने के लिए काम किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंडी में शिवधाम की बात करते हैं जो वर्तमान सरकार की भी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को बाह्य वित्त पोषित एजेंसियों के माध्यम से पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी दूसरी प्राथमिकता बरोट से लग वैली को सुरंग से जोडने़ के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा जोकि सेना के लिए सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जलोडी़ जोत से ब्यास व सतलुज वैली को जोडने़ के लिए भी सुरंग बनेगी जिसके सर्वे के लिए पहले ही 20 करोड़ रूपए सरकार ने दे दिए हैं।

# शासन ने खनन निदेशक पैट्रिक को सेवानिवृत्ति से पहले किया निलंबित

■ अमर नाथ तिवारी





■ शासकीय गोपनीयता भंग करने व पद के दुरूपयोग का लगा आरोप

■ सरकारी संविदा कर्मियों को अपने पारिवारिक व निजी कार्यों लगाया गया था

**देहरादून,** 1 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड शासन ने बड़ा फैसला लेते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक एसएल पैट्रिक को ससपेंड कर दिया है। पैट्रिक आने वाले जून माह में अपने पद से सेवानिवृत्त होने वाले थे। शासन ने निदेशक के खिलाफ एक लंबी चौड़ी चार्जशीट जारी करते हुए उन्हें निर्लंबित कर दिया है। शासन ने जारी निलम्बन आदेश में आरोप लगाया गया है कि डायरेक्टर पैट्रिक ने राजकीय कार्यों की गोपनीयता भंग की है। साथ ही सरकारी संविदा कर्मियों को अपने पारिवारिक व निजी कार्यों में उपयोग किया जा रहा था। सरकारी वाहनों के दुरुपयोग को लेकर भी चार्जशीट में जिक्र किया गया है। इसके अतिरिक्त निजी कारोबारी ओम प्रकाश तिवारी से लेनदेन व प्रलोभन के वशीभूत होकर सरकारी कार्यों व गोपनीयता को भंग करने व पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप भी इस चार्जशीट में वर्णित है। यही नहीं निदेशक द्वारा निजी स्थान पर निजी व्यक्ति के साथ भेंट वार्ता करना व उसे लाभ दिए जाने को लेकर भी निलम्बन आदेश में जिक्र करते हुए इसे शासन ने गंभीर अनियमितता करार दिया है। इसके अतितिक्त ई निविदा व ई नीलामी में भी निदेशक द्वारा लचर प्रणाली अपनानाने को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शासन ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत एसएल पैट्रिक पर एक निजी व्यक्ति ओम प्रकाश तिवारी ने शासकीय कार्य के लिए लेन-देन व प्रलोभन के गंभीर आरोप लगाये गये हैं, जिसका पैट्रिक से चैट के माध्यम से प्रतिउत्तर में किसी प्रकार का कोई खंडन अथवा विरोध नहीं किया। व्हाट्सप चैट से पैट्रिक की एक निजी व्यक्ति से मिली भगत, कर शासकीय गोपनीयता भंग करने तथा पद का अनावश्यक दुरूपयोग किया जाना पाया गया है, जबकि एसएलपैट्रिक, जो विभाग के निदेशक के रूप में अपर विभागाध्यक्ष के पदीय कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं।

### सचिव खनन के कार्यालय को किया अटैच

**देहरादून।** निलम्बन की अवधि में एसएल पैट्रिक सम्प्रति निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड को वित्तीय संग्रह खण्ड-2, भाग 2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महंगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है, भी अनुमन्य होगा, किन्तु ऐसे अधिकारी को जीवन निर्वाह के साथ कोई महंगाई भत्ता देय नहीं होगा, जिन्हे निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के साथ महंगाई भत्ता अथवा महंगाई भत्ते का उपांतिक समायोजन प्राप्त नहीं था। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेत्तन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होंगे, जब इसका समाधान हो जाय कि उन्होंने उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिये उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है। मदों का भुगतान तभी किया जायेगा, जब एसएल पैट्रिक इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति व्यवसाय में नहीं लगे हैं।




देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 2 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

तीसरे चरण के चुनाव प्रचार में तेजी

# फिरोजाबाद सीट पर सपा–भाजपा के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष

**फिरोजाबाद,** 1 मई (एजेंसियां)। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण का चुनाव प्रचार तेजी पकड़ता जा रहा है। इस सीट पर भाजपा, सपा और बसपा के त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष की स्थिति बन गई है। दोनों ही दलों के प्रत्याशियो की जीत पक्की करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की चुनावी सभाओं का सिलसिला जारी है। हालांकि हार जीत का फैसला तो लोकसभा क्षेत्र के करीब 19 लाख मतदाताओं के द्वारा किया जाना है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ मानी जाती है। हालांकि इस सीट पर कभी किसी राजनीतिक दल का एक छत्र राज्य नहीं रहा है। मैनपुरी जनपद से लगे होने के कारण नए परिसीमन के बाद यह लोकसभा सीट यादव बाहुल्य मतदाताओ की वजह से समाजवादी पार्टी के गढ़ में शामिल मानी जाती है।

फिलहाल यहां पांच विधानसभा में से तीन विधानसभा पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है जबकि दो भाजपा के पास है। इस लिहाज से सीधा–सीधा संघर्ष सपा और भाजपा के बीच माना जा रहा है। फिरोजाबाद लोक सभा सीट पर कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी ने ठाकुर विश्व दीप सिंह को वर्तमान सांसद डॉक्टर चंद्र सेन जादौन के स्थान पर अपना प्रत्याशी बनाया है। विश्व दीप सिंह वर्ष 2014 में बसपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़कर हार चुके हैं इस बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने टिकट देकर चुनाव लड़ने का मौका दिया है हालांकि उनके पिता वर्ष 1957 में स्वर्गीय ठाकुर ब्रजराज सिंह सोशलिस्ट पार्टी के समर्थन से सांसद चुने गए थे। वहीं समाजवादी पार्टी ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां चुनाव मैदान में पार्टी की ओर से उतरा है। अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को शिकस्त देकर विजय प्राप्त की थी वहीं 2019 में भाजपा के डॉक्टर चंद्र सेन जादौन ने अक्षय यादव को हराकर भाजपा को विजय श्री दिलाई थी। सपा की ओर से अक्षय यादव एक बार फिर चुनाव मैदान में समाजवादी पार्टी की प्रतिष्ठा बचाने के लिए जी जान से जुड़े हुए हैं उनके समर्थन में शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव क्षेत्र में जनसभाएं करेंगे। जीत की प्रतिष्ठा को लेकर प्रोफेसर रामगोपाल यादव यहां रहकर चुनाव प्रचार और प्रबंधन पर पूरी कमान कैसे हुए हैं। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर रामगोपाल यादव ने उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद से नवाजा है अब देखना है उसका कितना लाभ उन्हें मिल पाता है। बसपा ने सत्येंद्र जैन सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था बाद में उन्होंने प्रत्याशी बदल दिया जिसकी वजह से सतेंद्र जैन सोली ने बसपा से त्यागपत्र देकर सपा का दामन थामा है। बहुजन समाजवादी पार्टी का लोकसभा क्षेत्र में प्रदर्शन दोनों पार्टियों की तुलना में कमजोर रहा है। इस बार आगरा के चौधरी बशीर को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है हालांकि जब निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में उतरे थे तब केवल ढाई हजार के लगभग वोट प्राप्त हुए थे। इस बार बहुजन समाजवादी पार्टी के मतदाताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास से जीत हासिल करने की कोशिश मे चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।




**गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ी चुनावी सरगर्मी**

*गर्मी बढ़ने के साथ चुनावी सरगर्मी बरावर बढ़ती जा रही है प्रचार के अंतिम समय में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनावी हवा बनाने के लिए सपा के गढ़ को ध्वस्त करने की कोशिश में चुनाव प्रचार के लिए बुलाने का कार्यक्रम है।*

- **लोकसभा क्षेत्र में करीब 19 लाख मतदाता**
- **नए परिसीमन के बाद समाजवादी पार्टी का रहा गढ़**

# सपा के गढ़ मैनपुरी में सेंध लगाने के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत




- **मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंतनगर शामिल**
- **पांच विस सीट में से दो पर भाजपा व तीन पर सपा के विधायक**

**मैनपुरी,** 1 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने विजय पताका फहराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। यहां सात मई को वोट डाले जाएंगे। समाजवादी पार्टी का मैनपुरी सीट पर 1996 से कब्जा है। मैनपुरी सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। मुलायम सिंह यादव 1996 में पहली बार मैनपुरी से सांसद चुने गए और वह देश के रक्षा मंत्री बने। 1991 की रामलहर में भी भाजपा प्रत्याशी यहां से नहीं जीत सका। 1996 से 2019 तक के दस लोकसभा चुनाव में पांच बार सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से विजयी हुए।

मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंतनगर शामिल हैं। यहां कुल 17 लाख 87 हजार 147 मतदाता 7 मई को आठ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें 9 लाख 34 हजार 94 पुरुष मतदाता, 7 लाख 89 हजार 84 महिला मतदाता और 25 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा मैनपुरी के संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त की जा रही है और मतदाताओं को यह एहसास दिलाया जा रहा है कि वह अपने मत का प्रयोग निर्भय होकर करें। मैनपुरी में मतदान प्रतिशत को भी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित हो रहे हैं। विभिन्न संस्थाओं और संगठनों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।

**अखिलेश की बेटी मां के लिए प्रचार करती नजर आई**

अखिलेश यादव की बेटी अदिति जब लोगों से अपनी मां के लिए वोट मांगती है तो लोगों का प्यार उमड़ पड़ता है। अदिति से लोगों का यह भावनात्मक जुड़ाव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डिम्पल यादव के लिए चुनाव में फायदेमंद ही साबित हो रहा है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की मैनपुरी में मुहिम चला रहे डॉ राममोहन बताते हैं कि पिछले एक माह से लगातार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। इन गतिविधियों में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। राष्ट्र निर्माण में एक–एक वोट कीमती है और लोग अपने वोट की कीमत समझें यही मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य है।

मैंनपुरी सीट पर 2024 के लोकसभा चुनाव में जयवीर सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बना कर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिम्पल यादव को घेरने की रणनीति के तहत भाजपा ने तीन विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी, भोगांव व किशनी में सपा प्रत्याशी से भारी लीड लेने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। करहल और जसवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र पर समाजवादी पार्टी का प्रभाव अधिक है और भाजपा इन दोनों विधानसभा क्षेत्र में बराबरी की स्थिति के लिए जातीय समीकरण साधने में लगी है।

वहीं बसपा ने नामांकन के अंतिम समय पर पूर्व घोषित प्रत्याशी डॉ. गुलशन देव शाक्य का टिकट काटकर शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया है। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिम्पल यादव को विजयी बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के बड़े नेता लगातार यहां डेरा डाले हुए हैं। भाजपा भी समाजवादी पार्टी के लोगों को तोड़कर अपने साथ करने में लगी है।

मैनपुरी लोकसभा सीट की पांच विधानसभा सीट में से दो पर भाजपा और तीन पर समाजवादी पार्टी के विधायक काबिज हैं। करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव और जसवंतनगर विधानसभा सीट से शिवपाल यादव विधायक हैं। यादव बाहुल्य यह दोनों विधानसभा क्षेत्र ही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत में अपनी बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस क्षेत्र के लोग मुलायम सिंह यादव को ही अपना नेता मानते रहे और मुलायम सिंह यादव ने भी यँहा के लोगों के जीवन स्तर को उठाने के लिए बहुत काम किये। सरकारी नौकरियों में भी इस क्षेत्र के युवाओं को बहुत लाभ मिला। पुलिस और पी ए सी में भर्ती हुए युवा और उनके परिवारीजन नेता जी के नाम पर हर चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के नाम पर लामबंद रहे। शिवपाल सिंह यादव की जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र पर अच्छी–खासी पकड़ है और 2024 के लोकसभा चुनाव में शिवपाल यादव ने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिम्पल यादव को जिताने की अपील की है ।बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह भी करहल और जसवन्तनगर में सपा की बढ़त कम करने और सपा प्रत्याशी से लीड लेने के लिए पूरी ताकत से लोगों से संपर्क में जुटे हुए हैं।

ग्रामीण मतदाताओं से अपनेपन का एहसास कराने के लिए जयवीर सिंह ने जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र बैलगाडी से चुनाव प्रचार कर लोगों से अपनी करीबी बढ़ाई। मैनपुरी सीट पर पहली बार केसरिया फहराने के लिए बीजेपी के बड़े नेता व गृह मंत्री अमित शाह ने किशनी में एक बड़ी चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी को परिवारवादी पार्टी बताया और कहा कि एक ही परिवार से पांच लोग लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी हैं,अखिलेश यादव को यादवों में परिवार के अलावा कोई और दिखाई नहीं देता। अमित शाह की मैनपुरी में हुई रैली से चुनाव रोमांचक स्थिति में आ गया है।

## मप्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग भी सक्रिय

**भोपाल,** 1 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पहले दो चरण में मतदान का प्रतिशत कम रहने से राजनीतिक दल ही नहीं चुनाव आयोग भी चिंतित है। यही कारण है कि आगामी चरणों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास तेज हो गए हैं। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और अब तक दो चरणों में 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। आगे दो चरणों में 17 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है। पहले दो चरणों में मतदान का प्रतिशत वर्ष 2019 के लोकसभा और वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले कम रहा।




बताया गया है कि प्रदेश में तीसरे चरण में नौ लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। इस चरण में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे, इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ द्वारा डोर–टू–डोर वोटर पर्ची बांटकर मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उनसे वोट करने की अपील की जा रही है। इसके अलावा सभी मतदान केन्द्रों में 'चलें बूथ की ओर' अभियान चलाया जा रहा है।

मतदाता वोट करने मतदान केन्द्र तक आएं, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं की जरूरत के अनुसार हर मतदान केन्द्र में पेयजल, रौशनी, रैम्प, बेंच, सुविधा घर और छाया के लिये शामियाना आदि की व्यवस्था की जा रही हैं।

# आम चुनाव में जनजातीय समुदाय का मतदान प्रतिशत बढ़ा : आयोग

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनजातीय समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव आयोग के मुताबिक जनजातीय समुदाय का मतदान प्रतिशत बढ़ा है। इस बार ऐतिहासिक रूप से ग्रेट निकोबार की शोम्पेन जनजाति ने पहली बार आम चुनाव में मतदान किया। आयोग के मुताबिक, पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) और अन्य जनजातीय समूहों को मतदान में शामिल करने के लिए पिछले दो वर्षों से प्रयास जारी थे। उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष आउटरीच शिविर आयोजित किए गए। मध्य प्रदेश में बैगा, भारिया और सहरिया नामक कुल तीन पीवीटीजी समुदाय हैं। 23 जिलों की कुल 9,91,613 पीवीटीजी आबादी में से 6,37,681 नागरिक 18 साल से उम्र के हैं और सभी मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। राज्य में संपन्न दो चरणों के मतदान में बैगा और भारिया जनजाति के मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर जनजातीय समूहों के स्वागत के लिए जनजातीय थीम पर आधारित मतदान केंद्र भी बनाए गए थे। मध्य प्रदेश के डिंडोरी में ग्रामीणों ने स्वयं मतदान केंद्रों को सजाया था। कर्नाटक के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र पीवीटीजी जेनु कुरुबा और कोरागा समुदाय के आवास हैं। आम चुनावों से पहले मतदाता सूची में पात्र पीवीटीजी का 100 फीसदी नामांकन सुनिश्चित किया। पूरी आबादी में 55,815 पीवीटीजी हैं, उनमें से 39,498 लोग 18 साल से अधिक उम्र के हैं और सभी मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। मतदान के दिन इन पीवीटीजी मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के प्रयास में आदिवासी थीम पर 40 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। आयोग ने बुधवार को बताया कि केरल में पांच आदिवासी समुदायों को पीवीटीजी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। 31 मार्च, 2024 तक पीवीटीजी की कुल आबादी 4,750 है, जिनमें से 3,850 लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। केरल के कुरुम्बा आदिवासी मतदाताओं ने एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। वे केरल के साइलेंट घाटी के मुक्कली क्षेत्र में मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए पहले सुलभ वन क्षेत्र तक जाने के लिए घंटों पैदल चले फिर वहां से उनके परिवहन की सुविधा के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए थे। 80 और 90 वर्ष की आयु के कई आदिवासी मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया और कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बने। 817 मतदाताओं में 417 महिलाएं थीं। आयोग का कहना है कि ओडिशा में 13 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) रहते हैं। इनके नाम हैं पौडी भुइया, जुआंग, सौरा, लांजिया सौरा, मनकिर्डिया, बिरहोर, कुटिया कोंधा, बोंडो, दिदाई, लोढ़ा, खारिया, चुकुटिया भुंजिया, डोंगोरिया खोंड। ओडिशा में इनकी कुल आबादी 2,64,974 है। इनमें से सभी ने 1,84,274 पात्र पीवीटीजी का मतदाता सूची में 100 फीसदी नामांकन हासिल कर लिया गया है।



## अजमेर में एक मतदान केंद्र पर आज होगा पुनर्मतदान

**जयपुर,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में अजमेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नंदसी गांव में एक मतदान केंद्र पर 2 मई को पुनर्मतदान का आदेश दिया। अजमेर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) प्रवीण गुप्ता ने कहा कि पुनर्मतदान गुरुवार (2 मई) को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195 के अंतर्गत स्थित बूथ पर। गुप्ता ने यह भी कहा कि चुनाव अधिकारियों ने ईसीआई के निर्देशों के अनुसार पुनर्मतदान के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। उन्होंने कहा कि 17–ए रजिस्टर, जिसमें मतदाता हस्ताक्षर करते हैं, किसी तरह गुम हो गया, जिससे पुनर्मतदान की जरूरत पड़ी। इस चूक के लिए जिम्मेदार मतदान अधिकारियों के खिलाफ रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है।



## दीपक बाबरिया के मार्गदर्शन में हम उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट भारी बहुमत से जीतेंगे : उदित राज

**नई दिल्ली** 1 मई (एजेंसियां)। दिल्ली एवं हरियाणा के कांग्रेस पार्टी के प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंगलवार को रोहिणी सेक्टर– 24 में उत्तर पश्चिम लोकसभा से इंडिया अलायंस के उम्मीदवार डॉ. उदित राज के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। डॉ. उदित राज ने दिल्ली और हरियाणा के पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया का स्वागत करते हुए कहा, 'मैं इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए दीपक बाबरिया का तहे दिल से स्वागत करता हूं और हमें अपना समर्थन और आशीर्वाद देने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के तहत, हम उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट भारी बहुमत से जीतेंगे और एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाएंगे। वह मेरे और लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणा हैं। इस अवसर पर बोलते हुए दीपक बाबरिया ने कहा, हमने आपको डॉ उदित राज के रूप में एक मजबूत उम्मीदवार दिया है, अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उन्हें जिताएं और उत्तर पश्चिम दिल्ली की आवाज को संसद तक पहुचाएं। इस अवसर पर विशाल मान, जसवंत राणा, शंभू दयाल शर्मा, बिजेंद्र शौकीन, राजेंद्र जून, अशोक सहरावत, बनवारीलाल उपाध्याय, हरविंदर सिंह, सतीश पाल, डॉ. बिजेंद्र सिंह, विशेष त्यागी, प्रदीप राणा, राज शौकीन, सुमित सांगवान, आशीष सैनी, सनी मलिक, मनोज पटेल, राजेश मिश्रा, पार्षद दिनेश भारद्वाज, पार्षद कमल खत्री, मीनू राज एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे



हिमाचल प्रदेश में अंतिम चरण में चुनाव

## कांग्रेस व भाजपा ने एक दूसरे पर जुबानी हमले तेज

**शिमला,** 1 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में भले ही अंतिम चरण में चुनाव है, लेकिन सियासी पारा अभी से सातवें आसमान पर है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने एक दूसरे पर जुबानी हमले तेज कर दिए हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने यहां पत्रकार वार्ता कर कहा कि चुनी हुई सरकार को गिराने का भाजपा ने प्रयास किया है। जिसका जनता चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देगी। चुनाव देश और प्रदेश के मुद्दों पर लड़े जाएंगे, लेकिन भाजपा जनता को मुद्दों से भटकाने में लगी है। चौहान ने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस को विरासत में खजाना खाली मिला। बावजूद इसके आपदा में सरकार ने बेहतरीन कार्य किया और लोगों को राहत प्रदान की। गत 15 महीने में पांच गारंटियां पूरी की, दूध पर एमएसपी दिया, महिलाओं को 1500 पेंशन दी गई। भाजपा सरकार के समय पेपर बेचे गए, लेकिन कांग्रेस ने पेपर माफिया पर शिकंजा कसा। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार मजबूत है और चुनाव परिणाम के बाद भी मजबूत रहेगी।

**देश और प्रदेश के मुद्दों पर होंगे चुनाव**

चौहान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी वर्तमान राज्य सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में किए गए कार्यों पर चर्चा के लिए तैयार है, जबकि भाजपा नेता राजनीति को निचले स्तर पर ले जा रहे हैं।

आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नरेश चौहान ने कहा कि चुनाव जनता के मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए और वर्तमान राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में दो ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किए हैं। दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। पहली बार हिमाचल प्रदेश में सेब किलो के आधार पर बिका। राज्य सरकार ने सेब के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ऐतिहासिक डेढ़ रुपए की बढ़ौतरी करने के साथ–साथ सीए स्टोर का इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए काम किया और अब अगले सीजन से सेब यूनिवर्सल कार्टन में बिकने जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने वाला हिमाचल प्रदेश का पहला राज्य बना है। इसके साथ ही एक हजार से ग्यारह सौ रुपए पेंशन प्राप्त करने वाली प्रदेश की 2.74 लाख महिलाओं को भी 1500 रुपए पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया जबकि भाजपा आपदा के दौरान गुम रही। जब हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया, तो भाजपा के किसी भी विधायक ने साथ नहीं दिया। पूर्व भाजपा सरकार से वर्तमान राज्य सरकार को ख़ज़ाना ख़ाली मिलने के बाद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं।

भाजपा के निवर्तमान सांसद द्वारा बतौर आजाद उम्मीदवार मैदान में उतरने के संकेत

# इंडिया ब्लॉक के हनीफा जान और भाजपा के ताशी ग्यालसन से होगा मुकाबला

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 1 मई (देशबन्धु)। लद्दाख में भाजपा के निवर्तमान सांसद तेजरिंग नामग्याल द्वारा पार्टी से विद्रोह कर चुनाव मैदान में बतौर आजाद उम्मीदवार मैदान में उतरने के संकेत दिए गए हैं। मिलने वाली खबरें कहती हैं कि उन्होंने आज नामांकन भरने के लिए फार्म भी खरीदा है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 3 मई है। इस बीच लद्दाख लोकसभा सीट के लिए हाजी मुहम्मद हनीफा जान कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। बुधवार को दोनों पार्टियों ने सहमति के साथ उनके नाम पर मुहर लगा दी है। जम्मू कश्मीर और लद्दाख में नेकां और कांग्रेस मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। जम्मू में कांग्रेस ने और कश्मीर में नेकां ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। लद्दाख से भाजपा ने ताशी ग्यालसन को मैदान में उतारा है।

इस सीट पर भाजपा के एडवोकेट ताशी ग्यालसन मैदान में हैं। भाजपा ने लद्दाख के सांसद जामयांग शेरिंग नामग्याल का टिकट काट दिया है। पेशे से वकील ग्यालसन लिंगशेड निर्वाचन क्षेत्र से पार्षद हैं और 2020 में उन्हें छठी लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) लेह के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी पार्षद के रूप में चुना गया था। पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर राज्य में वह पीडीपी के सदस्य थे। भाजपा–पीडीपी गठबंधन सरकार गिरने के बाद वह भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के कुछ समय बाद ही उन्हें पार्टी का महासचिव बना दिया गया।

1967 से अब तक हुए चुनाव में छह बार कांग्रेस, दो बार नेकां, तीन बार निर्दल तथा दो बार ही भाजपा जीती है। भाजपा यहां 2014 से जीत रही है, जबकि कांग्रेस ने आखिरी बार 1996 में यहां जीत हासिल की थी। 1998 व 1999 में नेकां को जीत मिली थी, लेकिन बाद के दो चुनाव 2004 व 2009 में निर्दलीय संसद तक पहुंचे थे।

इस बीच पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व समाज कल्याण मंत्री सज्जाद गनी लोन संसदीय चुनाव में बारामुला–कुपवाड़ा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ेंगे। लोन दूसरी बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे। आज उन्होंने अपना नामांकन भर दिया। उन्होंने पहली बार वर्ष 2008 में इसी सीट से चुनाव लड़ा था और वह हार गए थे। वर्ष 2014 में उन्होंने इस सीट पर अब्दुल सलाम बजाड और वर्ष 2019में राजा एजाज अली को मैदान में उतारा था। पिछले संसदीय चुनाव में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस इस सीट पर दूसरे स्थान पर रही थी। इस बार वह खुद चुनाव लड़ रहे हैं। यह उनका बतौर उम्मीदवा दूसरा संसदीय चुनाव होगा। इसी सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी चुनाव लड़ रहे हैं।

याद रहे वर्ष 2007 के अंत में अलगाववादी राजनीति को पूरी तरह छोड़ मुख्यधारा की सियासत में लौटने वाले सज्जाद दूसरी बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने पहली बार इसी क्षेत्र से वर्ष 2009 में चुनाव लड़ा था। वर्ष 2009 में यह सीट नेशनल कांफ्रेंस के शरीफुदीन शारिक ने जीती थी।



■ **अब तक हुए चुनाव में छह बार कांग्रेस, दो बार नेकां, तीन बार निर्दल व दो बार भाजपा जीती**

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.53 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.71 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.87 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.52 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.27 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.08 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.50 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.46 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.41 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.29 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# वर्ष 2024 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान : आईएमएफ

■ **मजबूत आर्थिक वृद्धि में पूंजीगत व्यय व जबरदस्त घरेलू मांग का हाथ**

**नई दिल्ली,**1 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को वित्त वर्ष 24 के लिए बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत कर दिया जबकि जनवरी की रिपोर्ट में अनुमान 6.7 प्रतिशत था।

आईएमएफ का अनुमान है कि वित्त वर्ष 26 में देश की आर्थिक वृद्धि का अनुमान थोड़ा गिरकर 6.5 प्रतिशत हो जाएगा और यह जनवरी के अनुमान के अनुरूप है। आईएमएफ को चीन के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2023 के 5.2 प्रतिशत से गिरकर 2024 में 4.6 प्रतिशत होने का अनुमान है।

जबरदस्त घरेलू मांग के समर्थन से मजबूत सार्वजनिक निवेश ने भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय आर्थिक नजरिए में कहा कि भारत और चीन के उच्च वृद्धि के अनुमानों के कारण इस क्षेत्र के वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है।



**भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में सार्वजनिक निवेश का प्रमुख योगदान है : कृष्ण श्रीनिवासन**

कोष ने कैलेंडर वर्ष 2024 में इस क्षेत्र का वृद्धि अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया है जबकि इस क्षेत्र की 2023 में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आईएमएफ की ब्लॉग पोस्ट के अनुसार एशिया और प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्ण श्रीनिवासन ने कहा, 'चीन और भारत के लिए अनुमानों को बेहतर किया गया है। चीन में नीतियों से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में सार्वजनिक निवेश का प्रमुख योगदान है।'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय को 16.9 प्रतिशत बढ़ाकर रिकार्ड 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया था। आईएमएफ ने अपने वैश्विक अर्थव्यवस्था के नजरिए में भारत के 2024-25 के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 30 आधार अंक बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था।

## देश की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत से ज्यादा रहने की उम्मीद : एनसीएईआर

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और सामान्य से अच्छे मॉनसून की संभावना के चलते चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है।

'नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। इसमें विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिए लेनदेन भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि वैश्विक वृद्धि और व्यापार की मात्रा, दोनों में अनुमानित तेजी के साथ ही सामान्य से अच्छे मॉनसून के पूर्वानुमान से यह संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकती है। एनसीएईआर के अनुसार माल एवं सेवा कर संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है।

# अप्रैल में जीएसटी राजस्व 2.10 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली,**1 मई (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल 2024 में पहली बार रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपए की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक है।



■ **वित्त मंत्रालय ने जारी किए मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े**

■ **अप्रैल 2023 की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक किया गया संग्रह**

वित्त मंत्रालय ने आज मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.92 लाख करोड़ रुपए रहा है जो अप्रैल 2023 के शुद्ध संग्रह से 17.1 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी संग्रह में तेजी का रूख बना हुआ है और अप्रैल 2024 लगातार 11 वां ऐसा महीना है जिसमें जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।

जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 210267 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीटी 43846 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 53538 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 99623 करोड़ रुपए है, जिसमें आयात पर संग्रहित 37826 करोड़ रुपए भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 13260 करोड़ रुपए, जिसमें आयात पर संग्रहित 1008 करोड़ रुपए भी शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 50307 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 41600 करोड़ रुपए दिए है। इस तरह से कुल सीजएसटी 94,153 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 95,138 करोड़ रुपए रहा है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय



स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 84 रिंगिट गिरकर 3865 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.08 सेंट की बढ़त के साथ 43.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

# जिंदल स्टेनलेस करेगी 5400 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली,**1 मई (एजेंसियां)। स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने मेल्टिंग और डाउनस्ट्रीम क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विस्तार और अधिग्रहण पर 5400 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने आज यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की ओर कहा कि जिंदल स्टेनलेस ने इंडोनेशिया में 12 लाख टन वार्षिक (एमटीपीए) निर्माण क्षमता वाली स्टेनलेस स्टील मेल्ट शॉप (एसएमएस) स्थापित और संचालित करने के लिए संयुक्त उपक्रम में 700 करोड़ रुपए के निवेश से 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी। इससे कंपनी की मेल्टिंग क्षमता 40 प्रतिशत बढ़कर 4.2 एमपटीपीए हो जाएगी।



■ **कंपनी की मेल्टिंग क्षमता 40 प्रतिशत बढ़कर 4.2 एमपटीपीए हो जाएगी**

उन्होंने कहा कि कंपनी की मेल्टिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए ओडिशा के जाजपुर में डाउनस्ट्रीम लाईनों के विस्तार पर 1900 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे साइडिंग, स्थिरता संबंधी परियोजनाओं और नवीनीकरण ऊर्जा उत्पादन जैसी बुनियादी ढांचा के विकास पर 1450 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

जिंदल ने कहा कि कंपनी अप्रत्यक्ष अधिग्रहण के माध्यम से गुजरात के मुंद्रा में स्थित 0.6 एमटीपीए कोल्ड रोलिंग मिल में 1340 करोड़ रुपए के निवेश से 54 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। यह अधिग्रहण क्रोमनी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड से कियान जाएगा। अभी यह कंपनी परिचालन में नहीं है लेकिन 6 महीने में परिचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन अधिग्रहणों और निवेशों के साथ हमने अग्रणी कंपनियों में शुमार होने के लिए एक स्पष्ट विकास योजना तैयार की है। इंडोनेशिया के इस संयुक्त उपक्रम में हमें सर्वोत्तम गति और कच्चे माल की सुरक्षा मिलेगी और जाजपुर लाइनों के विस्तार से घरेलू और विदेशी ग्राहकों को बेहतर मूल्य मिलेगा। क्रोमेनी की कोल्ड रोलिंग से भारत के साथ विदेश में भी हमारी पहुंच बढ़ेगी।

# अंबुजा सीमेंट्स का वित्त वर्ष 24 में अब तक का सबसे अधिक शुद्ध मुनाफा

**अहमदाबाद,** 1 मई (एजेंसियां)। अंबुजा सीमेंट्स ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 4,738 करोड़ रुपए बताया है जो कि साल-दर-साल 119 प्रतिशत और कुल कमाई में 6,400 करोड़ रुपए पर 73 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 24 में चौथी तिमाही के लिए अंबुजा सीमेंट्स ने 1,699 करोड़ रुपए की कुल कमाई दर्ज की जो कि 37 प्रतिशत (साल-दर-साल) अधिक है।

अंबुजा सीमेंट्स के निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा कि वर्ष के दौरान हमारा प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन हमारे बिजनेस मॉडल की मजबूती का प्रमाण है। यह बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भी चमक रही है।

अडाणी परिवार ने पिछले महीने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपए का निवेश कर 70.3 प्रतिशत तक हिस्सेदारी ले ली थी। यह कंपनी के प्रमोटर द्वारा 18 अक्टूबर, 2022 को 5,000 करोड़ रुपए और इस साल 28 मार्च को 6,661 करोड़ रुपए के निवेश के बाद आया, जिससे अधिग्रहण के बाद अंबुजा सीमेंट्स में कुल 20,000 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। कपूर ने कहा कि हम दीर्घकालिक मूल्य और सतत विकास के लिए दृढ़ हैं। हम क्षमता को दोगुना करने, दक्षता में सुधार के लिए निवेश, हरित ऊर्जा, कच्चे माल और ईंधन की सुनिश्चित आपूर्ति की ओर बढ़ रहे हैं। बोर्ड ने इक्विटी शेयरों पर 2 रुपए प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की है, जो वार्षिक आधार पर पिछले वर्ष की तरह है।

**वर्ष के दौरान हमारा प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन हमारे बिजनेस मॉडल की मजबूती का प्रमाण है : अजय कपूर**

अंबुजा सीमेंट्स के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष में वॉल्यूम, दक्षता लागत और कैपेक्स जैसे सभी प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) में स्वस्थ सुधार देखा गया।

## अप्रैल में पेट्रोल की बिक्री 12.3 प्रतिशत बढ़ी, डीजल की मांग घटी

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल की खपत अप्रैल में 12.3 प्रतिशत बढ़ गई, लेकिन चुनाव प्रचार तेज होने के बावजूद डीजल की बिक्री में गिरावट जारी रही। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

ईंधन बाजार में करीब 90 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली इन पेट्रोलियम कंपनियों की कुल पेट्रोल बिक्री अप्रैल में बढ़कर 29.7 लाख टन हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में खपत 26.5 लाख टन थी। हालांकि, पिछले महीने में डीजल की मांग 2.3 प्रतिशत घटकर 70 लाख टन रह गई जबकि इस ईंधन की मांग मार्च में भी 2.7 प्रतिशत घटी थी। डीजल की मांग में लगातार कमी होना इस लिहाज से अहम है कि देश में इस ईंधन की खपत सबसे अधिक होती है। खासकर चुनावी मौसम में प्रचार के लिए बड़े पैमाने पर डीजल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है।

## एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले की सन एनएक्सटी के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। संचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने घोषणा की कि पचास लाख से अधिक पेड सब्सक्राइबरों के साथ भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ओटीटी एग्रीगेटर सर्विस एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले ने सन एनएक्सटी के साथ साझेदारी की है, जो एक प्रमुख वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका स्वामित्व और संचालन सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड के पास है।

कंपनी ने कहा कि एयरटेल एक्सस्ट्रीम के ग्राहक अब सन एनएक्सटी की 50,000 घंटे से अधिक के कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं जिसमें तमिल से लेकर तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बांग्ला और मराठी तक कई भाषाओं में ब्लॉकबस्टर फिल्में, खास सीरीज़, टीवी शो, लाइव टीवी, बच्चों की कार्यक्रम और भी बहुत कुछ शामिल है। एयरटेल एक्सस्ट्रीम पर यूज़र 23 कंटेंट ऐप से कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं, जो इसे भारत में एक ही ऐप पर मौजूद ओटीटी कंटेंट के सबसे बड़े समूहों में से एक बना रहा है। यह हर एक यूज़र के लिए सिंगल ऐप, सिंगल सब्सक्रिप्शन, सिंगल साइन-इन, एकीकृत कंटेंट खोज और एआई संचालित वैयक्तिकृत क्यूरेशन की अनूठी सुविधाएं भी प्रदान करता है, साथ ही यूज़र ऐप या वेब के माध्यम से और बड़ी स्क्रीन पर मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप सहित सभी डिवाइसों पर एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले को एक्सेस कर सकते हैं।

# एलन मस्क ने पूरी टेस्ला चार्जिंग नेटवर्क टीम को हटाया

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। एलन मस्क ने एक नए छंटनी दौर में टेस्ला की पूरी चार्जिंग टीम को ही भंग कर दिया, जो सभी के लिए अप्रत्याशित और हैरान करने वाला फैसला है।

टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में छंटनी इसके कनेक्टर का उपयोग करने के लिए फोर्ड और जनरल मोटर्स जैसे टॉप वाहन निर्माताओं को शामिल करने के बावजूद हुई है। टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में कनेक्टर तकनीक है जिसे उत्तरी अमेरिकी चार्जिंग स्टैंडर्ड (एनएसीएस) के रूप में जाना जाता है, इसे प्रमुख वाहन निर्माताओं द्वारा अपनाया जा रहा है। एलन मस्क ने टेस्ला की पब्लिक पॉलिसी टीम को भी भंग कर दिया है।

वरिष्ठ कर्मचारियों को एक ईमेल में टेस्ला सीईओ ने उनसे कहा कि वे ऐसे कर्मचारियों को हटा दें जो स्पष्ट रूप से उत्कृष्ट, आवश्यक और भरोसेमंद परीक्षा पास नहीं करते हैं या इस्तीफा दे दें। चार्जिंग के प्रभावित कर्मचारियों में से एक विल जेमिसन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, उन्होंने हमारे पूरे चार्जिंग संगठन को जाने दिया। उन्होंने पोस्ट किया, चार्जिंग नेटवर्क, एनएसीएस और पूरे उद्योग में हम जो रोमांचक काम कर रहे थे, उसके लिए इसका क्या मतलब है मुझे अभी तक नहीं पता। यह कितना अजीब सफर रहा है।



**मस्क ने टेस्ला की पब्लिक पॉलिसी टीम को भी भंग कर दिया**

# भारत में अत्याधुनिक कैंपस खोलेगी अमेरिकन एक्सप्रेस

■ **कंपनी के पास गुड़गांव, दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरू, चेन्नई व पुणे में है अतिरिक्त सुविधाएं**

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। अमेरिकन एक्सप्रेस भारत में अपना अत्याधुनिक कैंपस खोलेगी जो करीब 10 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली यह नई सुविधा, कार्यस्थल डिजाइन, टिकाऊपन, अपने साथियों के स्वास्थ्य और आरोग्य को लेकर आगे की सोच वाले दृष्टिकोण का उदाहरण पेश करेगी।

कंपनी के कर्मचारी मई, 2024 के अंत तक कई चरणों में गुरुग्राम के सेक्टर 74ए में स्थित नई इकाई में स्थानांतरित होना प्रारंभ करेंगे। यह कैंपस एक गतिशील कार्य वातावरण पैदा करने को लेकर अमेरिकन एक्सप्रेस के समर्पण की झलक प्रस्तुत करता है। इस इकाई को बिल्डिंग डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन (बीडी प्लस सी) कोर एंड शेल डेवलपमेंट के लिए लीडरशिप इन एनर्जी एंड एनवायर्नमेंट (लीड) गोल्ड प्रमाण पत्र मिला है। अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया के सीईओ एवं कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा कि भारत में अमेरिकन एक्सप्रेस हमारी वैश्विक विशेषज्ञता और स्थानीय प्रतिभा का उपयोग कर निरंतर देश के भीतर क्षमताएं विकसित कर रही है जिससे दुनियाभर में ग्राहकों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं और नवप्रवर्तन हो रहा है।

**भारत में अमेरिकन एक्सप्रेस हमारी वैश्विक विशेषज्ञता व स्थानीय प्रतिभा का उपयोग कर निरंतर क्षमताएं विकसित कर रही है : संजय खन्ना**

यह नया कार्यालय भवन एक आधुनिक, ऊर्जा दक्ष कार्यस्थल उपलब्ध कराता है जो हमारी टीमों को निरंतर नवप्रवर्तन को गति देने और दुनियाभर में हमारे ग्राहकों को असाधारण मूल्य उपलब्ध कराने में समर्थ बनाएगा। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (ग्लोबल रीयल एस्टेट एवं वर्कप्लेस एक्सपीरिएंस) गगनदीप सिंह ने कहा कि भारत में हमारा नया कैंपस दुनियाभर में निर्मित सबसे बड़ा कार्यालय है और यह सुविधा अमेरिकन एक्सप्रेस ब्राड का सही मायने में एक प्रतिबिंब है और अपनी तरह का ऐसा कार्यस्थल है जहां हमारे साथी जबरदस्त ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। इस कैंपस में नवीनतम डिजाइन, टिकाऊपन और उन्नत प्रौद्योगिकी समाहित है। यह कैंपस विश्वस्तरीय सुविधाओं के हमारे पोर्टफोलियो में एक जबरदस्त संवर्धन है और हमें इस बात का गर्व है कि इसने सुविचारित डिजाइन एवं भवन मानकों की वजह से लीड गोल्ड प्रमाणन हासिल किया है।

भारत में अमेरिकन एक्सप्रेस ग्राहकों को अनूठे उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही इस कंपनी के प्रत्येक डिवीजन के लिए सहयोग उपलब्ध कराती है।

## सार संक्षेप

### मारुति सुजुकी की एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ग्राहक 11,000 रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। मारुति सुजुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है।

### महाराष्ट्र दिवस पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब गुरुवार से सामान्य कामकाज होगा।

### सरकार ने की कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में कटौती

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को बुधवार से 9,600 रुपए प्रति टन से घटाकर 8,400 रुपए प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। नई दरें एक मई से प्रभावी होंगी। भारत ने पहली बार एक जुलाई 2022 को विंडफॉल टैक्स अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था। इसके साथ ही वह उन देशों में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं।

### कोल इंडिया का उत्पादन अप्रैल में सात प्रतिशत बढा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन अप्रैल में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 6.18 करोड़ टन रहा है। बीते वित्त वर्ष के समान माह में कंपनी का कोयला उत्पादन 5.76 करोड़ टन रहा था। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका कोयला उठाव भी अप्रैल में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.43 करोड़ टन रहा। अप्रैल, 2023 में यह 6.23 करोड़ टन रहा था। कोयला उठाव खान के मुहाने से आपूर्ति की गई मात्रा है।

# खेल जगत

**रोहित ने टी-20 विश्वकप में चुने जाने के पहले ही संकेत दे दिए थे : शिवम दुबे**

**चेन्नई।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम में चुने गये भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें इसके संकेत पहले ही दे दिए थे। शिवम दुबे ने कहा कि जब अफगानिस्तान के खिलाफ मेरा चयन हुआ था, तो रोहित (शर्मा) भाई ने मुझसे कहा था, 'तुम्हें गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों मिलेगी, बस हमें दिखाना कि तुम क्या कर सकते हो।' जब कप्तान स्वयं आपके पास आकर ऐसा कहता है तो आप भी अपने आपको खुलकर एक्सप्रेस करते हो। मुझे जब लग गया कि मैं खेल ही रहा हूं तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि मैं कैसे अच्छा प्रदर्शन करूं और अपनी टीम को जीत दिलाऊं।



# हैदराबाद को हराकर प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान

## सनराइजर्स हैदराबाद के सामने लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। कप्तान संजू सैमसन बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज, नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक शतक सहित बल्ले और कलाई के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल स्पिन का जाल बुन कुल 13 विकेट चटका राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शुरू के नौ मैचों में लगातार चार सहित कुल आठ मैच जिता भारत की अमेरिका और वेस्ट इंडीज में अगले महीने होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप टीम में में स्थान बना पक्का कर चुके हैं। संजू सैमसन व यशस्वी अब बल्ले और युजवेंद्र चहल अपनी स्पिन का कमाल जारी रखते हुए अब कुल आठ जीत और एक हार के साथ शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के रॉयल' प्रदर्शन को जारी रख उसे अपने दसवें मैच में बृहस्पवितार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ भी जीत दिला उसका सबसे पहले प्ले ऑफ में स्थान पक्का कराने के मकसद से उतरेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और दो हारे हैं। बीते बरस जरूर सनराइजर्स हैदराबाद ने जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से अंतिम गेंद पर मैच चार विकेट से जीता था। जीत से मौजूदा आईपीएल में आगाज करने वाले राजस्थान रॉयल्स लगातार चार मैच जीत के बाद अपना अब तक मैचों में एकमात्र पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस से अपने घर जयपुर में अंतिम गेंद पर तीन विकेट से हारी थी। अपने कप्तान संजू सैमसन के तीसरे और ध्रुव जुरैल के पहले अर्द्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने अपने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंटस को उसके घर लखनऊ में एक ओवर के बाकी रहते सात विकेट से हरा लगातार चौथी और कुल आठवीं जीत हासिल की थी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद लगातार तीन जीत के बाद अपने पिछले लगातार दो मैचों में पहले हैदराबाद में आरसीबी से 35 रन से और फिर अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन से हार कर राह भटक गई। अब सनराइजर्स हैदराबाद के सामने अपने घर में हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स को हरा उसके विजयरथ को रोक खुद लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती है। सनराइजर्स हैदराबाद फिलहाल नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ कुल दस अंक लेकर पांचवें स्थान पर चल रही है।

■ राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और दो हारे हैं





आईपीएल 2024

राजस्थान के लिए उसके कप्तान तीन अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे कप्तान संजू सैमसन (कुल 385 रन), रेयान पराग (कुल 332 रन), निराशाजनक ढंग से आगाज करने के बाद दो शतक जड़ रंग में लौटने वाले इंग्लैंड के जोस बटलर (कुल 319 रन), एक शतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल (कुल 249 रन) और पिछले मैच में लखनउ के खिलाफ पहले अर्द्धशतक जड़ सही वक्त पर लय पाने वाले ध्रुव जुरैल (कुल 102) के रूप में उसके शीर्ष क्रम को रोकना मेजबान सनराइजर्स हैदराबाद के मौजूदा सीजन के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज टी. नटराजन (कुल 13 विकेट), कप्तान पैट कमिंस (दस विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (पांच विकेट) की त्रिमूर्ति के लिए बड़ी चुनौती होगा। अपने गति परिवर्तन से नटराजन जरूर खास तौर पर राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम में संजू व पराग का इम्तिहान ले सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के बटलर और यशस्वी की सलामी जोड़ी जिस तरह दे दनादन क्रिकेट के मुताबिक पहली ही गेंद से दे दनादन कर रहे हैं उसके मद्देनजर यह सलामी जोड़ी शुरू से ही दे दनादन कर पहले बैटिंग पॉवरप्ले में ही मैच को सनराइजर्स हैदराबाद की पकड़ से बाहर कर सकती है।

एक शतक व दो अर्द्धशतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविज हेड (कुल 338 रन) और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके नौजवान भारतीय सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ( कुल 303रन), तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन (कुल 295 रन) तथा एक -एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले ऑलराउंडर शाहबाज अहमद (कुल 176 रन) और निशिथ रेड्डी (कुल 143 रन) के लिए खासतौर पर राजस्थान रॉयल्स के कलाई के चतुर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (कुल 13 विकेट) के साथ रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (कुल दस विकेट), आवेश खान (कुल नौ विकेट), नैंड्रे बर्गर (4 मैच, कुल छह विकेट ), कुलदीप सेन( 3 मैच, कुल छह विकेट) से पार पाना आसान नहीं होगा।

## पांड्या पर लगा 24 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ तय समय पर अपने ओवर पूरे नहीं किए। इसके चलते कप्तान हार्दिक पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मुंबई इंडियंस की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को लखनऊ के खिलाफ हार झेलनी वाली एमआई की पूरी टीम को जुर्माना भरना पड़ेगा। आईपीएल के बयान के मुताबिक मौजूदा सीजन में यह दूसरा मौका है जब एमआई को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। बीसीसीआई के बयान में कहा गया है,



आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए हार्दिक पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जो भी उनके अनुसार कम हो। एलएसजी के हाथों 4 विकेट से हार के बाद एमआई को 10 मैचों में सीजन की सातवीं हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार की हार के बाद एमआई की प्लेऑफ की संभावना बहुत कम है, भले ही वे अपने शेष सभी मैच जीत ले।

■ मुंबई इंडियंस की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं

## रिंकू को विश्व कप टीम में न चुने जाने पर रायुडू निराश

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने भारत की टी20 विश्व कप 2024 टीम से रिंकू सिंह को न चुने जाने पर असंतोष व्यक्त किया है, क्योंकि इसके बजाय बल्लेबाज को रिजर्व में सूचीबद्ध किया गया है। रायुडू ने दावा किया कि रवींद्र जडेजा के अलावा भारत के पास कोई भरोसेमंद फिनिशर नहीं है और रिंकू को टीम का हिस्सा बनना





चाहिए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, 38 वर्षीय ने सवाल किया कि क्या चुने गए खिलाड़ियों में से किसी ने पिछले दो वर्षों में टी20 क्रिकेट में महत्वपूर्ण 16वें और 17वें ओवर के दौरान उल्लेखनीय स्ट्राइक रेट के साथ आक्रामक बल्लेबाजी करने की क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है। रिंकू ने 15 टी-20 मैच खेले हैं और 176.24 के स्ट्राइक रेट और 89.0 के औसत और 69 के उच्चतम स्कोर के साथ 356 रन बनाए हैं।

## टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे राशिद खान

**काबुल,** 1 मई (एजेंसियां) अफगानिस्तान ने इस साल जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें राशिद खान टीम का नेतृत्व करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान ने 2022 संस्करण की तुलना में अपनी टीम में कुछ बदलाव किए हैं, जिसमें करीम जनत, मोहम्मद इशाक और नूर अहमद को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, हशमतुल्लाह शाहिदी, जिन्होंने पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान का नेतृत्व किया था, टीम का हिस्सा नहीं हैं, उनकी आखिरी टी20 उपस्थिति 2022 में थी। इस साल मार्च में आयरलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले युवा नांग्याल खरोती को भी टीम में जगह मिली है। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने उस श्रृंखला में तीन मैचों में केवल 5.90 की इकॉनमी से पांच विकेट लेकर प्रभावित किया। जगह पक्की करने वाले एक और युवा अफगान खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद इशाक हैं, जो 2020 और 2022 अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अफगानिस्तान की टीम का हिस्सा थे। मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नांग्याल खरोती और अनुभवी मोहम्मद नबी के सहयोग से राशिद स्पिन विभाग का नेतृत्व करेंगे। नवीन-उल-हक, फरीद अहमद और फजलहक फारूक ने अपना स्थान बरकरार रखा है और अफगानिस्तान की तेज गेंदबाजी लाइन-अप बनाई है। अफगानिस्तान टीम : रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नांग्याल खरोती, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल- हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक

रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी

टी20 विश्व कप





## भारतीय टीम 21 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 का लीग चरण समाप्त होने के अगले दिन 21 मई को भारतीय टीम टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका के लिए रवाना होगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, जो खिलाड़ी आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों का हिस्सा नहीं होंगे, वे पहले बैच के साथ यात्रा करेंगे। इस बैच में टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ के सभी सदस्य शामिल हैं। फिर, 26 मई को आईपीएल फाइनल के खत्म होने के बाद दूसरा बैच अमेरिका के लिए उड़ान भरेगा। टीम न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरेगी, जहां उसे तीन लीग मैच खेलने हैं। पहला मुकाबला 5 जून (बनाम आयरलैंड), दूसरा 9 जून (बनाम पाकिस्तान), तीसरा 12 जून को (बनाम मेजबान अमेरिका) के खिलाफ खेला जाएगा। प्रारंभिक योजना न्यूयॉर्क में एक शिविर लगाने की है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद मैनहट्टन से 30 किमी दूर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास सुविधाओं की व्यवस्था कर रही है।

## चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अस्ताना,** 1 मई, (एजेंसियां)। भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश : चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे। मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमश: 6 और 7 मई को खेला जाएगा।



आर्यन ने भारत को बेहतरीन शुरुआत दी

## पठान और कैफ ने टी-20 विश्व कप में रोहित के सलामी जोड़ीदार के लिए जायसवाल का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और मोहम्मद कैफ ने 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के कप्तान रोहित शर्मा के ओपनिंग पार्टनर बनने के लिए युवा यशस्वी जायसवाल का समर्थन किया है।

कोहली आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में रन-चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टी20 विश्व कप में भारत के लिए रोहित के साथ उनके ओपनिंग करने से टीमों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के स्पिनर की बराबरी हो सकती है। हालांकि, पठान को लगता है कि जायसवाल के रोहित के साथ ओपनिंग करने से भारत को टी20 विश्व कप में इस मुकाबले से निपटने में मदद मिलेगी। यह एक ऐसा प्रश्न है जो काफी समय से घूम रहा है। यह यशस्वी जायसवाल होना



चाहिए - चूंकि वह बाएं हाथ का खिलाड़ी है, इसलिए होता यह है कि गेंदबाजी के दृष्टिकोण से एक टीम बाएं हाथ के स्पिनर के साथ शुरुआत करेगी और जब ऐसा होता है, तो आप वास्तव में इन दो बल्लेबाजों को खेला सकते हैं। अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली ओपनिंग करते हैं, जैसा कि इस बारे में काफी चर्चा हो चुकी है, तो आप उन्हें एक निश्चित अवधि के लिए शांत रख सकते हैं। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के नवीनतम एपिसोड में एक सवाल का जवाब देते हुए पठान ने कहा कि यदि आप ऐसा करते हैं, तो खेल खत्म हो जाता है, खासकर शुरुआत में और यहीं पर यशस्वी जायसवाल के रूप में बाएं हाथ का बल्लेबाज तस्वीर में आता है। वह आक्रामक है और बाएं हाथ के स्पिनर के खतरे का भी सामना करेगा। इसलिए, मुझे लगता है कि यशस्वी को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करनी चाहिए।



## नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

**मैड्रिड,** 1 मई (एजेंसियां)। राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला। एक जीत का मतलब मैड्रिड में स्पैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, %10, %13-%14 और %17 में उनके पांच खिताबों को चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा कि यह मेरे लिए बहुत खास सप्ताह रहा है, कई मायनों में बहुत सकारात्मक, व्यक्तिगत रूप से और मेरे टेनिस के लिए। मुझे फिर से कोर्ट पर खेलने का मौका मिला। कुछ हफ्ते पहले, बार्सिलोना से दो दिन पहले, मुझे नहीं पता था कि मैं फिर से एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करूंगा और मैंने अब तक दो सप्ताह तक खेला है, यह अविस्मरणीय है। केवल एक चीज जो मैं कह सकता हूं वह है धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है जो तब शुरू हुई जब मैं छोटा था। मैं पहली बार 2003 में मैड्रिड आया था, जब टूर्नामेंट इंडोर खेला गया था। मैं पहली बार प्रतिस्पर्धी महसूस करते हुए 2005 में यहां आया था। यह मेरे करियर की सबसे रोमांचक जीतों में से एक थी। तब से, हर किसी से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है। मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता।

एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट

### जोकोविच ने लंबे समय के फिटनेस कोच मार्को पैनिची का साथ छोड़ा

**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच ने घोषणा की है कि वह फिटनेस कोच मार्को पैनिची से अलग हो गए हैं, जो मार्च में पूर्व कोच गोरान इवानिसेविच से अलग होने के बाद उनकी सहयोगी टीम में नए बदलाव हैं। पिछले सात वर्षों से, 36 वर्षीय मार्को पैनिची के साथ सहयोग कर रहे हैं, लेकिन अब वे एक नए रास्ते पर चलने के लिए तैयार हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में नोवाक जोकोविच ने मार्को पैनिची को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, मार्को, हमने कितने अद्भुत वर्षों का आनंद लिया है। हम शिखर पर पहुंचे, खिताब जीते, रिकॉर्ड तोड़े। लेकिन सबसे बढ़कर मैंने जिम के अंदर और बाहर प्रशिक्षण के हमारे सबसे सामान्य दिनों का आनंद लिया। पिछले महीने जोकोविच ने घोषणा की थी कि वह कोच इवानिसेविच से अलग हो गए हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते 2023 सीज़न के बाद रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जिसमें उन्होंने चार में से तीन मेजर और निट्टो एटीपी फाइनल्स जीते। इस सीजन में सर्बियाई खिलाड़ी का स्कोर 11-4 है और उसने हाल ही में मोंटे-कार्लो में प्रतिस्पर्धा की थी, जहां वह सेमीफाइनल में पहुंचा था। अपने कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करने के लिए उन्होंने मैड्रिड मास्टर्स 1000 से अपना नाम वापस ले लिया।

## सार संक्षेप

### श्रीलंकाई गेंदबाजों को ट्रेनिंग देंगे वसीम अकरम

**कोलंबो।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंकाई गेंदबाजों को पाकिस्तान क्रिकेट के दिग्गज वसीम अकरम द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने घोषणा की कि पूर्व तेज गेंदबाज राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बुधवार को श्रीलंका पहुंचे। गुरुवार से शुरू होने वाले अपने कोचिंग सत्र के दौरान, अकरम एसएलसी हाई परफॉर्मेंस कोच (एचपीसी) और प्रमुख क्लबों के कोचों को भी प्रशिक्षित करेंगे। एसएलसी ने कहा कि कुल मिलाकर, अकरम एसएलसी पेस अकादमी, एचपीसी और प्रमुख क्लब कोचों को कवर करते हुए पांच सत्र आयोजित करेंगे। वह आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका के राष्ट्रीय खिलाड़ियों की तैयारी का भी निरीक्षण करेंगे। बोर्ड ने कहा कि यह कार्यक्रम देश में एसएलसी उच्च प्रदर्शन केंद्र और प्रमुख क्लब प्रणाली की कोचिंग ताकत को बढ़ाने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता लाने के लिए श्रीलंका क्रिकेट की पहल को चिह्नित करेगा।

### आकिब करेंगे ओमान टी-20 विश्व कप टीम की कप्तानी

**मस्कट।** बल्लेबाजी ऑलराउंडर आकिब इलियास को 1 जून से शुरू होने वाले आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए ओमान को नियुक्त किया गया है। टीम की घोषणा में कप्तान के रूप में इलियास का नाम घोषित किया गया, जबकि पूर्व कप्तान जीशान मकसूद ने समूह में अपना स्थान बनाए रखा। 36 वर्षीय ने 2016 में ओमान के टी20 विश्व कप की शुरुआत में सुल्तान अहमद के डिप्टी थे और 2021 संस्करण में टीम का नेतृत्व किया, जिसकी उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के साथ सह-मेजबानी की थी। आईसीसी ने आकिब के हवाले से कहा कि मैं कप्तानी सौंपे जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक बड़ी ज़िम्मेदारी है, और मेरा लक्ष्य टीम को कई जीत दिलाना है। हम विश्व कप के लिए कड़ी तैयारी कर रहे हैं, और हाल ही में एसीसी प्रीमियर कप ने हमें अमूल्य तैयारी प्रदान की है।

### चेन्नईयिन एफसी ने गोलकीपर समिक का अनुबंध 2027 तक बढ़ाया

**चेन्नई।** गोलकीपर समिक मित्रा ने चेन्नईयिन एफसी के साथ एक अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं, जो उन्हें 2027 तक क्लब में बनाए रखेगा, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मित्रा 2020 में इंडियन एरो से मरीना मचान्स में शामिल हुए और उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में टीम के लिए कुल 22 मैच खेले हैं, जिसमें तीन मैचों में क्लीन शीट बरकरार रखी है। सिलीगुड़ी का 23 वर्षीय गोलकीपर पोस्ट के बीच एक ताकतवर खिलाड़ी बन गया है और उसने कई मौकों पर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।